


# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार


**लोकतंत्र का महापर्व** | **झारखंड में पहले चरण के लिए वोटिंग आज**

# खूंटी, लोहरदगा, पलामू और सिंहभूम में मतदान

शुभम किशोर/ रवि भारती। रांची


लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार को चौथे चरण का वोट होना है. झारखंड में चौथे चरण में लोहरदगा, खूंटी, पलामू और सिंहभूम सीटों पर मतदान होना है. इन चार सीटों के लिए 7595 मतदान केंद्र बनाए गए है. जिसमें से 639 शहरी तथा 6956 ग्रामीण क्षेत्र में बूथ हैं. चारों सीटों में 30 हजार 380 मतदानकर्मियों पर चुनाव की जिम्मेदारी है. इस बार सभी बूथ को मॉडल बूथ की तरह बनाया गया है. इनमें 23 बूथ को यूनीक बूथ हैं. इसमें से 519 पोलिंग स्टेशन महिलाओं के द्वारा संचालित होंगे. साथ ही 14 बूथ पर पीडब्ल्यूडी कर्मी रहेंगे. इन बूथों से वेब कास्टिंग के जरिए चुनाव आयोग के द्वारा वोट पर नजर रखी जाएगी. चुनाव आयोग के द्वारा इन केंद्रों पर सुरक्षा बल, मतदान कर्मी, सुरक्षा बल और चुनाव संबंधित सामग्री भेजे जा चुके हैं.

इन चारों सीटों में राज्य के 10 जिले और 23 विधानसभा क्षेत्र आते हैं. इन चार लोकसभा से 45 प्रत्याशी मैदान में है. सिंहभूम से 14, लोहरदगा से 15, पलामू से 9 और खूंटी से 7 प्रत्याशी हैं. चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक चौथे चरण में झारखंड के 64 लाख 37 हजार 460 मतदाता भागीदारी निभाएंगे. जिसमें 32 लाख 29 हजार 480 पुरुष और 32 लाख 07 हजार 938 महिला मतदाता हैं. सबसे अधिक मतदाता पलामू में 22 लाख 38 हजार 460 है. वहीं लोहरदगा में 14 लाख 36 हजार 351, सिंहभूम में 14 लाख 41 हजार 841 और खूंटी में 13 लाख 20 हजार 808 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे. वोटर टर्नआउट एप के जरिए हर 2 घंटे के अंतराल पर वोटिंग प्रतिशत की जानकारी मिल सकती है. सुबह 7 बजे से मतदान शुरू होने के बाद, उसके ढाई घंटे बाद 9:30 बजे ऐप पर प्रथम 2 घंटे पहले तक का मतदान की स्थिति सार्वजनिक की जाएगी. उसके बाद हर 2 घंटे पर शाम 7 बजे तक वोट प्रतिशत जारी किया जाएगा. उसके बाद रात 12 बजे क्लोजअप पोल डेटा इस ऐप पर दिखने लगेगा. अगले दिन स्क्रूटनी के बाद रात 12 बजे तक फाइनल डेटा ऐप पर दिखेगा.

**सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक पड़ेंगे वोट**

उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने इस संबंध में रविवार को निर्वाचन सदन में प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि पोलिंग पार्टी और सुरक्षा बलों की रवानगी की जीपीएस और ऐप के जरिए मॉनिटरिंग की जा रही है. किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए एयर एंबुलेंस की भी व्यवस्था की गयी है. उसे जमशेदपुर एयरपोर्ट पर तैयार रखा गया है.

## सभी चुनें, सही चुनें




**कुल सीट - 4**

**कुल मतदाता - 64,58,036**

**पुरुष मतदाता** 32,38,955 | **महिला मतदाता** 32,19,039

**फर्स्ट टाइम वोटर - 2,48,767**

- 100+ वोटर - 481
- पोलिंग स्टेशन - 7595
- बैलेट यूनिट - 9114
- कंट्रोल यूनिट - 9114
- वीवी पैट - 9874
- मतदान कर्मी - 30380



## इन प्रत्याशियों पर नजर



चार सीटों 45 प्रत्याशी मैदान में है. लेकिन 11 पर सबकी नजर रहेगी. जिसमे सिंहभूम से जेएमएम प्रत्याशी जोबा माझी, बीजेपी से गीता कोड़ा है. वहीं खूंटी से बीजेपी प्रत्याशी अर्जुन मुंडा, भारत आदिवासी पार्टी की बबिता कच्छप और कांग्रेस के काली चरण मुंडा हैं. लोहरदगा से बीजेपी के समीर उरांव, कांग्रेस के सुखदेव भगत और निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा पर लोगों की नजर रहेगी. वहीं पलामू से बीजेपी प्रत्याशी विष्णु दयाल राम, आरजेडी से ममता भुइंया और बहुजन समाज पार्टी के कामेश्वर बैठा पर नजर रहेगी.



**ड्यूटी के साथ मां का फर्ज**



## कहां कितने केंद्र

सिंहभूम क्षेत्र में 1715 मतदान केंद्र बनाए गए हैं. जिसमे 250 शहरी, 1454 ग्रामीण क्षेत्र में है. खूंटी लोकसभा क्षेत्र में 1705 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें मात्र 83 शहरी क्षेत्र में हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्र में 1622 मतदान केंद्र हैं. लोहरदगा में 1748 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें शहरी क्षेत्र में मात्र 76 मतदान केंद्र हैं. वहीं पलामू लोकसभा में 2427 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 230 शहरी क्षेत्र में और 2197 ग्रामीण क्षेत्र में हैं.

### हेलीकॉप्टर से पहुंचाए गये 161 बूथों के कर्मी

लोकसभा चुनाव के दौरान जमशेदपुर में 1 एयर एंबुलेंस तैनात है. जिसका जरूरत के अनुसार उपयोग किया जाएगा. वहीं हेलीड्रोपिंग के जरिए 161 मतदान केंद्र पर मतदान कर्मी पहुंचाए गए. जिसमे सिंहभूम लोकसभा में 126, लोहरदगा में 27 और पलामू में 8 केंद्रों पर हेलीड्रोपिंग की गई.

## चौथा चरण : 10 राज्यों की 96 सीटों पर मतदान आज

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए सोमवार को वोटिंग होगी. इस चरण में 10 राज्यों की 96 सीटों पर वोटिंग होनी है. इस चरण में आंध्र की सभी 25 सीटों के साथ तेलंगाना की भी 17 सीटों पर चुनाव होना है. इसके अलवा यूपी की 11, महाराष्ट्र की 11, एमपी और बंगाल की 8-8, बिहार की 5, ओडिशा और झारखंड की 4-4 और जम्मू-कश्मीर की एक सीट शामिल है. चौथे चरण के साथ ही 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदान प्रक्रिया पूरी हो जाएगी. 381 सीटों पर मतदान संपन्न हो जाएगा. आंध्र में विस चुनाव भी सोमवार को होना है. चौथे चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में कन्नौज से अखिलेश यादव, श्रीनगर से उमर अब्दुल्ला, बेगूसराय से गिरिराज सिंह, बहरामपुर से अधीर रंजन, आसनसोल से शत्रुघ्न सिन्हा, हैदराबाद से असदुद्दीन ओवैसी और कडप्पा से वाईएस शर्मिला आदि शामिल हैं.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 68,200 |
| चांदी (किलो) | 86,000 |

### ब्रीफ खबरें

**हजारीबाग व चतरा में खरगे की सभा आज**

**रांची।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सोमवार को झारखंड आएंगे. वे सुबह 9.30 बजे रांची एयरपोर्ट पर उतरेंगे. इसके बाद हजारीबाग में 10 बजे कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल के पक्ष में सभा को संबोधित करेंगे. इसके बाद वे चतरा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में लातेहार के कुंदरी मैदान में दिन के 12 बजे चुनावी सभा को संबोधित करेंगे.

**बदरीनाथ धाम के भी कपाट खुले**

**देहरादून।** उत्तराखंड में स्थित विश्व प्रसिद्ध बदरीनाथ धाम के कपाट छह माह बंद रहने के बाद रविवार सुबह श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए और इसी के साथ चारों धामों की यात्रा शुरू हो गयी. गढ़वाल हिमालय के चारधाम के नाम से मशहूर अन्य तीन धाम- केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट अक्षय तृतीया के पर्व पर शुक्रवार को ही खोल दिए गए थे.

# मंत्री आलमगीर आलम को ईडी का समन

## 14 मई को पूछताछ के लिए उपस्थित होने के लिए बुलाया

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को ईडी ने रविवार को समन भेजा है. ईडी ने समन भेजकर आलमगीर आलम को 14 मई को ईडी के जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है. गौरतलब है की ईडी ने बीते पांच मई को टेंडर कमीशन घोटाले मामले को लेकर आलमगीर के आप्त सचिव संजीव लाल समेत छह लोगों के कुल नौ ठिकाने पर छापेमारी की थी. इस दौरान ईडी ने संजीव लाल और बिल्डर मुन्ना सिंह के ठिकाने से कुल 35.23 करोड़ रुपए बरामद किये थे. इस मामले में ईडी ने कार्रवाई करते हुए पांच मई की देर रात को आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव लाल और उनके सहायक जहांगीर आलम को गिरफ्तार किया था. जिसके बाद ईडी ने दोनों को कोर्ट में पेश कर 13 मई तक रिमांड पर लिया है.

**संजीव को लेकर मंत्रालय पहुंची था ईडी, कैश हुआ था बरामद :** बता दें कि मंत्री आलमगीर के आप्त सचिव संजीव लाल को लेकर ईडी की टीम सात मई की दोपहर झारखंड मंत्रालय जांच के लिए पहुंची थी. जहां ग्रामीण विकास विभाग के कार्यालय स्थित संजीव लाल के चैंबर में ईडी ने तलाशी ली और कई कागजात की जांच की. तलाशी के दौरान ईडी को एक ड्रॉवर से करीब दो लाख रुपया मिला था. ईडी को जानकारी मिली है कि झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग में भ्रष्टाचार और ठेकों से कमीशन के नाम पर उगाही का पैसा संजीव लाल तक पहुंचता था. पैसों की उगाही के लिए वह विभाग के इंजीनियरों व कुछ प्राइवेट लोगों का इस्तेमाल किया करता था. ईडी ने कोर्ट को भी बताया है कि झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के निचले अधिकारियों से लेकर उच्च पदस्थ पदाधिकारियों का नेक्सस पूरे करप्शन में शामिल है. अफसर-नेताओं तक करोड़ों रुपए पहुंचा. इन सभी को कैश में काफी बड़ी मात्रा में पैसे पहुंचाए जाने की बात शुरुआती जांच में सामने आयी है.

### राजनेताओं और अफसरों का कमीशन 1.5%



ईडी ने जांच में पाया है कि विभागीय ठेकों में कुल 3.2 प्रतिशत की उगाही होती थी. इसमें 1.5 प्रतिशत का कमीशन कट मनी के तौर पर बड़े राजनेता और विभाग के बड़े अधिकारियों तक जाती थी. जांच में यह बात सामने आयी है कि संजीव लाल की देखरेख में कमीशन का कलेक्शन प्रभावशाली लोगों तक जाता था. टेंडर मैनेज करने और कमीशन की उगाही तक में इंजीनियरों के सिंडिकेट के साथ मिलकर रकम की उगाही होती थी. इसके बाद तय परसेंटेज सरकार के उच्च पदस्थ लोगों तक पहुंचायी जाती थी. जांच में कुछ आईएएस अधिकारियों व नेताओं की भूमिका बड़े संदिग्ध के तौर पर उभरी है.

### छवि खराब करने की कोशिश : मंत्री

ईडी द्वारा समन जारी करने के बाद कांग्रेस नेता आलमगीर ने कहा कि ईडी के समन के मद्देनजर समय पर जवाब देंगे. उन्होंने कहा कि उन्हें ईडी का समन मिला है. दावा किया कि मेरे चरित्र से क्षेत्र के लोगों के साथ-साथ विरोधी दलों के नेता भी वाकिफ हैं. पीएस और उसके नौकर के यहां से करोड़ों रुपए ईडी को मिले हैं और ऐसे में यह स्वाभाविक है कि ईडी मुझे पूछताछ के लिए तलब करेगा. उन्होंने यह भी कहा अभी उनके पास दो दिन का समय है. वे आवश्यक कागजात तैयार करेंगे.

## हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

**अंतरिम जमानत पर टिकी हैं निगाहें**

**रांची/दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की एक याचिका पर सुनवाई करेगा. जिसमें भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है. न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ याचिका पर सुनवाई करेगी, जिसमें उन्होंने हाईकोर्ट द्वारा उनकी याचिका खारिज किए जाने के तीन मई के आदेश को चुनौती दी है. कि दिल्ली के सीएम केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए 21 दिन की अंतरिम जमानत देने के बाद सबकी नजरें सोमवार की सुनवाई पर टिकी हैं. उम्मीद है कि कोर्ट हेमंत सोरेन को भी चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दे सकता है. कोर्ट ने सोरेन की ओर से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ताओं- कपिल सिब्बल तथा अरुणाभ चौधरी से कहा, यह बेकार हो गई है. वकील प्रज्ञा बघेल के जरिए दायर अपील में सोरेन ने कहा कि हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी के खिलाफ उनकी याचिका खारिज करने में त्रुटि की थी. हाईकोर्ट ने धनशोधन मामले में तीन मई को सोरेन की याचिका खारिज कर दी थी और उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था. सोरेन को झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद 31 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार कर लिया था. इस समय वह न्यायिक हिरासत में रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद हैं.

### चुनावी समर 2024

**पीएम मोदी ने साधा टीएमसी पर निशाना, कहा**

## जयश्री राम बोलने पर भी मिलेगी धमकी



**कोलकाता।** बंगाल की जनसभा में पीएम नरेंद्र मोदी ने टीएमसी पर खूब निशाना साधा. कहा, टीएमसी शासन में हिंदुओं को दोयम दर्जे का नागरिक बना दिया गया. मोदी ने कहा, लोगों के उत्साही चेहरे उन्हें बताते हैं कि भाजपा को 2019 से भी ज्यादा जनादेश मिलेगा. बंगाल कह रहा, फिर एक बार, मोदी सरकार! उन्होंने कहा कि टीएमसी ने बम बनाने को बंगाल में कुटीर उद्योग बना दिया है. जब लोग जय श्रीराम कहते हैं, तो टीएमसी उन्हें धमकी देती है. जय श्रीराम बोलने की टीएमसी लोगों को अनुमति नहीं देती है. ये लोग राम के विरोधी हैं.

**राहुल गांधी ने मोदी पर कसा तंज**

## वो गिनें नोट, हम करेंगे जातिगत गिनती

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक्स पर एक वीडियो डालकर भाजपा पर तंज किया है. लिखा है, वो 10 साल से टेंपो वाले अरबपतियों से मिले नोटों की गिनती कर रहे हैं, हम जातिगत गिनती से देश का एक्सरे कर, हर वर्ग की हिस्सेदारी पक्की करेंगे. वीडियो में मोदी के रूप में एक कलाकार को दिखाया गया है, जो प्रचार के लिए लोगों के बीच गया है. लोग उसे कुर्सी बैठने के लिए देते हैं. इस पर पीएम के रोल वाला शख्स कहता है. गिनती तो करो. फिर लोग जवाब देते हैं, वही तो, अंकल गिनती तो करो. वीडियो में कांग्रेस ने जातिगत गिनती की बात की है.



**बातचीत** अर्थशास्त्री परकला प्रभाकर ने कहा- मोदी का तीसरा कार्यकाल होगा 'विनाशक'

# पीएम मोदी तानाशाह, छलावा है भाजपा का ऑर्थिक मॉडल

**देश के जाने-माने अर्थशास्त्री और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पति डॉ. परकला प्रभाकर ने एक राष्ट्रीय न्यूज चैनल के स्थानीय रिपोर्टर को दिए इंटरव्यू में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि अगर मोदी सरकार एक बार फिर आती है, तो देश में स्वतंत्र तरीके से चुनाव नहीं होंगे. मोदी का तीसरा कार्यकाल देश के लिए विनाशक होगा.**

शुभम संदेश नेटवर्क

देश में चुनावों की प्रक्रिया चल रही है. सात चरणों के मतदान में तीन चरणों का वोट संपन्न हो चुका है. चौथे चरण के लिए सोमवार को 12 राज्यों में वोट पड़ेंगे. देश के राजनीतिक अर्थशास्त्री डॉ. परकला प्रभाकर ने मोदी सरकार और 18वीं लोकसभा चुनाव के बारे में खुल कर बातें की हैं.

प्रभाकर ने पीएम मोदी और भाजपा सरकार पर सवालों का जवाब दिया. मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यदि भाजपा तीसरी बार सत्ता में आती है, तो यह आपदा से कम नहीं होगा. प्रभाकर ने



मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार फिर आती है, तो देश में स्वतंत्र चुनाव नहीं होंगे. उन्होंने पीएम मोदी को तानाशाह करार देते हुए कहा कि अगर भाजपा जीत जाती है तो मुझे लगता है कि आगे चुनावों में हमारे पास रूस व उत्तर कोरिया जैसे चुनाव परिणाम होंगे, जहां सत्तारूढ़ दल को 95% वोट मिलते हैं.- शेष पेज 11पर

### 230 सीट पार नहीं करेगी भाजपा

इस सवाल पर संदेह व्यक्त करते हुए परकला ने भविष्यवाणी की कि इस चुनाव में भाजपा 220-230 सीटों के आंकड़े को पार नहीं कर पाएगी. इसी भविष्यवाणी के बाद वो कहते हैं, मोदी के शासन में, भारतीय अर्थव्यवस्था आजादी से पहले के स्तर पर पहुंच गई है. सरकार ने वादा किया था कि वह देश के अर्थव्यवस्था को समृद्धि करेंगे. लेकिन, उन्होंने इस वादे को पूरा नहीं किया.

### इलेक्टोरल बॉण्डः दुनिया का सबसे बड़ा स्कैम

प्रभाकर ने चुनावी बांड योजना को दुनिया का सबसे बड़ा घोटाला करार दिया. कहा, ऐसा लगता है कि सरकार जानबूझ कर उद्योगपतियों को धमका रही थी और चुनावी बॉण्ड के जरिए पैसे वसूल रही थी. अर्थशास्त्री ने चुनावी बॉण्ड पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सरकार की प्रतिक्रिया पर निराशा व्यक्त की. उन्होंने कहा, इस सरकार को चुनावी बॉण्ड पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर शर्म आनी चाहिए. उन्होंने कहा, अगर उनमें ईमानदारी है, तो उन्हें सरकार छोड़ देनी चाहिए.

**जान से मारने की धमकी** प्रभाकर ने खुलासा किया कि मोदी के खिलाफ बोलने पर उन्हें जान से मारने की धमकी वाले कॉल मिलते हैं. गुजरात में एक मीटिंग के दौरान हुई तमाम दिक्कतों की कहानी सुनाते हुए कहा, मेरे शुभचिंतकों ने सुझाव दिया था कि मैं गुजरात न आऊं क्योंकि उन्हें पता चला था कि मुझ पर हमला हो सकता है. फिर भी मैंने गुजरात की यात्रा रद्द नहीं की. और मोदी शासन के खिलाफ बात भी की.

**केजरीवाल ने दी 10 गारंटी, बिजली-पानी फ्री होगा, दो करोड़ नौकरियां देंगे**

# चीन से वापस लेंगे अपनी जमीन

एजेंसी। नयी दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पीएम नरेंद्र मोदी पर फिर निशाना साधा और मोदी की गारंटी के सामने केजरीवाल की गारंटी रख दी. उन्होंने देश को 10 गारंटियां दी हैं, जो इंडिया गठबंधन की सरकार आने पर पूरी की जाएंगी. इसमेंदेश को 24 घंटे फ्री बिजली, बच्चों के लिए अच्छी और फ्री शिक्षा का इंतजाम और सभी के लिए अच्छे इलाज का इंतजाम शामिल हैं. केजरीवाल ने कहा, वह पूरी तैयारी करके आए हैं क्योंकि केजरीवाल की गारंटी एक ब्रांड है. उन्होंनेकहा, हम लोकसभा चुनाव के लिए केजरीवाल की 10 गारंटी का ऐलान करने जा रहे हैं. मेरी गिरफ़्तारी के कारण इसमें देरी हुई, लेकिन अभी भी कई चरण के चुनाव बाकी हैं. -शेष पेज 11 पर

### केजरीवाल की 10 गारंटी



1. देश को फ्री बिजली देंगे. गरीबों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली. इसमें 1.25 लाख करोड़ खर्च होंगे.
2. सरकारी स्कूल में निजी स्कूलों से बेहतर शिक्षा देंगे. इस पर 5 लाख करोड़ खर्च होंगे. आधी राशि राज्य सरकारें और आधा केंद्र देगा.
3. हर नागरिक को मुफ्त इलाज देंगे और सरकारी अस्पतालों की हालत दुरुस्त करेंगे. हर जिले में सरकारी अस्पताल भी बनाए जाएंगे.
4. अग्निवीर योजना बंद करेंगे और अग्निवीरों की नौकरी पक्की देंगे.
5. दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलवाएंगे.
6. एक साल के अंदर 2 करोड़ रोजगार का इंतजाम किया जाएगा.
7. दिल्ली और पंजाब की तरह सही मायने में भ्रष्टाचार पर प्रहार होगा.
8. जीएसटी को पीएमएलए से बाहर किया जाएगा और ऐसी व्यवस्था की जाएगी जिससे व्यापारी खुलकर व्यापार कर सकें. सभी कानूनों का सरलीकरण किया जाएगा.
9. देश की जितनी जमीन पर चीन ने कब्जा किया है, उसे वापस लिया जाएगा. इसके लिए सेना को पूरी स्वतंत्रता दी जाएगी.
10. किसानों को स्वामिनाथन आयोग के मुताबिक सभी फसलों पर एमएसपी निर्धारित कर पूरे दाम दिए जाएंगे.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** चतुर्थ चंद्रमा केमद्रुम दोष से पीड़ित हैं. क्रोध में वृद्धि हो सकती है. बेकार की बहस से बचें. मातृ-सुख में कमी होगी. कार्यस्थल पर जो लोग आपको पसंद नहीं करते थे, वे आपके कार्यों की तारीफ करेंगे. मंदिर में जल का दान करें.

**वृषभ** समय उत्तम फल प्रदान करेगा. भाई का सहयोग प्राप्त होगा. साथ ही पराक्रम में वृद्धि होगी. मानसिक उलझन होगा. आपके अपनों को आपकी जरूरत है. अपनों के साथ मौज मस्ती पर खर्च होगा. पिता के व्यवहार में परिवर्तन से चिंतित रहेंगे.

**मिथुन** दिन उत्तम है. किया गया कार्य लाभ देगा. मानसिकता को बदलने की बेहद जरूरत है. उन्नति में बाधा आयेगी. कोई खुशखबरी सुन सकते हैं. की गयी छोटी यात्रा सुखद रहेगी. विष्णु भगवान का ध्यान पूजन करें.

**कर्क** लग्न में चन्द्र है. समय उत्तम है. किसी की सिफारिश से कार्य हो सकता है. संचित धन का निवेश लाभप्रद रहेगा. किसी के बहकावे में आने से रिश्ते कमजोर होंगे. अपनों का ध्यान रखें. संतान सुख की प्राप्ति संभव. शिवलिंग पर अभिषेक करें.

**सिंह** किसी धार्मिक यात्रा का योग है. दिन की शुरुआत खर्च के साथ होगी. किसी विषय को समझने की जिज्ञासा रहेगी. अपने अधीनस्थों के किये कार्यों की सराहना करें, लाभ होगा. विष्णु भगवान का ध्यान पूजन करें.

**कन्या** आय के लिए दिन अच्छा है. समय बहुत ही उत्तम है. आय भाव में चन्द्र है. कुछ नया सीखने को मिलेगा. जिंदगी से जुडी निजी बातें आज सामने आ सकती हैं. नौकरी में उत्साह की कमी रहेगी. कोई बड़ा कार्य होने से मन खुश होगा.

**तुला** पिता के कार्य से लाभ होगा. आप कर्म प्रधान हैं. प्रतियोगिता में सफल होंगे. जीवनसाथी के साथ मतभेद संभव है. अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहें. मनचाहा जवाब न मिलने से निराश रहेंगे. किसी शिव मंदिर में अन्न का दान करें.

**वृश्चिक** ससुराल से कोई शुभ समाचार मिलेगा. भाग्य साथ है. पर स्वयं अपने आप पर से नियंत्रण खो देंगे. आपके किसी गलत व्यवहार से मित्रों से मतभेद हो सकते हैं. कार्य स्थल पर धन लाभ के योग है. इष्ट बल मजबूत करें. जल का दान पक्षियों को करें.

**धनु** समय थोड़ा उलझन वाला होगा. अपने प्रोफेशन से आप नाखुश हैं, समय के साथ स्थिति आपके अनुकूल बनेगी. जीवनसाथी का व्यवहार मनोबल बढ़ाएगा. कर्ज लेने की स्थिति निर्मित हो सकती है. गो सेवा से लाभ होगा.

**मकर** जरूरत मंद लोगों की मदद करें. मांगलिक कार्यक्रमों की रूप रेखा बनेगी. राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे. यदि बहुत जरूरी हो तो यात्रा करें. पैसों का लेन देन संभव. खान पान पर ध्यान दें. स्वास्थ्य बिगड़ सकता है.

**कुंभ** घरेलू कार्यों में व्यस्त रहेंगे. विद्यार्थी परिणामों को लेकर चिंतित रहेंगे. मेहमानों का आगमन हो सकता है. जमीन जायदाद के मसले निपटेंगे. धन कमाने की चाह में कोई गलत फैसले न लें. शनि का वस्तु का दान करें.

**मीन** संतान के कर्म से लाभ होगा. धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी. लोगों से प्रोत्साहन मिलेगा. पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे. मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा. बुरी संगत छोड़ दें, अन्यथा नुकसान होगा. पीली वस्तु का दान करें.

## राजद ने रांची लोस में चुनाव प्रचार के लिए बनायी 55 सदस्यीय टीम



विशेष संवाददाता। रांची

▪ विधानसभावार नुक्कड़ सभा करेंगे चुनाव अभियान समिति के मनोनीत सदस्य

रांची लोकसभा चुनाव अभियान समिति की बैठक रांची संसदीय क्षेत्र के संयोजक राजेश यादव के अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में निर्णय लिया गया कि रांची लोकसभा चुनाव अभियान समिति के मनोनीत सदस्य रांची लोकसभा से इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में लोकसभा के सभी छह विधानसभा में आमसभा, नुक्कड़ सभा और रोड शो करेंगे. मुख्य संयोजक गौतम सागर राणा ने कहा कि यशस्विनी सहाय को राजद प्रत्याशी समझ कर सहयोग करने की जरूरत है. इसी फॉर्मूले पर सभी साथियों को चुनाव में काम करने का संकल्प लिया जाना चाहिए. राणा ने कहा कि राजद प्रमुख लालू यादव ने राज्य में चुनाव अभियान समिति का संयोजक बनाकर मुझे बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है. राजेश यादव ने कहा कि जल्द ही कार्यक्रम की तिथि तय कर प्रत्याशी को सूचित कर दिया जाएगा.

**इन्हें मिली विधानसभा स्तर पर जिम्मेवारी :** हटिया विधानसभा में कैलाश यादव और नंदन यादव के नेतृत्व में आमसभा और नुक्कड़ सभा की जाएगी. रांची विस क्षेत्र के चुटिया में मनोज पांडेय, आबिद अली व अन्य द्वारा सभी की जाएगी. बैठक में मीडिया प्रभारी सह महासचिव कैलाश यादव, आबिद अली, मनोज पांडेय, सदाकत अंसारी, मदन यादव, रामकुमार यादव, संजय टाइगर, सुधीर गोप, मोहर सिंह यादव, अर्जुन यादव, चंद्रशेखर भगत, साजिद आलम,जसीम अख्तर, चंद्रिका यादव, शौकत अंसारी, अभिषेक बिट्टू, इरफान अंसारी, मनोज अग्रवाल, सुग्रीव यादव, सुनील ठाकुर, मैनेजर राय, राम इकबाल चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद थे.

**चतरा लोकसभा :** केएन त्रिपाठी को राजद, कांग्रेस व झामुमो के स्थानीय कार्यकर्ताओं का खुले मन से नहीं मिल रहा है समर्थन

# बाहरी-भीतरी के इश्यू से जूझ रहे त्रिपाठी, कालीचरण को अपनों से ही खतरा

▪ त्रिपाठी को प्रत्याशी बनाये जाने से नाराज हैं राजद नेता-कार्यकर्ता

▪ सीटिंग एमपी का टिकट काट भाजपा ने कालीचरण को दिया है मौका

कौशल आनंद। रांची

कभी भाजपा जिस इश्यू से जूझ रही थी, उसी इश्यू से पूर्व मंत्री और चतरा से कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को जूझना पड़ रहा है. जिस दिन से केएन त्रिपाठी को कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया गया, उसी दिन से उनकी मुसीबत शुरू हो गयी है. उन्हें चतरा में 'बाहरी-भीतरी' के इश्यू से रू-ब-रू होना पड़ रहा है. डालटनगंज निवासी केएन त्रिपाठी को चतरा से प्रत्याशी बनाये जाने पर सबसे अधिक नाराजगी राजद के नेता व कायकर्ताओं में हैं.

नाराजगी इस कदर है कि रांची में झामुमो द्वारा आयोजित उलगुलान न्याय महारैली के समापन पर त्रिपाठी और राजद समर्थकों के बीच जमकर मारपीट हुई थी. किसी तरह पुलिस की मदद से दोनों गुट को समझा-बुझा कर झगड़ा को खत्म कराया गया था, नहीं तो रैली स्थल रणक्षेत्र बन जाता. हालांकि झामुमो ने इसे भाजपा की साजिश करार दिया था. बता दें कि चतरा सीट पर 25 मई को मतदान होना है. यहां से कुल 22 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं.

**सामान्य सीट में भूमिहार व ब्राह्मण के बीच कड़ा मुकाबला :** चतरा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह भूमिहार जाति से आते हैं. भाजपा ने इस बार झारखंड में किसी भी लोकसभा सीट से राजपूत को नहीं उतारा है. ऊपर से राष्ट्रीय स्तर पर राजपूत जाति का भाजपा के प्रति गुस्सा अलग है. इसलिए इस मुद्दे से पार पाना कालीचरण सिंह के लिए आसान नहीं होगा. अगर कांग्रेस प्रत्याशी की बात करें, तो केएन त्रिपाठी ब्राह्मण जाति से आते हैं. इसलिए इस बार यहां का मुकाबला भूमिहार और ब्राह्मण जाति के बीच है. इन दोनों में कौन बाजी मारता है, यह तो 4 जून को ही पता चलेगा.



केएन त्रिपाठी



कालीचरण सिंह

### अपनों का साथ लेने के लिए त्रिपाठी लगा रहे पूरी ताकत

केएन त्रिपाठी की मुसीबत केवल राजद ही नहीं है, बल्कि उनके अपने संगठन की जिला व स्थानीय इकाई भी है. स्थानीय कांग्रेस इकाई भी त्रिपाठी को बाहरी करार देते रहा है. हालांकि, बाद में प्रदेश नेतृत्व और खुद त्रिपाठी ने भी अपने संगठन के लोगों को समझाने और मिल कर काम करने का प्रयास किया. यही हाल झामुमो की लोकल इकाई का भी है. झामुमो भी त्रिपाठी को बाहरी प्रत्याशी मान रहा है. अब देखना है कि त्रिपाठी किस तरह से अपने संगठन, राजद और झामुमो की लोकल इकाई को अपने पाले में करते हैं.

### भाजपा प्रत्याशी कालीचरण को है भितरघात का खतरा

दो बार के सीटिंग एमपी सुनील सिंह का टिकट काटकर भाजपा ने स्थानीय कालीचरण सिंह को चतरा सीट से प्रत्याशी बनाया है. मगर कालीचरण सिंह की राह इतनी आसान नहीं है. सुनील सिंह के विरोधी भले ही खुश हों, मगर एक सांसद होने के नाते सुनील सिंह की भी अच्छी पकड़ है. इसलिए, सुनील सिंह और उनके समर्थक कितने हद तक खुले मन से कालीचरण सिंह को अपना समर्थन दे पाएंगे, काम कर पाएंगे, यह तो मतदान के दिन ही पता चलेगा. मगर कालीचरण सिंह को भीतरघात का खतरा बना हुआ है.

### छह विधानसभा पर किस राजनीतिक दल का कब्जा

| विधानसभा | राजनीतिक दल |
|---|---|
| सिमरिया (एससी) | भाजपा |
| चतरा (एससी) | राजद |
| मनिका (एसटी) | कांग्रेस |
| लातेहार (एससी) | झामुमो |
| पांकी (सामान्य) | भाजपा |

### एससी-एसटी व मुस्लिम वोटरों की भूमिका अहम

वैसे तो चतरा लोकसभा सामान्य श्रेणी की सीट है. मगर इस सीट पर जीत-हार का फैसला एसटी और एससी ही करते रहे हैं. 2019 के डेटा के अनुसार, चतरा में अनुसूचित जातियों का वोट 27.15% और 21.15% एसटी वोटर हैं. इसके अतिरिक्त 10.78% मुस्लिम वोटर भी निर्णायक भूमिका में होते हैं. यानी कि कुल वोटरों में 59.08% एसटी, एसटी व मुस्लिम हैं. शेष करीब 40% मतदाता ओबीसी व सामान्य वर्ग से आते हैं.

### चार बार भाजपा और तीन दफा कांग्रेस जीती है

चतरा में 1957 में पहली बार लोकसभा चुनाव हुआ था. अब तक कुल 16 चुनाव व उपचुनाव हुए. इसमें चार-चार बार भाजपा और निर्दलीय विजयी रहे. वहीं कांग्रेस तीन बार जीत नसीब हुई. इसके अलावा राजद व जनता दल दो-दो बार और जनता पार्टी एक बार विजयी रही.

### 2019 लोकसभा चुनाव के परिणाम

| उम्मीदवार | राजनीतिक दल | परिणाम | वोट |
|---|---|---|---|
| सुनील कुमार सिंह | भाजपा | विजेता | 528,077 |
| मनोज कुमार यादव | कांग्रेस | उपविजेता | 1,50,206 |
| सुभाष यादव | राजद | तीसरा स्थान | 83425 |

### 2014 लोकसभा चुनाव के परिणाम

| उम्मीदवार | राजनीतिक दल | परिणाम | वोट |
|---|---|---|---|
| सुनील कुमार सिंह | भाजपा | विजेता | 2,95,862 |
| धीरज प्रसाद साहू | कांग्रेस | उपविजेता | 1,17,836 |
| नीलम देवी | झाविमो | तीसरा स्थान | 1,04,176 |

### 1957 से लेकर 2019 तक कौन-कौन रहे विजेता

| वर्ष | विजेता | राजनीतिक दल |
|---|---|---|
| 1957 | विजया राजे | छोटा नागपुर संथाल परगना जनता पार्टी |
| 1962 | विजया राजे | निर्दलीय |
| 1967 | विजया राजे | निर्दलीय |
| 1971 | शंकर दयाल सिंह | कांग्रेस |
| 1977 | सुखदेव प्रसाद वर्मा | जनता पार्टी |
| 1980 | रणजीत सिंह | कांग्रेस |
| 1984 | योगेश्वर प्रसाद योगेश | कांग्रेस |
| 1989 | उपेंद्र नाथ वर्मा | जनता दल |
| 1991 | उपेंद्र नाथ वर्मा | जनता दल |
| 1996 | धीरेंद्र अग्रवाल | भाजपा |
| 1998 | धीरेंद्र अग्रवाल | भाजपा |
| 1999 | नागमणि | राजद |
| 2004 | धीरेंद्र अग्रवाल | राजद |
| 2009 | इंदर सिंह नामधारी | निर्दलीय |
| 2014 | सुनील कुमार सिंह | भाजपा |
| 2019 | सुनील कुमार सिंह | भाजपा |

किसी पर एसीबी-विजिलेंस की जांच, तो किसी पर अपराधिक मामले हैं दर्ज

# संपत्ति के मामले में भी पीछे नहीं हैं झारखंड के हेवीवेट उम्मीदवार

**पांचवां व छठा चरण**

रवि भारती। रांची

झारखंड में लोकसभा चुनाव में किस्मत आजमा रहे हेवीवेट उम्मीदवार अपने जनाधार के साथ संपत्ति के मामले में भी आगे हैं. किसी पर एसीबी की जांच चल रही है, तो किसी पर कई अपराधिक मामले भी दर्ज हैं. दुमका से भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन के खिलाफ चार अपराधिक मामले दर्ज हैं. वहीं झामुमो उम्मीदवार नलिन सोरेन से खिलाफ एक मामला एसीबी और दूसरा मामला विजिलेंस में चल रहा है. राजमहल सीट से भाजपा उम्मीदवार ताला मरांडी के खिलाफ एक अपराधिक मुकदमा और गोड्डा से भाजपा उम्मीदवार निशिकांत दुबे के खिलाफ आठ अपराधिक मामले दर्ज हैं. वहीं, राजमहल से झामुमो उम्मीदवार विजय हांसदा से खिलाफ कोई अपराधिक मामला दर्ज नहीं है.

### दुमका से भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन हैं करोड़पति



- कुल 3.60 करोड़ रुपये की संपत्ति है.
- आपराधिक मामले- कुल चार मामले दर्ज हैं, जिसमें दो सीबीआई में और एक केस घाटशिला में दर्ज है. इसके अलावा कोलकाता में नेशनल कंपनी ला ट्रिब्यूनल में एक मामला चल रहा है.
- आमदनी का स्रोत- विधानसभा से मिलने वाला वेतन
- चल संपत्ति- 3.29 करोड़ रुपये
- आश्रित के नाम पर चल संपत्ति- 5.89 लाख रुपये
- कैश इन हैंड- आठ लाख रुपये
- वाहन- सात वाहनों की मालकिन हैं. पांच हाइवा के अलावा एक स्कॉर्पियो व एक स्कोडा कंपनी का वाहन है.
- आभूषण- पांच लाख 73 हजार रुपये कीमत के सोने के आभूषण हैं.
- जमीन- चास और रांची में कृषि योग्य तकरीबन आठ एकड़ 11 कट्ठा जमीन है.
- गैर कृषि योग्य जमीन- रांची के सुखदेव नगर में 0.1999 हेक्अ जमीन है.
- हथियारः हलफनामा में एक रायफल, एक बंदूक व दो पिस्टल का जिक्र है.

### दुमका से झामुमो उम्मीदवार नलिन सोरेन भी हैं करोड़पति



- कुल संपत्ति- 3.66 करोड़ रुपये
- आपराधिक मामले- कुल दो मामले दर्ज हैं. एक मामला एसीबी और दूसरा मामला विजिलेंस में चल रहा है.
- वर्ष 2022-23 में आमदनी- 9.06 लाख रुपये
- पत्नी की आमदनी- 3.88 लाख रुपये
- आमदनी का स्रोत- विधानसभा से मिलने वाला वेतन
- कैश इन हैंड- 60 हजार रुपये
- पत्नी 98.04 लाख रुपये की संपत्ति की मालकिन हैं.
- बैंकों के विभिन्न खातों में तकरीबन 42 लाख रुपये जमा हैं.
- वाहन- नलिन सोरेन के नाम पर दो स्कार्पियो और पत्नी जायेस बेसरा के नाम पर एक कार है.
- आभूषण- नलिन सोरेन के पास एक लाख 35 हजार रुपये और पत्नी जायेस के पास 10 लाख 80 हजार रुपये के आभूषण हैं.
- कृषि योग्य जमीन- शिवतल्ला में 18.42 एकड़
- गैर कृषि योग्य जमीन- करीब 10 हजार वर्ग फीट
- हथियार- हलफनामा में एक बंदूक व एक रिवाल्वर का जिक्र है.

### संपत्ति के मामले में झामुमो के विजय हांसदा भी पीछे नहीं



- कुल संपत्ति- 6.19 करोड़ रुपये
- आपराधिक मामला- कोई केस नहीं.
- वर्ष 2022-23 में आमदनी- 15.76 लाख रुपये
- पत्नी कैथरीन हेंब्रम की आमदनी- 4.73 लाख रुपये
- आमदनी का स्रोत- वेतन और व्यापार
- विजय हांसदा की पत्नी कैथरीन हेंब्रम 51.35 लाख रुपये की संपत्ति की मालकिन हैं.

### राजमहल से भाजपा उम्मीदवार ताला मरांडी हैं लखपति



- कुल संपत्ति- 41.09 लाख रुपये
- आपराधिक मामला- एक मामला दर्ज है.
- वर्ष 2022-23 में आमदनी- 4.89 लाख रुपये
- आमदनी का स्रोत- विधानसभा से मिलनेवाली पेंशन और व्यापार
- पत्नी के पास कोई संपत्ति नहीं है.
- आश्रित के पास 42.35 हजार रुपये की संपत्ति है.

### संपत्ति के मामले में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे हैं सबसे आगे

- कुल संपत्ति- 72.33 करोड़ रुपये
- आपराधिक मामले- गोड्डा सांसद पर कुल आठ केस दर्ज हैं.



- शैक्षणिक योग्यता- मैनेजमेंट में डॉक्टर ऑफ फिलासफी की डिग्री.
- वर्ष 2022-23 में आमदनी- 19.47 लाख रुपये
- पत्नी की आमदनी- 2.63 करोड़ रुपये
- वर्ष 2022-23 में एचयूएफ की कोई आमदनी नहीं है.
- वर्ष 2021-22 में एचयूएफ की आमदनी- 12.61 लाख रुपये
- निशिकांत की आमदनी का स्रोत- संसद से मिलनेवाले वेतन के अलावा व्यापार
- निशिकांत दुबे 21.10 करोड़ की संपत्ति के मालिक हैं.
- उनकी पत्नी 51.13 करोड़ की संपत्ति की मालकिन हैं.

### रांची से कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी सहाय भी करोड़पति



- कुल संपत्ति- 1.51 करोड़ रुपये
- शैक्षणिक योग्यता- मुंबई से एलएलबी और इटली से एलएलएम की डिग्री हासिल की है.
- पेशा- मुंबई में वकालत की प्रैक्टिस करने के अलावा एक एनजीओ के लिए भी काम कर रही हैं.
- उनके पास 2023 तक 19 लाख 46 हजार रुपये थे.
- म्यूचुअल फंड में निवेश से जुड़ी जानकारी भी दी है.
- आभूषण- हलफनामा के अनुसार, हीरे और सोने के जेवर हैं.

## जेलकर्मी अवधेश कुमार से आज पूछताछ करेगी ईडी

▪ बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में पदस्थापित है अवधेश

▪ जोनल ऑफिस में पूछताछ करेंगे ईडी के अधिकारी

संवाददाता। रांची

राजधानी के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में पदस्थापित पुलिसकर्मी अवधेश कुमार से ईडी सोमवार को पूछताछ करेगी. ईडी ने अवधेश कुमार को सात मई को नोटिस भेजकर 13 मई को ईडी के जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा था. इससे पहले भी ईडी ने अवधेश कुमार को नोटिस भेज कर पूछताछ के लिए बुलाया था. छह जनवरी 2024 को ईडी ने साहिबगंज में 1250 करोड़ रुपये के अवैध खनन और इसी केस में ईडी के गवाहों को प्रभावित करने से जुड़े मामले में चार लोगों को समन किया था.

मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद पिंटू को ईडी ने 16 जनवरी को पूछताछ के लिए तलब किया था. वहीं साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव को 11 जनवरी को ईडी ने बुलाया था. सीएम के करीबी मित्र और पेशे से आर्किटेक्ट विनोद कुमार सिंह को 15 जनवरी और जेल के वार्डन अवधेश कुमार सिंह को 11 जनवरी की उपस्थित होने का समन दिया गया था.



### जेल से ईडी के गवाहों को प्रभावित करने का मामला

सीएम के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव, आर्किटेक्ट विनोद कुमार सिंह और जेलकर्मी अवधेश कुमार सिंह समेत नौ के यहां ईडी ने तीन जनवरी को छापेमारी की थी. जेल से ईडी के गवाहों को प्रभावित करने के मामले में प्रेम प्रकाश के सहयोगी के तौर पर जेलकर्मी अवधेश कुमार सिंह का नाम सामने आया था. बाद में योगेंद्र तिवारी की मदद करने के मामले में अवधेश को निलंबित कर दिया गया था.

सीता सोरेन ने फिर देवरानी पर बोला हमला, कहा-

## कल्पना को सीएम चंपाई से बड़ा प्रोजेक्ट किया जा रहा

प्रमुख संवाददाता। रांची

दुमका लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन ने एक बार फिर से अपनी देवरानी कल्पना सोरेन पर बड़ा हमला बोला है. अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए सीता सोरेन ने कहा है कि सीएम चंपाई सोरेन को बस नाममात्र का सीएम बना कर रखा गया है. उनकी बजाय कल्पना सोरेन को अधिक महत्व दिया जा रहा है. कल्पना का झामुमो पार्टी में भी कोई पद या स्थान नहीं है. बावजूद इसके उनको मुख्यमंत्री से बड़ा प्रोजेक्ट किया जा रहा है.

### दुर्गा सोरेन ने खून से सींच कर पार्टी को किया मजबूत

सीता ने कहा कि जिस पार्टी की नींव को उनके पति स्व. दुर्गा सोरेन ने अपने खून से सींचकर मजबूत किया, जिस झारखंड के विकास और उत्थान के लिए उन्होंने अपना जान तक न्योछावर कर दिया, उस पार्टी में उन्हें मिलने वाले अधिकारों के नाम पर सिर्फ और सिर्फ सांत्वना तथा चुप रहने की हिदायत दी गई. 14 साल एक पार्टी में समर्पित भाव से रहने के बाद भी पहले तो जनता के बीच जाने और काम करने से रोका गया, फिर हमें खतरा मान कर आगे बढ़ने से रोकने के लिए अनेकों षड्यंत्र रचे गए.

नोटा को लेकर उम्मीदवारों की धड़कन तेज, 2019 के लोस चुनाव में 1.89 लाख वोटरों ने दबाया था नोटा का बटन

# नोटा से भी हारे हैं नेता, चार लोस में तीसरे स्थान पर रहा था नोटा

प्रमुख संवाददाता। रांची

लोकसभा चुनाव में नोटा से भी कई उम्मीदवारों को हार का मुंह देखने पड़ा है. पिछले लोकसभा चुनाव (2019) में एक लाख 89 हजार 364 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया था. वहीं 2014 के लोकसभा चुनाव में एक लाख 90 हजार 907 मतदाताओं ने नोटा का इस्तेमाल किया था. इसकी वजह यह रही है कि वोटर को कोई भी उम्मीदवार पसंद नहीं आया. नोटा का मतलब होता है कि वोटर को अगर अपने क्षेत्र में उतरे कोई भी प्रत्याशी पसंद न आए, तो वह नोटा का बटन दबा कर अपने मताधिकार का उपयोग कर सकते हैं. ईवीएम में सबसे नीचे नोटा का बटन होता है.



### 68% उम्मीदवारों को नोटा से भी कम मिले वोट

2019 के लोकसभा चुनाव में कुल उम्मीदवारों में से 68 फीसदी उम्मीदवारों को नोटा से भी कम वोट मिले. खूंटी में 21245 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया था. इस सीट से भाजपा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा महज 1450 वोटों के अंतर से जीते थे. गोड्डा, गिरिडीह, सिंहभूम व खूंटी लोकसभा सीट पर नोटा तीसरे स्थान पर रहा. वहीं 2014 के लोकसभा चुनाव में मैदान में उतरे 240 प्रत्याशियों में से 137 को नोटा से कम वोट मिले. इस तरह 2014 और 2019 में पांच लोकसभा क्षेत्र में ही कुल मिलाकर एक लाख से ज्यादा मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया था.

### सिंहभूम में 24,270 लोगों ने दबाया था नोटा का बटन

2019 के लोकसभा चुनाव में सिंहभूम लोकसभा सीट में सबसे अधिक नोटा का बटन दबा था. सिंहभूम में 24,270 वोटरों ने नोटा का बटन दबाया. दूसरे नंबर पर खूंटी लोकसभा सीट में 21,245 लोगों ने नोटा का बटन दबाया. इसी तरह राजमहल में 12919, गोड्डा में 18,683, दुमका में 14,396 व गिरिडीह लोकसभा सीट में 19,798 मतदाताओं ने नोटा का इस्तेमाल किया था. वहीं, कोडरमा में 31,164 लोगों ने नोटा का बटन दबाया था.

### 2019 चुनाव में कितनों ने दबाया था नोटा का बटन

| लोकसभा | नोटा |
|---|---|
| गिरिडीह | 19,798 |
| जमशेदपुर | 5,813 |
| कोडरमा | 31,164 |
| सिंहभूम | 24,270 |
| खूंटी | 21,245 |
| लोहरदगा | 10,783 |
| राजमहल | 12,919 |
| गोड्डा | 18,683 |
| दुमका | 14,396 |
| धनबाद | 4,345 |
| हजारीबाग | 7,539 |
| रांची | 4,379 |
| चतरा | 8,312 |
| पलामू | 5,808 |

**मौसम अलर्ट:** 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी हवा

## आज वज्रपात के साथ बारिश की संभावना

प्रमुख संवाददाता। रांची

मौसम केंद्र ने अलर्ट जारी कर कहा है कि 13 मई को राज्य के उत्तर-पूर्वी और दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं गर्जन और तेज हवा का झोंका चलने के साथ वज्रपात की आशंका है. हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा होने की संभावना है. इसका असर पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, सिमडेगा, साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़, दुमका, देवघर, जामताड़ा, धनबाद जिले में देखने को मिलेगा.

**13 मई को राज्य के इन इलाकों में होगी बारिश :** 13 मई को राज्य के उत्तर-पूर्वी, दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के दर्जे की बारिश होने की उम्मीद है. इसका असर पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम,



सरायकेला-खरसावां, सिमडेगा, साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़, दुमका, देवघर, जामताड़ा, धनबाद जिले में देखने को मिलेगा. 14 मई को राज्य के उत्तर-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के दर्जे की बारिश होने की उम्मीद है. इसका असर साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़, दुमका, देवघर, जामताड़ा, धनबाद, गिरिडीह जिले में देखने को मिलेगा.

### 14 को गर्जन के साथ वज्रपात की आशंका

14 मई को राज्य के उत्तर-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं गर्जन और तेज हवा का झोंका चलने के साथ वज्रपात होने की आशंका है. हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा होने की संभावना है. इसका असर साहिबगंज, गोड्डा, पाकुड़, दुमका, देवघर, जामताड़ा, धनबाद, गिरिडीह जिले में देखने को मिलेगा. राज्य में अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं है. इसके बाद अगले तीन दिनों में इसमें धीरे-धीरे तीन से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, सोमवार 13 मई 2024 बैशाख शुक्ल पक्ष 6 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 34

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



तापमान

35.2° अधिकतम | 21.2° न्यूनतम


**वोटर्स अवेयरनेस फैशन शो** मॉडल्स ने मतदान के लिए प्रेरित किया

## पहले मतदान-फिर जलपान का दिया संदेश











**रांची।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत धरोहर बैंक्वट हाल में इंडिया कल्ट फैशन शो का आयोजन हुआ, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आयीं प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और रैंप वॉक कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया. समाजसेवी शंकर दुबे ने पहले मतदान-फिर जलपान का संदेश दिया. दुबे ने बताया कि वोट देना हमारा लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकार है. मतदान करने से देश का लोकतंत्र मजबूत होता है और हमें पांच वर्षों में इस महापर्व के तहत प्रत्याशी और सरकार चुनने का अवसर मिलता है. अपने एक वोट के जरिए हम विकसित समृद्ध और शक्तिशाली देश का निर्माण करने में सहायक हो सकते हैं. मौके पर समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी, डॉ सौरभ चौधरी, विक्की करमाली, शुभम कुमार गोप, कौशल पांडेय, अनमोल गुप्ता, पिया बर्मन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे. **- फोटो : सैयद जावेद रमीज**

### ब्रीफ खबर

### 15 को तेजस्वी की चार चुनावी सभाएं

**रांची।** बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव 15 मई को झारखंड में चार चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे. वह चतरा, कोडरमा, गिरिडीह और हजारीबाग में सभा को संबोधित करेंगे. उक्त जानकारी झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने दी. तेजस्वी चतरा के हंटरगंज हाईस्कूल 12:40 बजे, ब्लॉक मैदान बरही हजारीबाग में 1:35 बजे, पेसरा ताड़ मैदान बेंगाबाद गिरिडीह में 2:30 बजे और 3:25 बजे कोडरमा लोकसभा के माधवताड़ पावर हाउस ग्राउंड, पंडीहाडीह, जयनगर में संबोधित करेंगे.

### गोड्डा में प्रदीप यादव आज करेंगे नामांकन

**गोड्डा।** इंडिया गठबंधन की ओर से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव 13 मई यानी सोमवार को गोड्डा लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करेंगे. नामांकन के बाद गोड्डा के मेला मैदान में चुनावी सभा भी होगी. इसमें इंडिया गठबंधन के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे. इसके अलावा मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन, झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के अलावा घटक दल के नेता भी शिरकत करेंगे.

### देवेंद्रनाथ के खिलाफ दोबारा रिमांड नोटिस

**रांची।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति से समर्थित रांची लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी देवेंद्रनाथ महतो के खिलाफ दोबारा रिमांड नोटिस जारी किया गया है. बता दें कि वे पिछले नौ दिनों से बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में न्यायिक हिरासत में है. महतो को लालपुर थाना के कांड संख्या 251/21 में सिविल कोर्ट से जमानत मिल चुकी थी. अब फिर से प्रशासन की ओर से चुटिया थाना कांड संख्या 31/24 व जगन्नाथपुर थाना कांड संख्या 131/23 के तहत उन्हें न्यायिक हिरासत में ले लिया गया है.

सुप्रीम कोर्ट के वकील प्रशांत भूषण ने इलेक्टोरल बॉन्ड पर भाजपा को घेरा

# भाजपा के भ्रष्टाचार मुक्त जुमले का हुआ पर्दाफाश

विशेष संवाददाता। रांची

इलेक्टोरल बॉन्ड घोटाला देश का ही नहीं, पूरी दुनिया के अब तक के सबसे घोटाला के रूप में सामने आया है. यह घोटाला एक तरह से भाजपा के भ्रष्टाचार मुक्त जुमले का पर्दाफाश है. इसलिए, इस व्यापक घोटाले का खुलासा होना जरूरी है. इसके लिए अदालत की निगरानी में एसआईटी के गठन के लिए कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन द्वारा सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है. यह बातें सर्वोच्च न्यायलय के अधिवक्ता प्रशांत भूषण और कॉमन कॉज से जुड़ी सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि भारद्वाज ने रांची में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही. प्रेस वार्ता लोकतंत्र बचाओ संगठन के द्वारा आयोजित की गयी थी.

**संभावित लाभ के एवज में इन्हें मिले ठेके :** प्रशांत भूषण व अंजलि भारद्वाज ने बताया कि संभावित लाभ के एवज में विभिन्न कंपनियों द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए दिये गये चंदे के आसपास समय में उन कंपनियों को बड़े ठेके दिए गए. उदाहरण के लिए, 'इंडियन एक्सप्रेस' की एक जांच में पाया गया कि मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड, जो चुनावी बॉन्ड का दूसरा सबसे बड़ा दानकर्ता है. इसने चुनावी बॉन्ड के माध्यम से कुल 966 करोड़ रुपये का दान दिया. इसमें से लगभग 60 प्रतिशत भाजपा को मिला. कंपनी ने अप्रैल 2023 में 140 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड खरीदे, जिनमें से 115 करोड़ रुपये भाजपा को दिया गया. इस से एक महीने पहले कंपनी को मुंबई में 14,400 करोड़ रुपये की सुरंग परियोजना दी गई थी.

**चुनावी बॉन्ड की बारीकियां बतायी**

**इलेक्टोरल बॉन्ड को सबसे बड़ा घोटाला करार दिया**
**एसआईटी के लिए सुप्रीम कोर्ट में दायर की है याचिका**

### चंदे के बदले कंपनियों को प्रोजेक्ट व ठेके मिले

प्रशांत भूषण व अंजलि भारद्वाज ने कहा कि चुनावी बॉन्ड से 16,500 करोड़ चंदा कंपनियों ने राजनैतिक दलों को दी, जो केवल रिश्वत या किकबैक्स की राशि है. इसके बदले कंपनियों को क्विड प्रो क्यू में लाखों करोड़ रुपये के ठेके और प्रोजेक्ट दिये गए. 16,500 करोड़ के बॉन्ड्स में 50 प्रतिशत यानी 8251 करोड़ रुपये केवल भाजपा को चंदा दिया गया. यह दोनों इलेक्टोरल बॉन्ड मामले के कानूनी केस में जुड़े रहे हैं. इन्होंने बताया कि मोदी सरकार ने चंदा देने वालों की गुमनामी और चंदे के विवरण को छुपाने के लिए जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, कंपनी अधिनियम और आयकर अधिनियम में संशोधन किया था. 15 फरवरी 2024 को एक ऐतिहासिक फैसले में सर्वोच्च न्यायालय ने चुनावी बॉन्ड योजना को असंवैधानिक करार दिया था.

### डरा-धमका कर की गयी अवैध वसूली

प्रशांत भूषण ने बताया कि कई कंपनियां जो ईडी, सीबीआई और आईटी विभाग की जांच के दायरे में थीं, उन्होंने चुनावी बॉन्ड खरीदे और उसके प्रमुख हिस्से को भाजपा को चंदे के रूप में दिया. राज्य एजेंसियों द्वारा कार्रवाई और उस राज्य में सत्तारूढ़ी दल को चंदा देने के भी कुछ उदाहरण पाए गए हैं.



### आरबीआई व ईसी की सलाह को मोदी ने दरकिनार किया

इन्होंने बताया कि आरटीआई से मिली सूचना के जरिए पता चला कि आरबीआई और चुनाव आयोग सहित विभिन्न प्राधिकरणों ने चुनावी बॉन्ड योजना लागू होने से पहले इसके खतरों को उजागर किया था. उन्होंने कहा था कि इससे पारदर्शिता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा. सिस्टम में मनी लॉन्ड्रिंग और काले धन में वृद्धि होगी और शेल कंपनियों के माध्यम से फंडिंग को भी बढ़ावा मिलेगा. मोदी सरकार ने इन चिंताओं को नजरअंदाज किया. जनता के समक्ष प्रस्तुत किये बिने योजना को लागू कर दिया गया.

### मनी लॉन्ड्रिंग में चुनावी बान्ड के प्रयोग का आरोप

इन्होंने बताया कि घाटे में चल रही कंपनियों ने चुनावी बॉन्ड के माध्यम से भारी मात्रा में चुनावी चंदे दिये हैं. अनेक कंपनियों ने अपने लाभ से कई गुना ज्यादा दान दिये हैं. जांच एजेंसियों की निगरानी सूची में शामिल अनेक कंपनियां ने इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से चंदा दिए हैं. 'द हिंदू' की एक जांच में पाया गया कि 33 कंपनियों ने बॉन्ड्स से कुल 576.2 करोड़ का चंदा दिया, जिसमें 434.2 करोड़ भाजपा को मिला. इन 33 कंपनियों का कुल घाटा एक लाख करोड़ से ज्यादा था.

### सरथ रेड्डी व दिल्ली शराब घोटाला बड़ा उदाहरण है

प्रशांत भूषण व अंजलि भारद्वाज ने बताया कि हैदराबाद के व्यवसायी अरबिंदो फार्मा लिमिटेड के निदेशक पी सरथ चंद्र रेड्डी को ईडी ने 10 नवंबर 2022 को शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार किया था. उनकी कंपनी ने 15 नवंबर को पांच करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड खरीदे और भाजपा को दिया. मई 2023 में जब रेड्डी की जमानत याचिका की सुनवाई हुई, तब ईडी ने इसका विरोध नहीं किया. जेल से रिहा होने के बाद, रेड्डी जून 2023 में इस मामले में सरकारी गवाह बन गये. आठ नवंबर 2023 को अरबिंदो फार्मा ने बॉन्ड के माध्यम से भाजपा को 25 करोड़ रुपये का चंदा दिया. उसी दिन और 25 करोड़ रुपये दो कंपनियों- यूजिया फार्मा स्पेशलिटीज लिमिटेड (15 करोड़) और एपीएल हेल्थकेयर (10 करोड़) ने इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से भाजपा को दिया.

### नवनिर्मित कंपनियों ने भी दी बड़ी रकम

इन्होंने बताया कि नवनिर्मित कंपनियों ने राजनीतिक दलों को बड़ी रकम दी है. कंपनी अधिनियम की धारा 182 (1) किसी भी सरकारी कंपनी या तीन साल से कम समय से अस्तित्व में रही कंपनी को राजनीतिक चंदा देने से प्रतिबंधित करती है. इसके बावजूद, कम से कम 20 नयी कंपनियों ने तीन साल के अंदर ही चुनावी बांड्स खरीदे.

**राजधानी में चोरों का आतंक बढ़ा**

# मोबाइल दुकान से साढ़े पांच लाख कैश और 30 लाख रुपये के मोबाइल उड़ाए

- गैस कटर से शटर काट कर दुकान के अंदर घुसे चोर
- दुकान से 200 मीटर की दूरी पर है जगन्नाथपुर थाना

संवाददाता। रांची

जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में अपराधी बेलगाम हो गए हैं. अपराधियों और चोरों में पुलिस का डर बिल्कुल ही खत्म हो गया है. जगन्नाथपुर थाना से मात्र 200 मीटर की दूरी पर सेक्टर टू मार्केट स्थित खुशी टेलीकॉम में शनिवार की रात चोरों ने गैस कटर से शटर काटा और फिर दुकान के अंदर घुसे. इसके बाद दुकान के काउंटर में रखे साढ़े पांच लाख रुपये नकदी सहित लगभग 30 लाख रुपये के कीमती मोबाइल एक घंटे के अंदर चोरी कर फरार हो गए.

इस संबंध में मोबाइल दुकान के मालिक प्रमोद कुमार ने बताया कि रोज की तरह दुकान बंद कर दुकान के ऊपर स्थित आवास में सोने गये थे. नीचे दुकान में भी एक व्यक्ति सोता है और वह पीछे सोया हुआ था. अचानक रात के तीन बजे दुकान में रहने वाले व्यक्ति ने फोन किया कि शटर खुलने की आवाज आ रही है. प्रमोद कुमार तुरंत ऊपर स्थित आवास से नीचे उतरे और गेट का ताला खोल कर बाहर इधर-उधर देखा, तो उनको दिखा कि उनके दुकान का शटर कटा हुआ है.

**बड़ी चोरी की घटना का खुलासा नहीं कर पाई पुलिस :** बता दें कि रिशु मोबाइल दुकान में अगस्त 2021 में चोरों ने छत का शीट 38 लाख रुपये के मोबाइल की चोरी की थी. चोरों ने छत का सीट काट कर एक लाख 20 हजार रुपये नकदी सहित कीमती मोबाइल बोरों में भरा और फरार हो गये थे. इस घटना के दो वर्ष से ज्यादा समय बीतने के बाद भी जगन्नाथपुर थाना की पुलिस न तो चोरी का उद्भेदन कर पाई है और ना ही चोरों को पकड़ पाई है. इस केस का चार अनुसंधान पदाधिकारी चार थानेदार मिल कर भी उद्भेदन नहीं कर पाए हैं. उस समय यह जिले के सबसे बड़े मोबाइल दुकान में चोरी की घटना थी. अब ठीक उसके बगल की दुकान खुशी टेलीकॉम में फिर चोरी की इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया गया है.



मोबाइल दुकान में लगे सीसीटीवी के फुटेज में दिख रहा एक चोर.

**इन सामानों की हुई है चोरी**

आईफोन 21 पीस, आईफोन वॉच 3 पीस, सैमसंग एस 24 3 पीस, सैमसंग जेड फिलिप 4 पीस, वीवो का वी 30 मोबाइल चार पीस, नगद 5 लाख 50 हजार.



### 5 घंटे बाद भी थाना प्रभारी मौके पर नहीं पहुंचे

चोर घटना को अंजाम देकर फरार हो गए थे. इस संबंध में जगन्नाथपुर पुलिस को सूचना देने के बाद गश्ती गाड़ी आई. हालांकि घटना की सूचना देने के पांच घंटे बाद भी जगन्नाथपुर थाना प्रभारी मौके पर नहीं पहुंचे थे, जबकि उनके क्षेत्र में इतनी बड़ी चोरी की घटना हो गई थी. दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा को चेक करने पर पता चला कि देर रात दो बजकर आठ मिनट पर दुकान का शटर गैस कटर से काटा गया था और दुकान के अंदर दो युवक घुसे थे. इसमें एक टोपी और मास्क पहना हुआ था. वहीं, दूसरे का पूरा चेहरा खुला हुआ था. दोनों चोर महंगे मोबाइल अपने साथ ले गए हैं.

**दुकानदार ने पुलिस से लगाई गुहार, कहा- बहुत मेहनत से कर रहे थे व्यवसाय :** दुकानदार प्रमोद कुमार ने पुलिस से गुहार लगाते हुए कहा कि वह बहुत मेहनत और गरीबी से इस मुकाम पर पहुंचे थे. पंचर साट कर जीवन की शुरुआत की थी. बहुत सारा काम और मेहनत करने के बाद आज खुशी टेलीकॉम दुकान का मालिक बना था. लेकिन मेरे जीवन के सारे मेहनत एवं परिश्रम को चोरों ने एक ही झटके में खत्म कर दिया. सारा सामान मेरी साख पर कंपनी और डीलरों ने दिया था. अब उधार कैसे चुका पाएंगे. वहीं जगन्नाथपुर थाना प्रभारी का कहना है कि इस कांड का खुलासा जल्द से जल्द कर लिया जाएगा.

# ईडी की जांच में खुलासा, रांची-कोलकाता में जमीन रिकॉर्ड से की जा रही छेड़छाड़

**लैंड स्कैम**

सौरभ सिंह। रांची

- अब तक ईडी ने 266 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की
- जमीन घोटाला मामले में 25 आरोपियों की हो चुकी है गिरफ्तारी



झारखंड में जमीन घोटाले मामले की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जांच कर रही हैं. ईडी की जांच में पता चला है कि झारखंड में भू-माफिया का एक रैकेट सक्रिय है, जो रांची और कोलकाता में जमीन के रिकॉर्ड से छेड़छाड़ करने में लगा है. जमीन को गैरकानूनी तरीके से कब्जा करने के लिए पहले स्वामित्व के मूल भूमि रिकॉर्ड से या तो छेड़छाड़ की जाती है या छिपाया जाता है. इसके बाद जाली भूमि अभिलेखों के आधार पर, ऐसे जमीन को दूसरे को बेच दिया जाता है. जमीन घोटाले मामले में ईडी ने अबतक झारखंड के 266 करोड़ (वाणिज्यिक मूल्य) की संपत्ति को अस्थायी रूप से अटैच किया है. साथ ही इस मामले में 25 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है.

**जमीन घोटाला में अबतक 55 ठिकानों पर की छापेमारी :** ईडी ने बताया कि जमीन घोटाला से जुड़े मामलों में 55 ठिकानों पर छापेमारी और 9 सर्वेक्षण किये गये थे. इस दौरान भू-राजस्व विभाग की जाली मुहरें, जाली भूमि दस्तावेज, उनके बीच अपराध की आय के वितरण के रिकॉर्ड, जालसाजी करते हुए तस्वीरें, सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने जैसे कई सबूत उजागर किये गये. तलाशी के दौरान ईडी ने 1.27 करोड़ नकदी भी बरामद किये. वहीं अब तक ईडी ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन, आईएएस छवि रंजन (पूर्व डीसी, रांची), भानु प्रताप प्रसाद (राजस्व उप निरीक्षक), अमित कुमार अग्रवाल, प्रेम प्रकाश सहित 25 आरोपियों को गिरफ्तार किया. इसके अलावा भूमि घोटाला मामलों में जांच के तहत वर्तमान में ईडी ने तीन अभियोजन शिकायतें भी दर्ज की हैं.

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने किया चतरा लोस क्षेत्र के कई बूथों का निरीक्षण

# मतदान के प्रति उत्साहित दिखे लातेहार के मतदाता

संवाददाता। रांची

झारखंड मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने रविवार को चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लातेहार जिला अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों का स्थल निरीक्षण किया. उन्होंने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय अंबाटीकर, राजकीयकृत मध्य विद्यालय, लातेहार बाजार, राजकीय बुनियादी विद्यालय, धर्मपुर और मनिका के राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय, नामुदाग, स्थित विभिन्न मतदान केंद्रा का निरीक्षण कर लोकसभा चुनाव की तैयारी का जायजा लिया. चतरा लोकसभा क्षेत्र में 20 मई को मतदान होना है. इसे लेकर लातेहार जिले के मतदाताओं में काफी उत्साह है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने नैतिक मतदान को लेकर 60 से अधिक आयुवर्ग की मतदाता शीला देवी से बात की. वह नैतिक मतदान करने को लेकर काफी उत्साहित दिखीं. उन्होंने बताया कि 20 मई को होने वाले मतदान को लेकर राजकीयकृत मध्य विद्यालय स्थित मतदान केंद्र में वह परिजनों के साथ अपनी पंसंद से मतदान करेंगी.

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केंद्र के स्थल निरीक्षण एवं क्षेत्र भ्रमण के दौरान मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया एवं पूरे उत्साह से अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया. इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओं का आकलन किया. साथ ही बीएलओ से वहां की तैयारियों को जाना. उन्होंने बीएलओ से मतदान केन्द्र जागरूकता समूह, अब्सेंट, शिफ्ट एवं डेथ (एएसडी) सूची को सार्वजनिक रूप से पढ़वा कर वेरिफाई कराया. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को मतदान केन्द्रों पर तैयारी की मामूली कमियों को दूर करने तथा एएसडी सूची की त्रुटियों में सुधार कराने का निर्देश दिया. उन्होंने वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के वितरण का भी आकलन किया. कई मतदान केंद्रों पर वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण पूरा कर लिया गया था. कुछ केंद्रों के बचे वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया. उन्होंने सभी से मतदान के लिए अपील की.



### मतदाताओं को दिलाई मतदान की शपथ

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाई. इस क्रम में वालेंटियर एवं रसोईया से बातचीत की. उनके दायित्वों को जाना और उन सभी का उत्साहवर्धन किया. लातेहार एवं मनिका के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया था. वहां बड़ी संख्या में सखी मंडल की महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित थे. इन सभी में मतदान को लेकर काफी उत्साह था. क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सूचना प्राप्त हुई कि राज्य से बाहर प्रवास कर रहे मजदूर वर्ग के लोग भी अपने मताधिकार के इस्तेमाल के लिए घर वापस आये हुए हैं.

## यूपीए सरकार की ओर से 2013 में सरना धर्म कोड को व्यावहारिक नहीं बताये जाने के लिए भी आदिवासियों से माफी मांगें कांग्रेस अध्यक्ष

# महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष पटोले के आदिवासी-ओबीसी विरोधी बयान पर माफी मांगें खड़गे : प्रतुल

- सर्वोच्च न्यायालय में एफिडेविट दाखिल कर रामलला के अस्तित्व को नकारने के मुद्दे पर भी माफी मांगें खरगे

प्रमुख संवाददाता। रांची



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रविवार को मारू टावर स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से झारखंड यात्रा के दौरान सार्वजनिक रूप से विभिन्न मुद्दों पर गलतबायनी करने के लिए माफी मांगने की मांग की है. प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने राम मंदिर का शुद्धिकरण करने की बात को कहकर कांग्रेस के आदिवासी और ओबीसी विरोधी रवैया को दिखा दिया है.

एक आदिवासी बेटी राष्ट्रपति पद पर और एक पिछड़ा समाज से प्रधानमंत्री इनको पच नहीं रहा है. राम मंदिर के शुद्धिकरण की बात कर रहे हैं और वह भी तब जब हाल ही के दिनों में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वहां की यात्रा की थी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी प्राण-प्रतिष्ठा में यजमान के रूप में शरीक हुए थे. कांग्रेस ऊपर से शुद्धिकरण के लिए जो बहाने बनाए पर आदिवासी और ओबीसी समाज को अपमानित करने का इनका पुराना रिकॉर्ड रहा है.

### कांग्रेस के मंत्री ने कहा था, सरना धर्म कोड लागू करना प्रैक्टिकल नहीं

प्रतुल ने सरना धर्म कोड पर भी कांग्रेस को घेरते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे से जानना चाहा कि जब तत्कालीन सांसद सुदर्शन भगत ने 22 अगस्त, 2013 को तत्कालीन प्रधानमंत्री और आदिवासी कल्याण मंत्री से पत्र लिखकर सरना धर्म कोड को लागू करने की मांग की थी. तत्कालीन आदिवासी कल्याण मंत्री वी किशोर चंद्रदेव ने 11 फरवरी, 2014 को जवाब देते हुए कहा था कि सरना धर्म कोड लागू करना प्रैक्टिकल नहीं है. अलग सरना कोड देने से ऐसे सैकड़ों अन्य मांग दूसरे धर्म में भी हो सकता है. आज कांग्रेस सरना धर्म कोड लागू करने की मांग करने का नाटक कर रही है. जबकि इनकी ही सरकार ने इसे नकारा था. यूपीए की तत्कालीन सरकार ने 13 सितंबर, 2007 में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के अस्तित्व को सर्वोच्च न्यायालय में एफिडेविट करके नकारा था और रामायण को एक काल्पनिक ग्रंथ बताया था. कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को इस मुद्दे पर भी अपनी झारखंड यात्रा के दौरान माफी मांगनी चाहिए.

#### प्रथम दृष्टया सारे तार आलमगीर आलम से ही जुड़े दिखते हैं

प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के सहायक के घर से 30 करोड़ रुपए की रिकवरी ईडी ने की थी. अभी भी इनपुट के आधार पर लगातार छापेमारी हो रही है और करोड़ों रुपए बरामद हो रहे हैं. अब तो खबरें आ रही है कि ईडी ने आलमगीर आलम को 14 मई को बुलावा भी भेजा है. प्रथम दृष्टया सारे तार आलमगीर आलम से ही जुड़े दिखते हैं. तो क्या सुचिता की राजनीति का नाटक करने वाली कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इस मुद्दे पर अपनी खामोशी तोड़ेंगे और जांच पूरी होने तक आलमगीर आलम से इस्तीफा लेंगे. प्रतुल ने कहा कि पूरी की पूरी गठबंधन सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है और पूर्व मुख्यमंत्री भी जेल की हवा खा रहे हैं.

## ब्रीफ खबरें

### डिस्पैच सेंटर नहीं पहुंचने वालों पर होगी कार्रवाई

**रांची।** खूंटी व लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान के लिए रविवार को तमाड़ और मांडर विधानसभा क्षेत्र के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना कर दिया गया. मोरहाबादी फुटबॉल स्टेडियम अवस्थित डिस्पैच सेंटर से निर्वाची पदाधिकारी राहुल सिन्हा की देखरेख में यह काम किया गया. इस दौरान कई मतदानकर्ती अनुपस्थित थे, जिनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के 303 एवं माण्डर विधानसभा क्षेत्र के 430 मतदान केन्द्रों के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया.

### बूथों की 15 हजार 4डी कैमरे से निगरानी

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के चौथे चरण में आयोजित सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू लोकसभा सीट के सभी मतदान केंद्रों पर अंदर व बाहर की ओर 4डी कैमरे से निगरानी रखी जा रही है. इन सभी कैमरों की वेबकास्टिंग जिला निर्वाचन पदाधिकारी स्तर, मुख्यालय स्तर और भारत निर्वाचन आयोग के स्तर पर की जा रही है.

### बकरी बाजार में श्री राम मंदिर लुभाएगा

**रांची।** भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार की रविवार को बैठक हुई. इस बार भी भव्य रूप में 10 दिनों तक दुर्गोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया. साथ ही अयोध्या के श्रीराम मंदिर के प्रारूप पर आधारित पंडाल बनाने पर आम सहमति बनायी गयी. अध्यक्ष अशोक चौधरी ने बताया कि शारदीय नवरात्र तीन अक्टूबर से शुरू हो रहा है, लेकिन संघ ने इसकी तैयारी अभी से शुरू कर दी गयी है. उन्होंने बताया कि संघ 1958 से विभिन्न सांस्कृतिक, धार्मिक और रचनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाता रहा है. आगे भी प्रयास जारी रहेगा.

### यशस्विनी भारी मतों से जीतेंगी : मौलेश सिंह



**रांची।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मौलेश सिंह ने दावा किया है कि रांची संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय भारी मतों से विजयी होंगी. उन्होंने कहा कि भाजपा ने इस संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए कोई सार्थक कदम नहीं उठाया है, जिससे यहां की जनता क्षुब्ध है और इस बार अपने मतदान से भाजपा को करारा जवाब देगी.

## राजनीति में युवा शक्ति व सोच के साथ सकारात्मक बदलाव लाने की हमारी तैयारी

# राज्य के मौजूदा राजनीतिक हालात बदलने के लिए युवा आगे आएं : सुदेश

- गोमिया विधानसभा स्तरीय युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित, सुदेश महतो हुए शामिल

प्रमुख संवाददाता। रांची/ बोकारो



आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि सरकार की विकास विरोधी नीतियों के चलते राज्य के युवा बेरोजगारी और पलायन का दंश झेल रहे हैं. हमारा झारखंड लेबर स्टेट बनकर रह गया है. लाखों युवा जीवनयापन के लिए दूसरे प्रदेशों में पलायन करने को मजबूर हैं, जिसमें अधिकतर आदिवासी, दलित और पिछड़ा वर्ग से हैं. युवा राज्य में आवश्यक राजनीतिक परिवर्तन के वाहक हैं. वे तेनुघाट गेस्ट हाउस में आयोजित गोमिया विधानसभा स्तरीय युवा संवाद कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे. कार्यक्रम में क्षेत्र के हजारों युवाओं ने हिस्सा लिया.

**सरकार के पास युवाओं की बेहतरी के लिए कोई प्लान नहीं :** सुदेश ने कहा कि राज्य सरकार के के पास युवाओं की बेहतरी के लिए कोई प्लान नहीं है. साल में पांच लाख नौकरी का वादा कर सत्ता में आनेवाले लोग पिछले पांच साल के दौरान दस हजार नौकरियां भी नहीं दे पाये. उन्होंने युवाओं को छला है. रोजगार के नए अवसर पैदा करने की दिशा में भी पांच साला के दौरान कोई कदम नहीं उठाया गया है. झारखंड आंदोलन को मुकाम तक पहुंचाने में आजसू के युवा साथियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. आज राज्य के नवनिर्माण की घड़ी में आजसू के साथ ही युवा आजसू का भी योगदान अहम है. युवाओं के जोश, विचार, साथ और विश्वास के साथ हम नवनिर्माण की पटकथा लिखेंगे. राजनीति में युवा शक्ति, युवा सोच के साथ सकारात्मक बदलाव लाने की हमारी तैयारी है.

### हम सभी को मिलकर राज्य को बेहतर बनाने के लिए काम करना है

गोमिया के विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और दृष्टि को संवारना किसी भी राज्य की प्रगति और समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है. युवा अपने ताजा दृष्टिकोण, नवाचारी विचार और परिवर्तन के प्रति उत्साह के साथ राजनीतिक मानचित्र पर महत्वपूर्ण परिवर्तन लाने का दमखम रखते हैं. उनकी क्षमता को निखारने और बेहतर नेतृत्व क्षमता का विकास करने के लिए सशक्त मंच है आजसू. हम सभी को मिलकर राज्य को बेहतर बनाने के लिए काम करना है. कार्यक्रम में युवा आजसू के राज्य संयोजक सह बोकारो जिला प्राभारी टिकैत महतो, राज्य संयोजक अमित कुमार, बोकारो जिला सह प्रभारी तापस मेहता समेत अन्य कई पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे.

# गिरिडीह में भाजपा की नुक्कड़ सभा मरांडी ने अन्नपूर्णा के लिए वोट मांगा

**रांची/गिरिडीह।** गिरिडीह के तिसरी प्रखंड स्थित पालमो में भाजपा द्वारा आयोजित नुक्कड़ सभा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शामिल हुए. उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यों का सराहना की. कहा कि मोदी की सरकार में गरीबों के लिए उज्ज्वला योजना, मुफ्त अनाज, आयुष्मान योजना आदि महत्वाकांक्षी कार्य किये गये. कहा कि नरेंद्र मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल में देश विकासशील से विकसित देश होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है. इसलिए नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है. उन्होंने अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि यहां विरोधी टिमटिमाता तारा लेकर लड़ रहे हैं, ऐसे लोगों से सावधान रहें. उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य का गठन बीजेपी की ही देन है, कहा कि राज्य गठन के बाद झारखंड में विकास की गंगा बही. जगह-जगह सड़कों का जाल बिछा, बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलने लगी. कहा कि झारखंड में बीजेपी की सरकार के समय घर-घर बिजली पहुंची है.

**इंटरनेट पर राजनीतिक दल जमकर कर रहे प्रचार :** कसभा चुनाव को लेकर शहर से गांव तक और मुख्य सड़क से लेकर गली कूचों तक चुनावी चर्चाओं का बाजार तेज है. राजनीतिक पार्टियों से जुड़े लोगों समेत राज्य की सभी 14 सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करने में के अलावा आम मतदाता भी अपने-अपने तरीके से चुनावी समीकरण के विश्लेषण में जुटे हैं. सड़कों पर जहां चर्चाओं का दौर चल रहा है, वहीं खामोश मतदाताओं को रिझाने के लिए प्रत्याशी और उनके समर्थक इंटरनेट मीडिया पर धारदार चुनाव प्रचार कर रहे हैं. कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर राज धनवार के इलाकों में अलग-अलग जगहो पर लोगों की बैठकी शुरू हो गयी है. युवाओं की भूमिका सबसे जरूरी है. युवाओं पर खुद मतदान करने के साथ ही अन्य लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने की भी जिम्मेदारी है.

**लाइक और कमेंट से जीत हार का आकलन :** चुनावी गलियारों में प्रत्याशी जीत सुनिश्चित करने को लेकर अपने तरकश से कोई भी तीर चलाने से नहीं चूक रहे हैं. प्रत्याशियों और उसके समर्थकों द्वारा फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम, और व्हाट्सएप को प्रचार का जरिया बनाया गया है. पोस्ट पर मिल रहे लाइक और कमेंट के आधार पर उम्मीदवारों की जीत हार का आकलन किया जा रहा है.



#### कहा-बालू, अभ्रक और कोयला से कांग्रेस व जेएमएम वाले पैसा वसूली का काम करते हैं

मरांडी ने राज्य की इंडिया गठबंधन की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक सप्ताह पहले कांग्रेस के मंत्री आलमगीर आलम के सचिव के नौकर के पास से 35 करोड़ रुपये ईडी ने बरामद किये, तो सोचने वाली बात है कि मंत्री और सचिव के यहां कितना पैसा होगा? इस सरकार में बालू, अभ्रक और कोयला से कांग्रेस और जेएमएम वाले पैसा वसूली का काम करते हैं. कटकोको और तिसरी हाट में भी भाजपा ने नुक्कड़ सभा का आयोजन किया. यहां कोडरमा से आये दीपक दिलदार ने मिमिक्री कर लोगों को भाजपा को वोट देने की अपील की.



# एमसीएमसी/मीडिया कोषांग का सामान्य प्रेक्षक ने किया निरीक्षण

संवाददाता। रांची

रविवार को रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डीएस रमेश ने रांची अंचल कार्यालय (शहर) स्थित एमसीएमसी/ मीडिया कोषांग का निरीक्षण किया. इस दौरान नोडल पदाधिकारी एमसीएमसी/मीडिया कोषांग सह जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी रांची उर्वशी पांडे और सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रांची रवि शंकर मिश्रा उपस्थित रहे. सामान्य प्रेक्षक ने एमसीएमसी/ मीडिया कोषांग के कार्यों का विस्तृत मूल्यांकन करते हुए हो रहे सारे कार्यों का क्रमवार जानकारी ली. जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी ने सामान्य प्रेक्षक को पूरी जानकारी देते हुए बताया गया कि यह कोषांग पेड न्यूज/ फेक न्यूज/ विज्ञापन (इलेक्शन) में किस तरह कार्य कर रहा है.

यह कोषांग कैसे विज्ञापनों के प्री सर्टिफिकेशन करती है, इसके बारे में भी जानकारी दी गई. सामान्य प्रेक्षक द्वारा नोडल पदाधिकारी से जानकारी लेते हुए प्रिंट मीडिया में आने वाले पेड न्यूज/विज्ञापन/प्री सर्टिफिकेशन (पोल दिवस के एक दिन पूर्व) के बारे पूछा. उन्होंने एमसीएमसी/ मीडिया कोषांग में हो रहे कार्यों पर संतुष्टि जाहिर करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश का पालन करें.

# जन-जन तक कांग्रेस के गारंटी कार्ड को पहुंचाएं : निसार खान



संवाददाता। रांची

जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी निसार खान ने कांग्रेस द्वारा अपने घोषणापत्र में पांच न्याय युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय के साथ पच्चीस गारंटी कार्ड को गठबंधन के कार्यकर्ताओं से जन-जन तक पहुंचाने की अपील की है.उन्होंने कार्यकर्ताओं से नमामि गंगे, एक सौ स्मार्ट सीटी, सस्ता गैस सिलेंडर, दो करोड़ युवाओं को रोजगार, बेटी बचाओ, बुलेट ट्रेन, किसानों की आय दोगुना, पांच ट्रिलियन इकॉनमी, परिवार के लिए मकान, पैंतीस रुपये लीटर पेट्रोल का पर्दाफाश करने की अपील की.

## एक्वा वर्ल्ड में मदर्स डे पर विशेष कार्यक्रम, काजल को दूसरा स्थान

# नूपुर ने जीता बेस्ट मदर का खिताब

संवाददाता। रांची

रविवार को एक्वा वर्ल्ड, रांची मछली घर में मदर्स डे के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम मदर्स डे स्पेशल का आयोजन किया गया. एक्वा की पूरी शाम मम्मियों के नाम थी. म्यूजिकल क्विज का भी आयोजन किया गया, जिसका थीम मां था. सही जवाब देने वाले सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया. आज की शाम का मुख्य आकर्षण बेस्ट मदर प्रतियोगिता थी. जिसमें मम्मियों को अपने बच्चों के साथ रैंप वॉक करना था और बच्चों की पसंदीदा चीजों के बारे में क्वेश्चन आंसर राउंड भी था.



नूपुर ने बेस्ट मदर का खिताब जीता. काजल दूसरे स्थान पर रही और भवानी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में माताएं अपने बच्चों के साथ आई थी. बच्चों को 2 मिनट में 'माय मदर इस द बेस्ट' प्रतियोगिता के अंतर्गत अपनी मम्मी की खूबियों को बताना था.

## हाइकोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण ने दिया था निर्देश, बंदियों से मिलकर ली जानकारी

# झालसा ने किया होटवार जेल का निरीक्षण

संवाददाता। रांची

हाइकोर्ट के जस्टिस सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद के दिशानिर्देश पर झालसा टीम ने रविवार को रांची जेल का निरीक्षण किया. टीम में झालसा की सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना, प्रधान न्यायायुक्त सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची दिवाकर पांडे शामिल थे.

केंद्रीय कारा होटवार के निरीक्षण के दौरान वे पुरुष वार्ड में बंदियों से मिले और कम उम्र के दिख रहे बंदियों से उनके उम्र और केस की जानकारी ली. महिला वार्ड में महिला बंदियों और बच्चों को दिए जाने वाले पोषाहार की भी जानकारी ली. जेल अस्पताल का भी निरीक्षण कर उपस्थित डॉक्टर से बंदियों को दी जाने वाली सुविधा की जानकारी ली. साथ ही जेल में बंदियों को दी जा रही वोकेशनल ट्रेनिंग के संबंध मे भी जानकारी ली. इसके अलावा जेल के विधिक सहायता केंद्र, वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष और ई मुलाकात सेवा कक्ष का भी निरीक्षण किया. इस दौरान जेल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी विचाराधीन बंदियों को उनके अधिकार के संबंध में जानकारी दी गयी.



### जिला विधिक सेवा प्राधिकार को आवेदन कर सकते हैं

सदस्य सचिव ने बताया कि जिन बंदियों की जमानत हो गयी है, परंतु बेलर के अभाव में कारा में ही हैं, वे जमानत कंडीशन में बदलाव के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार को आवेदन कर सकते हैं. वैसे सजावार बंदी जिनकी अपील नहीं हुई है, वे भी जेल अपील दाखिल करने के लिए आवेदन दे सकते हैं. जिला विधिक सेवा प्राधिकार के साथ ही नवगठित कानूनी सहायता रक्षा वकील (लीगल एड डिफेंस काउंसिल) के बारे में भी जानकारी दी गई.

## कार्रवाई

## गैंगरेप से आहत कृषि विवि की छात्रा की आत्महत्या मामले में पुलिस को मिली सफलता

# रांची पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

संवाददाता। रांची

बूटी स्थित किशुनपुर की रहनेवाली 25 वर्षीय बीएयू की छात्रा ने पांच मई की रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. इस मामले में रांची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार किया है, जिनमें आनन्द मिंज, तरुण किंडो, जेम्स बा. और शशि उरांव शामिल हैं. इनके पास से पुलिस ने तीन मोबाइल फोन बरामद किया है. सदर डीएसपी ने रविवार की शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी.

**आत्महत्या से पहले युवती ने दो सुसाइड नोट भी लिखे थे :** आत्महत्या से पहले युवती ने दो सुसाइड नोट भी लिखे थे. इसमें उसने बताया था कि बीते छह मार्च को कोकर में उसके दोस्तों ने उसके साथ गैंगरेप किया था. उसके बाद से ही वह घुट-घुट कर जी रही थी. सुसाइड नोट में उसने रातू के काठीटांड़ निवासी आनंद मिंज और अरविंद किंडो के नाम का जिक्र किया है. युवती के अनुसार, उसे उस दिन बहला-फुसलाकर कोकर बुलाया गया, जहां उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया. युवती कांके स्थित कृषि विश्वविद्यालय में फॉरेस्ट्री विभाग में सेकेंड ईयर की छात्रा थी. सदर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद छात्रा का शव परिजनों को सौंप दिया था.



#### पहला सुसाइड नोट

आनंद मिंज, जिसका मोबाइल नंबर *487 है. छह मार्च 2024 को उसका कॉल आया. जब मैं उसके पास गयी, तो उसने मुझे बहुत जलील किया. उसने कॉन्फ्रेंस कॉल कर हमारे दोस्त के सामने मजाक बना कर रख दिया. उस दिन के बाद से हम बहुत रो रहे हैं. अब और रोना नहीं चाहते. इसको सजा दिलाना. सॉरी हो सके, तो हमें माफ कर देना.

#### दूसरा सुसाइड नोट

हमारी खुदकुशी की वजह आनंद मिंज और अरविंद किंडो हैं, जो काठीटांड़ के रहनेवाले हैं. छह मार्च 2024 की रात में बहला-फुसलाकर मुझे कोकर चौक के अंदर ले गये और वहां हमारे साथ गैंग रैप किया. हम घुट-घुट कर नहीं जी पायेंगे. अब इसलिए हम जा रहे हैं. सबको सॉरी! सॉरी मां! सीसीटीवी कैमरा में सब कैद हो गया है.

# धुर्वा डैम से दो भाइयों के शव बरामद

- शनिवार को नहाने के दौरान डूब गए थे आर्य और आलोक

संवाददाता। रांची

नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित धुर्वा डैम में शनिवार को नहाने के दौरान डूबे दो भाइयों के शव बरामद हो गये हैं. एनडीआरफ की टीम ने रविवार को दोनों के शवों को डैम से बाहर निकाला. दोनों भाईयों की पहचान धुर्वा डैम टंकी साइड निवासी सुदीप शर्मा का बेटे आर्य शर्मा (16 वर्ष) और भतीजे आलोक उर्फ प्रशांत (17 वर्ष) के रूप में हुई है. आर्य शर्मा के पिता सुदीप शर्मा ने बताया कि दोनों बच्चे घर से कब धुर्वा डैम चले गये, उन्हें पता ही नहीं चला. दोनों का शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया. रो-रोकर परिजनों का बुरा हाल था.



### नहाने के क्रम में खतरे का निशान पार कर गये थे दोनों

जानकारी के अनसार, आर्य शर्मा और आलोक शनिवार को नहाने के दौरान धुर्वा डैम में डूब गये थे. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों लड़के डैम में बने खतरे के निशान को पार कर गये थे, जिसकी वजह से वह डूब गये. स्थानीय गोताखोरों ने शनिवार को काफी खोजबीन की. लेकिन दोनों का कुछ पता नहीं चल पाया था. इसके बाद शनिवार की शाम करीब 4 .45 बजे एनडीआरएफ की टीम वहां पहुंची और दोनों भाईयों के शवों को खोजबीन की. लेकिन अंधेरा होने के कारण उनका पता नहीं चल पाया. इसके बाद आज रविवार की सुबह एनडीआरएफ की टीम फिर से तलाश शुरू की और दोनों के शव बरामद कर लिये. दोनों भाई प्रभात तारा स्कूल के विद्यार्थी थे.

**उपलब्धि :** आईएट्एसएस फोरम फेलोशिप के लिए किया गया है रांची के राजेश का चयन

# अखबार बेचनेवाले राजेश जापान में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

**कौशल आनंद।रांची**

12 साल तक अखबार बेचने वाले रांची के राजेश का चयन आईएट्एसएस फेलोशिप के लिए हुआ है. राजेश 18 मई से 16 जुलाई तक जापान में 10 एशियाई देशों के बीच भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे. राजेश की माली हालत इतनी खराब थी कि वह अपनी शिक्षा का खर्च मैनेज करने के लिए रांची की गलियों और चाक-चौराहों पर अखबार बेचने लगे. इनका चयन इंटरनेशरल एसोसिएशन ऑफ ट्रैफिक एंड सेफ्टी सांइस फेलोशिप के लिए हुआ है. राजेश दिल्ली की रहनेवाली अन्य दो साथियों आयुषी और नैना के साथ भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे. राजेश अपने परिवार में पहले व्यक्ति हैं, जिन्होंने हाई स्कूल और उससे आगे की पढ़ाई की है. मारवाड़ी हाई स्कूल से पढ़ाई करने वाले राजेश ने संत जेवियर्स कॉलेज से बीए और एमए की पढ़ाई की है और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में आम लोगों के बीच जागरूकता लाने का काम करते रहे हैं. इसके अलावा राजेश देश और समाज़ में नेतृत्व निर्माण के लिए भी प्रतिबद्ध हैं. फिलहाल वे परिवार के साथ नामकुम के कालीनगर में रह रहे हैं.



**प्रत्येक एशियाई देश के दो-दो प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे :** कार्यक्रम में भारत के अलावा कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, मयांमार, फिलिपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम से भी दो-दो प्रतिनिधि भाग लेंगे. भारत में आईएट्एसएस फोरम सचिवालय लीड इंडिया द्वारा आयोजित दो चरणों की कठिन आवेदन और इंटरव्यू प्रक्रिया द्वारा राजेश का चयन देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया गया है.

**संस्था का उद्देश्य एशिया में नेतृत्व कौशल विकसित करना**

1985 में स्थापित आईएट्एसएस फोरम एक अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान है, जिसका उद्देश्य ऐसे व्यक्तियों में सर्वोत्तम गुण लाना है, जो एक दिन एशिया में भविष्य के नेता बनेंगे. यह फोरम एक ऐसा मंच प्रदान करता है, जहां पेशेवर युवा एकत्रित होते हैं. संबंधित एशियाई देशों से युवा और उत्कृष्ट व्यक्तियों को आमंत्रित करते हुए, यह प्रतिभागियों को सेमिनार, फील्ड स्टडी, ग्रुप स्टडी और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से एक-दूसरे के देशों को समझने के साथ-साथ एशिया में वर्तमान मुद्दों को हल करने के प्रयास करने के अवसर प्रदान करता है.

# 13 स्वर्ण के साथ ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सरला बिरला स्कूल ओवरऑल चैंपियन

**संवाददाता।रांची**



कैराली स्कूल के जूनियर विंग में रविवार को एकदिवसीय बिरसा मुंडा रांची जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजित हुआ. प्रतियोगिता में सब जूनियर, कैडेट, जूनियर व सीनियर आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था. प्रतियोगिता में 13 स्वर्ण पदक के साथ सरला बिरला स्कूल की टीम पहले स्थान पर रही. नौ स्वर्ण के साथ ऑक्सफोर्ड स्कूल दूसरे व छह स्वर्ण के साथ कैराली स्कूल ने तीसरा स्थान हासिल किया. प्रतियोगिता में अलग-अलग आयु वर्ग, सब जूनियर में सरला बिरला स्कूल, कैडेट में गोंदलीपोखर, जूनियर में बेड़ो क्लब व सीनियर में धुर्वा नंबर-1 क्लब की टीम विजेता रही. बता दें कि सभी स्वर्ण विजेता आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे. मुख्य अतिथि के रूप में प्रतियोगिता का उद्घाटन कैराली स्कूल के प्राचार्य राजेश पिल्लई, विशिष्ट अतिथि प्रो. जया सिन्हा, समाजसेवी जगदीश सिंह जग्गू, केंद्रीय विद्यालय संगठन रांची संभाग के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, जिला संघ के उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह, क्रिकेट खिलाड़ी समेंद्र लाल व कैराली स्कूल जूनियर विंग के कॉर्डिनेटर जीआरके नायर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया.

## ब्रीफ खबरें

### रांची में जेठ जतरा का आयोजन 23 मई को

**रांची।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी 23 मई को रांची में जेठ जतरा मनाया जाएगा. जेठ जतरा को लेकर रविवार को केद्रीय धुमकुडिया भवन करमटोली में विजय पाहन की अध्यक्षता में बैठक हुई. पाहन ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि 47 वर्षों से जेठ जतरा का आयोजन होता आया है. समिति के अध्यक्ष गौतम उरांव ने कहा कि करमटोली धुमकुडिया भवन में पूर्वज धान कटाई और धान मिसाई करते थे. लेकिन आज भवन बन गया है. मौके पर रवि खलखो, अतुल कच्छप, संजय लोहरा, उमेश कच्छप, विजय कच्छप, कृष्णा कच्छप समेत अन्य शामिल हैं.

### सीता नवमी पर भक्तों ने किया संकीर्तन

**रांची।** प्राचीन राम मंदिर, चुटिया में रविवार को सीता नवमी श्रद्धाभाव से मनाया गया. महंथ गोकुल दास जी के सान्निध्य में भक्तों ने पूजा-अर्चना कर देवी-देवताओं की आरती उतारी. घंटों भजन-संकीर्तन कर श्रद्धा का पुष्प चढ़ाया.दोपहर बाद भोग लगाया गया सभी के बीच प्रसाद बांटा गया. इस्कान के वेदप्रकाश अग्रवाल, विजय साहू, कैलाश केशरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इसमें हिस्सा लिया.

### पहाड़ी मंदिर में किया गया श्रृंगार पूजन

**रांची।** पहाड़ी मंदिर में रविवार को महाकाल बाबा का श्रृंगार-पूजन कर महाआरती उतारी गयी. श्रीशिव बारात आयोजन महासमिति और पहाड़ी मंदिर विकास समिति की ओर से इसका आयोजन किया गया. इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ के साथ महासमिति के मुख्य संरक्षक सुबोधकांत सहाय, रेखा सहाय, लोकसभा की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया. संयोजक दीपक लाल, अध्यक्ष राजेश साहू, बादल सिंह ने महाअभिषेक कर पुष्प श्रृंगार किया तथा छप्पन भोग लगा कर बाबा और मां काली की महाआरती उतारी.

### प्रणामी संस्थान के भंडारे में बंटा स्वादिष्ट व्यंजन

**रांची।** निर्माणाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम, पुंदाग में रविवार को 148 वां भंडारा चलाया गया. इस बार का भंडारा विद्या देवी अग्रवाल ने बेटे,पोते की शादी की सालगिरह और पोती के जन्मदिवस पर चलाया.अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, विजय अग्रवाल, प्रमोद सारस्वत, दिलीप अग्रवाल, प्रेमचंद श्रीवास्तव लाला, अरविंद अग्रवाल, अमिता जालान, शकुंतला देवी आदि ने योगदान दिया.

आईएचएम रांची की अनोखी पहल : पेशेवर विकास में महत्वपूर्ण कदम

# वनकर्मियों को दिया गया आतिथ्य सत्कार का प्रशिक्षण

**संवाददाता।रांची**



होटल प्रबंधन संस्थान आईएचएम रांची द्वारा झारखंड राज्य में प्रशिक्षण के माध्यम से "आतिथ्य सत्कार" में बदलाव लाया जा रहा है. आईएचएम में झारखंड के वन विभाग में कार्यरत कर्मियों को "आतिथ्य सत्कार" विषय पर प्रशिक्षण दिया गया. 18 मार्च से 11 मई तक पांच चरणों में प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें हर बैच में 20 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. इस हिसाब से कुल 100 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया. वर्ष 2024 के जनवरी से मार्च माह तक संस्थान द्वारा पर्यटन जागरुकता कार्यक्रम, कौशल परीक्षण प्रमाणन और पर्यटन क्षेत्रों में कौशल विकास कार्यक्रम के तहत पर्यटन स्थानों में कार्यरत पर्यटक मित्रों व टूरिस्ट गाइड के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्रशिक्षित कर्मचारियों को प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया गया.

**स्वच्छता का महत्व समझाया गया :** प्रशिक्षण के दौरान वन कर्मचारियों को हाउसकीपिंग, फ़ूड एंड बेवरेज सर्विस एवं फ्रंट ऑफिस विभागों से संबंधित काम करने के लिए प्रशिक्षित किया गया, जिसमें सौंदर्य और स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व को समझना, व्यावसायिक स्वच्छता को कैसे चित्रित करें, समान मानकों के लिए सामान्य कंपनी नीति, कार्यस्थल की स्वच्छता, खाद्य एवं पेय सेवा, खाद्य व पेय संबंधित उपकरण की पहचान, टेबल सेटअप और कवर बिछाने, अतिथियों का स्वागत व अनुरक्षण, मेनू प्रस्तुति, खाद्य लागत निर्धारण का परिचय, शारीरिक भाषा, दूरभाष शिष्टाचार, हाउसकीपिंग व्यावहारिक, हाउसकीपिंग उपकरण चलाने का तरीका के बारे में जानकारी दी गयी.

**कचरा प्रबंधन की भी जानकारी दी गयी :** प्रशिक्षण के दौरान कचरा प्रबंधन व उसका निपटान करना, कचरे के प्रकार, पुनः प्रयोज्य कचरे की खोज, संग्रह, पृथक्करणकर्ता की भूमिका,अभिवादन शैली, अतिथि सेवा में शिष्टाचार की भूमिका, सेवा उद्योग में सफलता के लिए आवश्यक सामान्य शिष्टाचार और शिष्टाचार की आदतों का महत्व, उचित शिष्टाचार और व अतिथि सेवा से संबंधित विशेष परिस्थितियों से निपटने के लिए तकनीक की पहचान कैसे करें, आग, दुर्घटना की स्थिति में आपातकालीन स्थिति, अग्नि व अग्निशामक यंत्र के प्रकार, सार्वजनिक क्षेत्रों की सफाई - व्यावहारिक, क्रॉकरी, कटलरी और कांच के बर्तनों की सफाई, अतिथि शिकायतों को संभालना, मेहमानों और अधिकारियों के साथ व्यवहार करते समय क्या करें और क्या न करें जैसे विषयों की भी जानकारी दी गयी.

**खास बातें**

- 18 मार्च से 11 मई तक 100 प्रतिभागियों को मिला प्रशिक्षण
- पर्यटन जागरूकता और पर्यटन क्षेत्रों में कौशल विकास कार्यक्रम

**कर्मियों को आतिथ्य और सेवा के महत्व की जानकारी मिली**

संस्थान के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार ने बताया की आईएचएम, रांची द्वारा आतिथ्य सत्कार प्रशिक्षण से कर्मियों को आतिथ्य और सेवा के महत्व का अनुभव होता है, जो उनके कर्मस्थल में सामाजिक और पेशेवर रूप से महत्वपूर्ण है. यह उनकी संवेदनशीलता और विनम्रता को भी विकसित करता है. साथ हीं आतिथ्य सत्कार प्रशिक्षण कर्मियों को संवाद कौशल, संगठनात्मक योजना और समस्या समाधान के लिए तैयार कर रहा है, जिससे उनके पेशेवर विकास में मदद मिल रही है. इसके साथ ही, यह कार्यस्थल पर उनकी प्रतिष्ठा बढ़ाने के साथ ही साथ विश्वास जीतने में मदद करेगा.

### श्रीराम मंदिर में देर शाम तक चला भजन-संकीर्तन

**रांची।** श्रीराम मंदिर गाड़ीखाना का परिसर रविवार को भक्ति गीतों से देर शाम तक गुंजायमान रहा. यहां अक्षय तृतीया पर भजन-संकीर्तन का खास आयोजन किया गया. इसमें स्थानीय भजन गायकों ने जहां डमरू वाले का परिवार निराला है ... जैसे भजनो की लड़ियां लगायीं, वही मंदिर समिति की ओर से वृहत रूप में भंडारा भी चलाया गया. शाम चार बजे अखंड ज्योत प्रज्वलित की गयी. मंदिर के महंथ अमर दास के सान्निध्य में मुख्य यजमान सुरेश सरावगी ने दीप प्रज्वलित किया. मौके पर सजे दरबार के समक्ष महंथ जी ने सभी की कलाइयों पर रक्षा सूत्र बांध कर मंगल कामनाएं कीं. इसके बाद मदन सोनी, पवन शर्मा और श्रवण ढांढनिया ने गणेश वंदना से शुरुआत कर भक्ति की अविरल धारा बहायी.

### राधाकृष्ण मंदिर के प्रबंधकों को सनातन रत्न सम्मान



**रांची।** नगर प्रसिद्ध धार्मिक संस्था सूरज संगम के तत्वावधान में रविवार को रातूरोड में कृष्णानगर के श्री राधाकृष्ण मंदिर में उचिव रख-रखाव और पूजा-पाठ की शानदार व्यवस्था के लिए मनोहर लाल जसूजा, केशर पपनेजा, रामचंद्र तलेजा एवं चंद्रभान तलेजा को सनातन रत्न से सम्मानित किया एवं उन्हें पुरस्कार दिया गया. अपर बाजार रांची के मारवाड़ी टोला में सूरज संगम के कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में विष्णुदेव प्रसाद लीलू, चंदन कुमार, पंकज वर्मा, शंकर प्रसाद आदि मौजूद थे.

## न्यूज अपडेट

### जस्टिस क्रिकेट एकेडमी की टीम बनी चैंपियन




**रांची।** रांची जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित गौरव एंड सात्विक मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में जस्टिस क्रिकेट एकेडमी की टीम चैंपियन बनी. रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में जस्टिस क्रिकेट एकेडमी ने यूनाइटेड क्रिकेट एकेडमी को सात विकेट से हराया. पहले बल्लेबाजी करते हुए यूनाइटेड एकेडमी की टीम ने 181 रन बनाए. टीम के लिए कलेश्वर गोप ने सर्वाधिक 83 व अयान राज 47 रन बनाए. जस्टिसक के राम ने चार व आर्यन ने तीन विकेट चटकाए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी जस्टिस ने टीम ने जयंत के शतक से महज तीन विकेट खोकर जीत हासिल की.

### एनटीएचए जमशेदपुर और झारखंड 11 ने मुकाबले जीते



**रांची।** हॉकी झारखंड के सहयोग से हॉकी रांची के द्वारा आयोजित हॉकी रांची लीग में रविवार को पुरुष वर्ग में दो मैच खेले गए, जिसमें एनटीएचए जमशेदपुर व झारखंड 11 के टीम ने जीत हासिल की. एनटीएचए जमशेदपुर की टीम ने एकतरफा मुकाबले में हुलहुंदू को 9-0 से हराया. झारखंड 11 की टीम ने सिनी खूंटी को 8-0 से हराकर पूरे अंक अर्जित किए. आयोजन को सफल बनाने में हॉकी रांची के माइकल लाल, जयंत केरकेट्टा, असरिता लकड़ा, मनोज प्रधान, करुणा पूर्ति, नोमिता टोप्पो, नीतू कुमारी, प्रमोद केरकेट्टा, डेनिस केरकेट्टा, अभिषेक साहू समेत अन्य लोग शामिल थे.

### पुन: मैथिली मंच के अध्यक्ष बनाये गये विनय झा



**रांची ।** झारखंड मैथिली मंच रांची के तत्वावधान में हरमू स्थित बाबा विद्यापति दलान में रविवार को अपराह्न 4 बजे से द्विवर्षीय आम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें पिछले कार्यकाल 2022-23 एवं 2023-24 का लेखा जोखा आम सभा से ध्वनि मत से पारित किया गया. तत्पश्चात आगामी दो वर्षों के कार्यकाल के लिए सर्व सम्मति से अध्यक्ष विनय कुमार झा, महासचिव जयन्त कुमार झा एवं कोषाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र का चुनाव किया गया. अन्य कार्यकारिणी का गठन वरिष्ठ सदस्यों की सहमति से बाद में किया जाएगा. नव चयनित अध्यक्ष, महासचिव एवं कोषाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से मंच के सभी नियमित कार्यक्रम को जारी रखते हुए विद्यापति दलान (भवन) निर्माण को आगे और बढाने के लिए ठोस एवं सकारात्मक पहल करने का संकल्प लिया. चुनाव प्रभारी ब्रज कुमार झा एवं अभय कुमार झा ने आगामी सत्र के लिए चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराया.

### समाज के लिए अभिशाप है नशा : मिथलेश

रांची। नशा समाज के लिए अभिशाप है. नशा ही नाश का कारण है. नशा करने से न केवल वह व्यक्ति, बल्कि पूरा परिवार दुखी रहता है. इससे धन और शरीर दोनों की हानि होती है. उक्त बातें मिथलेश नंदिनी शरण जी महाराज ने कही. वे अशोक नगर में रविवार को नशा से मुक्ति अध्यात्म से साक्षात्कार, एक अनुभवी यात्रा की शुरुआत नामक परिसंवाद कार्यक्रम में लोगों को अपना अशीर्वचन प्रदान कर रहे थे. इसका आयोजन उत्कर्षिणी फाउंडेशन और देवालय चिंतन स्थल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था. महाराज जी ने कहा कि देश में तेज गति से जन जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है. उन्होंने योग और साधना पर भी विस्तार से प्रकाश डाला. बताया कि यह जीवन की सफलता के लिए जरूरी है. मनुष्य को सर्वप्रथम अपने आपको जानने की कोशिश करनी चाहिए.

### शहर में सिर चढ़कर बोल रहा है जे कुमार का जादू



**रांची।** विश्व प्रसिद्ध जादूगर जे कुमार का शो लोग बढ़चढ़ कर देख रहे हैं. राजधानी के कचहरी रोड स्थित अटल स्मृति वेंडर मार्केट के रॉयल हाइट बैंक्वेट हॉल में दूसरे दिन भी भव्य इंद्रजाल शो दिखाया गया. जिससे लोगों का भरपूर मनोरंजन हो रहा है. साथ ही जे कुमार कई सामाजिक संदेश भी दर्शकों का दिल जीत रहे हैं. अपने दो घंटे के रोमांचक शो के दौरान उन्होंने देश की आजादी के जंग पर आधारित पर प्रभावशाली जादू दिखाने के साथ लोकतंत्र के महापर्व चुनाव की महत्ता को भी दर्शाया. लोगों से हर हाल में अपना अपना वोट डालने की अपील भी की. जिसे दर्शकों ने खूब सराहा. जादूगर शो में पचास से ज्यादा युवक युवती शामिल हैं.जो कलाकारों की टीम के साथ एशिया का सबसे बड़ा और भव्य लाइव जादू शो प्रदर्शित कर रहे हैं. जादूगर जे कुमार ने शो के दौरान बताया कि रांची के लोगों का उन्हें भरपूर सहयोग मिल रहा है.

# शिविर लगा 34 दिव्यांगों को दिये गये नि:शुल्क कृत्रिम हाथ



**संवाददाता।रांची**

बढ़ती आबादी को बेहतर स्वास्थ सेवा उपलब्ध कराना चुनौतीपूर्ण कार्य है. केंद्र और राज्य सरकार इसे लेकर काफी गंभीर है. नए मेडिकल कॉलेज खोले गए है. इसी दिशा में रांची सदर हॉस्पिटल को अपग्रेड किया गया है. उक्त बातें स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने कही. वे बरियातू रोड स्थित महावीर भवन में रविवार को भगवान महावीर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर एवं रोटरी क्लब, जयपुर मेजेस्टी के नि:शुल्क कृत्रिम हाथ वितरण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि विचार व्यक्त कर रहे थे. शिविर में 34 दिव्यांगजनों को एलन-4 प्रॉस्थेटिक हाथ लगाए गए. साथ ही अरिहंत जैन ने दो दिव्यांगजनों को व्हील चेयर भेंट किया. शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि संग विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रभात कुमार, सिविल सर्जन, एलएन-4 एम्बेसडर शांतिलाल गंगवाल, अनिल कुमार शर्मा, मेडिका हॉस्पिटल के एवीपी, अध्यक्ष पूरनमल जैन, मंत्री पदम कुमार छाबडा, गोविंद राम सरावगी ने किया. संचालन प्रदीप बाकलीवाल ने किया.

**सीनियर डिवीजन फुटबॉल का आगाज :** बड़ाम ने मेकॉन को रोका

# चुट्टू और जेएसएसपीएस की जीत

**खेल संवाददाता।रांची**



छोटानागपुर एथलेटिक्स एसोसिएशन (सीएए) की ओर से आयोजित सत्र 2024-25 सीनियर डिवीजन फुटबॉल लीग का शानदार आगाज रविवार से होटवार के खेलगांव में हुआ. उद्घाटन मैच जेएसएसपीएस व प्रकाश क्लब रुपुपीढ़ी के बीच खेला गया. होम ग्राउंड में जेएसएसपीएस के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर एकतरफा मुकाबले में रुपुपीढ़ी को 3-0 से पराजित किया. हालांकि पहले हाफ के खेल में रुपुपीढ़ी के खिलाड़ियों ने अपनी ओर गोल होने नहीं दिया. लेकिन दूसरे हाफ में शानदार रणनीति बनाकर जेएसएसपीएस के खिलाड़ियों ने हमला करना शुरू किया. 38वें मिनट में कृष्णा कुमार ने गोल कर टीम का खाता खोला. 55वें मिनट में उदित मुंडा व 67वें मिनट में सगन ने गोलकर टीम को बड़ी जीत दिला दी. वहीं, दूसरा मुकाबाला स्पोर्टिंग यूनियव व संत जॉन्स का गोल रहित पर समाप्त हुआ. मैच से पहले नामकुम जिप सदस्य रामअवतार केरकेट्टा, लाइफ केयर हॉस्पिटल के डॉ सामुएल लकड़ा ने खिलाड़ियों ने परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया. इस मौके पर सीएए के महासचिव आसिफ नईम, चेयरमैन नसीम अख्तर, संयुक्त सचिव लाल आरएन नाथ शहदेव, झारखंड रेफरी बोर्ड के मेंबर मो फरीद खान, राजेश अग्रवाल, संतोष उरांव, पूर्व सीएए सचिव मो हलीमउद्दीन सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे.

**मुन्ना के गोल से पराजित हुआ कोकर**

सुबह में लीग का पहला मैच चैंपियन मेकॉन और फोर एस क्लब बड़ाम के बीच खेला गया. हालांकि पहले हाफ के खेल में मेकॉन को गोल करने के कई मौके मिले लेकिन खिलाड़ी इसे गोल में तब्दील नहीं कर सकें. पहले हाफ गोल रहित पर समाप्त हुआ. दूसरे हाफ के खेल में बड़ाम के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर मेकॉन के हर अटैक को नाकाम किया. अंत तक दोनों ही टीम कोई गोल नहीं कर सकी. दूसरा मुकाबला चुट्टू और बिरसा क्लब कोकर के बीच खेला गया. इस मैच में चुट्टू ने कोकर को 1-0 से हराया. 56वें मिनट में जूनियर मुन्ना ने गोल किया.

**मदर्स डे** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र में आयोजन

# मां के बिना घर की खुशहाली अधूरी है : डॉ. अर्चना

**संवाददाता।रांची**



झारखंड सरकार के अधीनस्थ राजयोग केंद्र की निदेशक डॉ अर्चना ने कहा कि मां के बिना घर की खुशहाली अधूरी है. डॉ. अर्चना रविवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आयोजित मदर्स डे समारोह में विचार कर रही थीं. यह कार्यक्रम चौधरी बगान हरमू रोड में ईश्वरी विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र में आयोजित किया गया था. उन्होंने कहा कि स्वस्थ एवं स्वच्छ परिवार के लिए माता की भूमिका समाज में बहुत ही अहम होती है.

उपस्थित श्रद्धालुओं को अपना आशीवर्चन प्रदान करती हुए संस्थान की संचालिका ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी निर्मला बहन ने कहा कि मातृशक्ति के सम्मान के परिचायक के रूप में देवी की पूजा-अर्चना की जाती है, लेकिन विडम्बना है कि इसके बावजूद लोग महिलाओं पर अत्याचार करने से नहीं चूकते. मूर्तियों की बड़ी भावना से अर्चना होती है, परंतु चैतन्य रूप में नारी का उतना ही तिरस्कार हो रहा है. समय की मांग है नारी जागे. परमात्म संबल से सम्मानजनक सिंहासन पर आसीन हो. कार्यक्रम के दौरान बाल कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य भी प्रस्तुत किये गये.

इनर व्हील क्लब की प्रसीडेंट माया वर्मा ने कहा आज तक हम मातृ दिवस पर शरीर को जन्म देने वाली तथा शरीर का पालन करने वाली मां का सम्मान करते आए हैं. लेकिन इस मानव जीवन में हमारी और भी अनेक मां हैं. भारत मां, प्रकृति मां तथा परम मां परमात्मा शामिल है. जीवन में मां के महत्व को समझना होगा. मां का सपूत बन कर दिखाना होगा. अब परम मां अर्थात परमात्मा से संबंध जोड़कर उनके असीम प्यार का अनुभव करने की जरूरत है. नाबार्ड बैंक के डीजीएम सुभाष चन्द्र गर्ग ने कहा मां शब्द में जादू है. छड़ी घुमाते ही जीवन की सारी मुश्किलों को आसान कर देती है. हमारे जीवन में भगवान के महत्व को समझाती है. वर्तमान समय में परिवार में बढ़ रही विकृतियों को दूर करने की आवश्यकता है. एकता, प्रेम व स्नेह के सूत्र में बांधने का श्रेष्ठ कार्य मा ही कर सकती है. माँ हमारी सच्ची गुरू, सच्ची मार्गदर्शक, विश्वसनीय मित्र , मददगार साथी है.माँ का वर्णन शब्दों में करना असंभव है. नारी जगजननी है परंतु आज नारी का माता रूप विलुप्त होती जा रही है.

हुण्डई मोटर्स के मैनेजर अमरजीत ने कहा कि माताओं की बेहतर स्थिति बनाने की जरूरत है. इसके लिए हम सभी को आध्यात्मिकता की सुन्दर शीतल सुरक्षित छाया में आना होगा. मंदिर की शोभा प्रतिमा है, घर की शोभा मां होती है.

मदर्स डे पर पारस हॉस्पिटल एचईसी के डॉक्टरों की बढ़ती उम्र की मां को सलाह

# समय-समय पर करायें हेल्थ चेकअप

**संवाददाता।रांची**

मां के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए हर साल मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है. इस वर्ष मदर्स डे 12 मई रविवार को मनाया जा रहा है. मां डॉक्टर होती है, जो हमारे हर छोटे-मोटे दर्द का इलाज करती है. इस मदर्स डे पर एचइसी धुर्वा स्थित पारस हॉस्पिटल ने जिन महिलाओं की उम्र 40 साल से ज्यादा हो गयी है, उन्हें कई प्रकार के जांच करने की सलाह दी है. खासतौर पर 60 की उम्र पार करने के बाद महिलाओं के स्वास्थ्य पर ध्यान देने को कहा है. पारस हॉस्पिटल की गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ. अनुपमा सिंह ने कहा कि बढ़ती उम्र में महिलाओं को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं होने का खतरा होता है और इससे बचने के लिए समय-समय पर हेल्थ चेकअप कराने चाहिए. इससे बीमारियों से बचने में मदद मिलेगी और सही समय पर उन्हें डिटेक्ट कर इलाज करने में भी आसानी होगी.

गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ. अंशु अग्रवाल ने कहा कि 60 की उम्र पार करने के बाद महिलाओं के शरीर में कई जरूरी विटामिन्स व न्यूट्रिएंट्स की कमी हो सकती है. इससे कई बीमारियों का खतरा भी बना रहता है. इसलिए कुछ जरूरी टेस्ट करवाएं, ताकि वह लंबे समय तक सेहतमंद बनी रहे. सभी महिलाओं को हर साल कुछ हेल्थ चेकअप कराने चाहिए, ताकि बीमारियों का पता सही वक्त पर चल सके और बेहतर इलाज हो सके. इनमें ब्रेस्ट एग्जामिनेशन, गायनी एग्जामिनेशन, पैप स्मीयर, अल्ट्रासाउंड और ब्लड टेस्ट कराने चाहिए.

गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ. स्निग्धा चटर्जी ने कहा कि जिन महिलाओं की उम्र 40 साल से ज्यादा है, तो मैमोग्राम टेस्ट कराना चाहिए. ये टेस्ट अनिवार्य होते हैं और सभी महिलाओं को हर साल करवाने चाहिए. इससे बीमारियों से बचने में मदद मिल सकती है. 50 की उम्र में हर साल ईसीजी, इको, ईकेजी (इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम) बीपी और टीएमटी कराने चाहिए. हर साल कोलेस्ट्रॉल की जांच करवानी चाहिए. अगर आपको डायबिटीज, हार्ट या किडनी से जुड़ी कोई समस्या है तो इससे भी जल्दी डॉक्टर की सलाह पर टेस्ट करवाते रहे. उम्र बढ़ने के साथ आंखों में मोतियाबिंदु या ग्लूकोमा की शिकायत होने लगती है. हर छह माह पर डॉक्टर की सलाह से आंखों की जांच करवाते रहना चाहिए.



# लोकसभा चुनाव 2024, सोच समझकर वोट करें

## सांसद कैसा हो, चर्चा में ज्यादातर लोगों ने कहा

# हमें बड़बोला सांसद नहीं चाहिए

1. जो वोट के लिए झूठे वादे न करे, जो कहे वह करे
2. शिक्षित, मिलनसार और अच्छी सोच समझ वाला हो
3. जनभावनाओं को समझे और उसके अनुरूप काम करे
4. क्षेत्र से जमीनी तौर पर जुड़े और संवेदनशील हो



**लोकसभा चुनाव को लेकर जहां राजनीतिक दलों में सरगर्मी तेज है. वहीं लोगों के बीच सही जनप्रतिनिधि यानी सांसद चुनने को लेकर चर्चा जोरों पर है. हमारा सांसद कैसा हो, इस मुद्दे पर जब भी चर्चा होती है, लोग यह कहना नहीं भूलते हैं कि आम तौर पर प्रत्याशी चुनाव के समय जो वादे करते हैं उससे ज्यादातर लोग मुकर जाते हैं. इसलिए इस बार हम वैसे प्रत्याशी को अपना प्रतिनिधि चुनेंगे जो वाद कर मुकरे नहीं, जो बात कहे उसे करे. वोट के लिए झूठी बाते करने वाले सांसद हमें नहीं चाहिए. साथ ही उसकी छवि अच्छी होनी चाहिए. शिक्षित हो, विभिन्न विषयों की जानकारी हो, समस्याओं के प्रति गंभीर और अपने क्षेत्र के प्रति समर्पित हो. लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुने और उनका निकाकरण करे. अपनी प्रतिक्रिया में बहुत सारे लोगों ने यह भी कहा कि बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और अवागमन की सुविधा दुरुस्त होनी चाहिए और आधुनिकता के इस दौड़ हमारा क्षेत्र पीछे नहीं रहे इसका उन्हें विशेष ध्यान रहे. शुभम संदेश की टीम ने विभिन्न जिलों में इस मुद्दे पर युवाओं बुद्धिजीवियों की राय जानी है. पेश है रिपोर्ट.**

## लातेहार

### जो छात्रों के लिए शिक्षा की बेहतर व्यवस्था कर सकेंगे हम उसे वोट करेंगे : देवाशीष



लातेहार के बीमा अभिकर्ता देवाशीष कुमार ने कहा कि सांसद युवाओं को साथ लेकर चलने वाला होना चाहिए. छात्राओं के लिए बेहतर शिक्षा की व्यवस्था करने एवं युवाओं के लिए रोजगार दिलाने की सोंच रखने वाला होना चाहिए. लातेहार जिले में रोजगा की काफी कमी है. दो पावर प्लांट लगाये जा रहे थे, लेकिन बाद में बंद हो गये. अभिजीत ग्रुप व एस्सार ग्रुप के द्वारा लातेहार के चंदवा में पावर प्लांट लगाये जा रहे थे, लेकिन कोल आवंटन रद्द होने के कारण दोनो बंद हो गये. कुछ ऐसा प्रयास करना चाहिए कि लातेहार में उद्योग स्थापित हो सकें.

### जो स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में पहल कर सके : आनंद कुमार



लातेहार के युवा मतदाता आनंद कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में लातेहार बहुत ही पिछड़ा हुआ है. जबकि यह मूलभूत आवश्यकताओं में से एक है. लातेहार में बहुमंजिला सदर अस्पताल तो है लेकिन विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं हैं. इस कारण मामूली रोगों में भी लोगों को बाहर जाना पड़ता है. सांसद ऐसा हो जो स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में पहल करे. लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराये. सांसद ऐसा हो जो लोगों की समस्याओं के प्रति गंभीर हो.

### शिक्षा की बेहतर व्यवस्था हो: मनोज राम



स्टेशन रोड, लातेहार के मनोज राम ने कहा कि लातेहार में उच्च शिक्षा की बेहद कमी है. मैट्रिक और इंटर तक तो छात्र व छात्रायें पढ़ लेते हैं, लेकिन सबसे अधिक परेशानी उच्च शिक्षा की होती है. एक सरकारी सबद्धता प्राप्त महाविद्यालय तो है, लेकिन उसमें फीस अधिक होने के कारण सब बच्चे पढ़ नहीं पाते हैं. पहले से दो डिग्री कालेज का भवन तो है लेकिन उसमें अभी तक पढ़ाई शुरू नहीं हो पायी है. ऐसे में यहां के छात्रों को बाहर जा कर पढ़ना पढ़ता है, लेकिन यह सब के लिए संभव नहीं है. सांसद ऐसा हो जो शिक्षा की दिशा में काम कर सके.

### युवाओं को रोजगार दिला सके : चंदन



लातेहार के चंदन अग्रवाल ने कहा कि आज क्षेत्र में बेरोजगार युवाओं की फौज खड़ी है. युवाओं को बेकार में समय बिताते देखा जा सकता है. सांसद ऐसा हो जो युवाओं को रोजगार से जोड़ सके. विडंबना है कि आजादी के 75 सालों बाद भी क्षेत्र में एक भी कल कारखना नहीं लगाया जा सका है. जबकि लातेहार में अकूत खनिज संपदा है. यहां से खनिज बाहर ले जाये जा रहे हैं. इन खनिजों का फायदा यहां के लोगों को नहीं हो पा रहा है. सांसद ऐसा हो जो यहां खनिज आधारित कल कारखाना लगवा सके.

## लोहरदगा

### क्वलिटी एजुकेशन देने और नए रोजगार सृजन करने में सक्षम हो हमारा सांसद : आकाश उरांव



छात्र आकाश उरांव का कहना है कि हमारा सांसद ऐसा होना चाहिए जो विद्यार्थियों को क्वालिटी एजुकेशन तथा रोजगार देने में सक्षम हो. साथ ही उसकी छवि साफ सुथरी और ईमानदार हो. इस समय लोहरदगा में उच्च शिक्षा के लिए इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज की जरुरत है. इसलिए हम ऐसे व्यक्ति को चुनना चाहेंगे जो यह कार्य कर सके. इसके लिए चुने गए सांसद को इन सब बातों की जानकारी होनी चाहिए. साथ ही उन्हें विकास कार्यों में रुचि होनी चाहिए.

### शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाला, मिलनसार होना चाहिए हमारा प्रतिनिधि : तस्कीन कौसर



कुछ दिन पहले इंटर साइंस परीक्षा परिणाम में पूरे झारखंड में अपनी बेहतर प्रदर्शन कर अपने माता-पिता और कुडू प्रखंड क्षेत्र वासियों को गौरवान्वित करने वाली उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची की छात्रा तस्कीन कौसर का कहना है कि शिक्षा का बहुत महत्व है. इसलिए शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले व्यक्ति को ही मैं अपना सांसद चुनना चाहूंगी. साथ ही वह व्यक्ति ईमानदार, मिलनसार और लोकहित कारी कार्यों को करने में रुचि रखता हो.

### साफ-सुथरी छवि और संसद में क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से रखने वाला हो : नसीम अंसारी



बलदेव साहू महाविद्यालय के सफल विद्यार्थी राजनीतिक विज्ञान आनर्स से बीए फाइनल कर चुके नसीम अंसारी का कहना है कि लोहरदगा लोकसभा का सांसद युवाओं को नौकरी, शिक्षा और बेरोजगारी दूर करने वाला तथा साफ, स्वच्छ आचरण वाला होना चाहिए. वह कहते हैं कि सांसद में गंगा जमुनी तहजीब को बरकरार रखने को लेकर बेहतर एबिलिटी हो. साथ ही क्षेत्र की जन समस्याओं को संसद में प्रमुखता से रखने की क्षमता रखता हो.

### पढ़ा-लिखा और युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए काम करने वाला हो हमारा सांसद : नीतीश उरांव



भंडरा प्रखंड के आकाशी निवासी मास्टर आफ कामर्स के मेघावी छात्र नीतीश उरांव ने कहा कि सांसद पढ़ा लिखा और अच्छी समझ वाला हो. युवाओं और विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए काम करने वाला हो. वह कहते हैं कि सांसद में जनमुद्दों को संसद में प्रमुखता से रखने की क्षमता हो. बेरोजगारी, शिक्षा, पलायन, पेयजल, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, स्व-रोजगार को बढ़ावा देने समेत अन्य जटिल समस्याओं को दूर करने वाला व्यक्ति हो.

### रोजगार का सृजन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करने वाला हो : इमरान खान



लोहरदगा जिला अंतर्गत कैरो प्रखंड के नया टोली निवासी इमरान खान जो स्नातक हैं का कहना है कि हमारा सांसद ऐसा होना चाहिए जो देश की एकता, अखंडता संप्रभुता व बंधुत्व को बरकरार रखते हुए जनहित के कार्यों को करने में रुचि रखता हो. साथ ही मौजूदा समय में पर्यावरण संरक्षण की बहुत जरुरत है. इस दिशा में कार्य करने वाला और असाध्य रोगों की चिकित्सा सर्व सुलभ कराने वाला व्यक्ति हो. हमारे क्षेत्र में खनिज प्रचुर मात्रा में उसका लाभ यहां के स्थानीय लोगों की भी मिलना चाहिए. अगर क्षेत्र में कल-कारखाने खुलेंगे तो यहां के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध होगा. रोजगार के अभाव में युवाओं का पलायन हो रहा है. साथ ही लोहरदगा में बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है. इसलिए वैसे व्यक्ति को सांसद चुनेंगे जो हमारी इन समस्याओं को हल कर सके.

## जमशेदपुर

### जाति-धर्म से हटकर काम करने वाला हो : गौरव पाठक



जमशेदपुर कोर्ट के अधिवक्ता गौरव पाठक ने कहा कि हम ऐसा सांसद चाहते हैं जो जाति, मजहब से परे हटकर कार्य करने वाला हो. समाजसेवा के मकसद से वह राजनीति में न आया हो और नही व्यक्तिगत स्वार्थो की पूर्ति के लिए. प्रत्याशी के ऊपर आपराधिक मामले न हो. वह शिक्षित हो. इसके साथ ही वह शिक्षा, स्वास्थ्य की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराने के प्रति समर्पित हो. जनता की सेवा को धर्म व कर्म मानते हुए देश, समाज के उत्थान के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाला हो.

### जन मुद्दे को संसद में मजबूती से उठाए सांसद : प्रभात शंकर



अधिवक्ता प्रभात शंकर तिवारी कहते हैं कि लोकसभा चुनाव में चुने गए हमारे सांसद ऐसे हों जो जनमुद्दे को संसद में मजबूती से उठाएं और अपने क्षेत्र की सभी जन समस्याओं के समाधान के लिए आसानी से उपलब्ध रहें. लोकतंत्र को लूटतंत्र न बनाये. अपने संसदीय क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के सृजन के लिए काम करे. सस्ता एवं सुलभ न्याय के लिए जनता की आवाज बने. सांसद अपने क्षेत्र की जनता की आवाज होते हैं. इसलिए हमारा सांसद ऐसा हो जो क्षेत्र में लोगों के बीच जाए और उनकी समस्याओं का समाधान करे.

### लोगों की समस्याओं का निराकरण करने वाला हो सांसद: महेंद्र गुप्ता



महेंद्र गुप्ता कहते है कि हमारा सांसद ऐसा हो कि जो शहर की समस्याओं को संसद में उठा सके और समस्याओं का निराकरण कर सके. इसके अलावा सांसद ऐसा होना चाहिए जो कि जनता के बीच जाकर संवाद करें न कि अपने कार्यालय में ही बैठे रहे. कभी-कभी ऐसा होता है कि जब चुनाव करीब होता है तो ही प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्र में लोगों से संवाद करने पहुंचते हैं. लोग यह भी नहीं जानते कि उनके क्षेत्र से प्रत्याशी कौन है.

## गिरिडीह

### युवाओं की समस्या का निदान करने वाला सांसद चाहिए,हाई स्कूल खुलवाए : सुजल कुमार सेठ



युवा मतदाता सुजल कुमार सेठ ने कहा कि युवाओं की समस्या का समाधान करने वाला सांसद होना चाहिए . चुनाव जीतने के बाद सांसद युवा और छात्रों की समस्या को नजर अंदाज कर देते हैं. इससे युवा और छात्र वर्ग में नाराजगी देखी जाती है . उन्होंने कहा कि जमुआ प्रखंड मुख्यालय में एक भी हाई स्कूल नहीं है . मैट्रिक की पढ़ाई के लिए छात्र-छात्राओं को दूर जाना पड़ता है. चुनाव जीतने वाले सांसद इस समस्या का समाधान करें.

### नव निर्वाचित सांसद वैसा होना चाहिए जो क्षेत्र का समुचित विकास कर सके : नरेश राणा



गावां प्रखंड के युवा मतदाता नरेश वर्मा ने कहा कि नव निर्वाचित सांसद से स्वस्थ्य सुविधा में सुधार करने की उम्मीद है . गावां के अस्पताल में महिला चिकित्सक नहीं हैं. जिस कारण प्रसव के दौरान बेहतर चिकित्सा सुविधा नहीं मिलने के कारण कई महिलाओं की मौत हो चुकी है. नव निर्वाचित सांसद ऐसा होना चाहिए, जो क्षेत्र का समुचित विकास करें. उन्होंने कहा कि गावां प्रखंड के कई गांव के लोग आज भी आदिम युग में जीने को विवश हैं. इस प्रखंड में डिग्री कॉलेज नहीं होने के कारण अधिकांश लड़कियां आगे की पढ़ाई नहीं कर पाती हैं.

### जनता के बीच रहने वाले तो ही सांसद चुना जाना चाहिए, इससे विकास होगा : चंदन भारती



युवा मतदाता चंदन भारती ने कहा कि हमेशा जनता के बीच रहने वाले नेता को ही सांसद चुनना चाहिए . इससे क्षेत्र का समुचित विकास हो सकेगा . जनता अपनी समस्याओं को सांसद के पास रख सकेगी . गलत नेता को सांसद चुनने से उनका दर्शन केवल चुनाव में ही होता है . विकास के प्रति गंभीर रहने वाला सांसद ही जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरता है. वह पढ़ा लिखा तो हो ही, जन समस्याओं के प्रति संवेदनशील भी हो.

### छत्रों पर विशेष ध्यान देने व उच्च शिक्षण संस्थान खुलवाने वाला बने सांसद : शंकर पासवान



युवा मतदाता शंकर पासवान ने कहा कि छात्र-छात्राओं की समस्या पर विशेष ध्यान देने वाला नेता ही सांसद बने . छात्रों की सुविधा का ख्याल नहीं रखने से युवाओं को काफी परेशानी होती हैं. नव निर्वाचित सांसद को समझना चाहिए कि युवा ही देश का भविष्य हैं . उन्होंने जिले के धनवार प्रखंड में इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने और रेफरल अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है.

### संसदीय क्षेत्र इंजीनियरिंग कॉलेज और अन्य शिक्षण संस्थान खुलवाए : प्रभात रंजन



युवा मतदाता प्रभात रंजन ने कहा कि नव निर्वाचित सांसद अपने संसदीय क्षेत्र में इंजीनियरिंग कॉलेज और उच्चा शिक्षा के संस्थान की स्थापना करे . चुनाव जीतने के बाद सांसद क्षेत्र की समस्या को भूल जाते हैं. हमें वैसा सांसद चाहिए जो जनता के बीच काफी लोकप्रिय हो तथा जन समस्याओं के प्रति गंभीर हो. साथ ही क्षेत्र की समस्याओं को संसद में प्रमुखता से रखने की क्षमता रखता हो.

## हजारीबाग

### रोजगार और मान सम्मान दिला सके : सुनीता देवी



हमारा सांसद कैसा हो इस संबंध में हजारीबाग की सुनीता देवी ने बताया कि हम महिलाओं के लिए ऐसा जनप्रतिनिधि चाहिए जो हमें रोजगार एवं मान-सम्मान समाज में दिला सके. साथ ही महिलाओं की सुरक्षा का भी उन्हें ख्याल हो. हम यह भी चाहते हैं कि हमारा सांसद बिना किसी भेद-भाव किए बिना कार्य करे और महिलओं से जुड़ी योजनाओं को प्रमुखता से लागू करे ताकि वे और अधिक स्वावलंबी हो सके.


### जो रोजगार का सृजन कर सके : आरती देवी



इस संबंध में हजारीबाग शहर में व्यवसाय करने वाली महिला आरती देवी ने बताया कि जन प्रतिनिधि केवल अपना काम करते हैं. बहुत से सांसद शिक्षा की दृष्टि से का पीछे हैं. इसलिए मैं चाहूंगी कि वैसे सांसद का चुनाव करुं जो शिक्षित हो, अच्छी समझवाला हो, जो क्षेत्र में विकास के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य एवं महिलाओं के लिए रोजगार का सृजन कर सके.


## लातेहार

### जनता के सुख दुख में साथ रहे: संजय कुमार



व्यवहार न्यायालय, लातेहार के वरीय अधिवक्ता संजय कुमार ने कहा कि सांसद ऐसा हो जो क्षेत्र की जनता के सुख दुख में उसके साथ रहे . जब उसे सांसद की जरूरत हो वह उपलब्ध हो सके . सांसद ऐसा हो जो क्षेत्र की जनता के साथ जुड़ा रहे, न कि कुछ एक लोगों के साथ रही . आम मतदाता उसे अपना बहुमूल्य वोट दे कर संसद में भेजता है, ऐसे में सांसद का कर्तव्य होना चाहिए कि वह उनकी समस्याओं को दूर करे . क्षेत्र में बेहतर शिक्षा, रोजगार, चिकित्सा व सड़क बहुत ही जरूरत है .

### जनता की हितैषी हो : शशिभूषण पांडेय



लातेहार के चिल्ड्रेन कान्वेंट स्कूल के प्राचार्य शशिभूषण पांडेय ने कहा कि सांसद को जनता का हितैषी होना चाहिए . जब भी जनता को जरूरत हो वह उसके लिए उपलब्ध रहे . सांसद प्रत्याशी ऐसा हो क्षेत्र का विकास करना चाहता हो . खनिज संपदा रहने के बावजूद भी लातेहार जिला में एक भी कल कारखना नहीं है . बेरोजगारी व और पलायन चरम पर है . यहां उच्च शिक्षा की भी कोई व्यवस्था नहीं है . इन सब समस्याओं को प्रमुखता देना वाला ही सांसद होना चाहिए . सांसद ऐसा हो जो क्षेत्र की आवाज को दिल्ली के संसद तक पहुंचा सके . संसद में सिर्फ अपनी मौजूदगी दर्ज कराने वाला सांसद क्षेत्र को नहीं चाहिए .

### जनता की उम्मीदों पर खरा उतरे: विशाल चंद्र साहू



इंडियन रेडक्रास सोसायटी, लातेहार के कोषाध्यक्ष विशाल चंद्र साहू उर्फ मिंकू ने कहा कि सांसद ऐसा होना चाहिए जो जनता की उम्मीदों पर खरा उतरे . उसके लिए जनहित सर्वोपरी होना चाहिए . जिस उम्मीद व विश्वास के साथ क्षेत्र की जनता उसे संसद भेजती है, उस पर खरा उतरना चाहिए. सांसद ऐसा हो जो क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हो और दूर करने का प्रयास करे . अगर सांसद स्थानीय हो तो बहुत अच्छा . स्थानीय होने के कारण उनका क्षेत्र से भावनात्मक लगाव होता है .


### कल-कारखाना लगवाने वाला हो: मनीष कुमार



अंबे कंप्यूटर सेंटर, लातेहार के निदेशक मनीष कुमार ने कहा कि क्षेत्र की बेरोजगारी व पलायन रोकने वाला सांसद होना चाहिए . सांसद ऐसा होना चाहिए जो क्षेत्र मे कल कारखाना लगवा सके . चतरा लोकसभा क्षेत्र मे बेरोजगारी व पलायन चरम पर है . ऐसे में क्षेत्र में रोजगार को बढ़ावा देने वाला सांसद होना चाहिए . क्षेत्र में पर्यटन की भी असीम संभावनायें हैं . इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है .

## पलामू

### जो रोजगार की पक्की व्यवस्था करे उसे वोट दूंगा : अंशुमन कुमार पासवान



अंशुमन कुमार पासवान का कहना है कि युवाओं को नौकरी कम मिल रही है. जितने सीट के लिए विज्ञापन निकल रहा है, बाद में उसमें कटौती कर दी जाती है. तो कुछ विवाद में फंस जाते हैं. इसे लेकर मन में हमेशा कुंठा का भाव रहता है. पर्याप्त मात्रा में वैकेंसी नहीं रहने के कारण रोजगार नहीं मिल पा रहा है. इसलिए मैं वैसे प्रत्याशी को अपना मत दूंगा जो इन सारी समस्याओं को दूर कर सके. साथ ही नए शिक्षण संस्थान, लाइब्रेरी समेत युवाओं की पढ़ाई व उच्च शिक्षा के लिए बेहतर व्यवस्था करें वैसे संसद को वोट की अपील करुंगा.


### शिक्षा को लेकर गंभीर हो, पलामू में और संस्थान खुलवाए : अभय कुमार



विश्रामपुर के अभय कुमार का कहना है कि बरिगावां, विश्रामपुर में आबादी के हिसाब से शिक्षा की समुचित व्यवस्था नहीं हो सकी है.उच्च शिक्षा व्यवस्था की अभी भी यहां कमी है.पलामू में ज्यादातर लोग गरीब हैं और जो थोड़े बहुत लोग उच्च शिक्षा हासिल करना चाहते हैं उन्हें बाहर जाना पड़ता है. ऐसे में हमारा सांसद ऐसा होना चाहिए जो युवाओं की शिक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर हो. पलामू में और शिक्षण संस्थान खुलवाएं. मैं पहली बार मतदान करूंगा और किसी ऐसे प्रत्याशी को अपना मत दूंगा जो इन कमियों को पूरा कर सके.

## धनबाद

### जो धनबाद को भयमुक्त बना सके उसे अपना वोट : डॉ. यूएन वर्मा



झरिया के फुसबंगला स्थित कंचन क्लिनिक के डॉक्टर यूएन वर्मा ने कहा कि धनबाद का सांसद ऐसा हो जो धनबाद को भयमुक्त बना सके . डॉक्टरों के लिए प्रोटेक्शन एक्ट कानून लागू करवाये ताकि डॉक्टर भी स्वतंत्र और निर्भीक होकर अपना कार्य कर सके . हमारा सांसद विकासशील होना चाहिए ,जो अपने क्षेत्र की जन समस्या को सदन में उठा कर उसका निराकरण करवाये .

### मूलभूत सुविधाओं का ख्याल रखने वाला हो : रंजन कुमार सिन्हा




धनबाद कोर्ट के अधिवक्ता रंजन कुमार सिन्हा ने कहा कि धनबाद का सांसद ऐसा होना चाहिए जो सभी वर्गों की मूलभूत सुविधाओं का ख्याल रखें .सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा इत्यादि पर विशेष ध्यान दें .रोजगार की व्यवस्था करे ताकि युवा वर्ग को पलायन न करना पड़े .अधिवक्ताओं के लिए प्रोटेक्शन एक्ट लागू हो ताकि वे भय मुक्त होकर अपना काम कर सकें .

### धनबाद का विकास करे ,प्रदूषण दूर करे : पंकज मल्लिक



धनबाद कोर्ट के अधिवक्ता पंकज मल्लिक ने कहा कि धनबाद का सांसद ऐसा हो जो धनबाद को भयमुक्त बनाये .धनबाद के विकास के बारे में सोचे . धनबाद की सबसे बड़ी समस्या पॉल्यूशन को नियंत्रण करने के लिए कोई ठोस कदम उठाए .जाम से निजात दिलाने के लिए फ़्लाईओवर बनवाये .साथ ही जन समस्याओं के प्रति गंभीर रहे वैसा सांसद हमें चाहिए .

### नए नए उद्योग स्थापित कर लोगों को रोजगार दे : एनके श्रीवास्तव



धनबाद कोर्ट के अधिवक्ता एनके श्रीवास्तव ने कहा धनबाद का सांसद ऐसा हो जो धनबाद का विकास करने की क्षमता रखता हो और धनबाद में नए-नए उद्योग स्थापित कर सके, ताकि बढ़ती बेरोजगारी से युवा बेरोजगारों को राहत मिले . वकीलों के लिए प्रोटेक्शन एक्ट बिल पास करवाये ताकि वकील वर्ग खुले मिजाज से अपना कार्य कर सके . इस समय धनबाद का महौल सुरक्षा की दृष्टि से अच्छा नहीं कहा जा सकता है .

### ठेका-मजूदर और युवाओं का ख्याल रखने वाला हो : प्रदीप कुमार महतो



प्रदीप कुमार महतो ने कहा कि हमारा सांसद ठेका-मजूदर और युवाओं के भविष्य का ख्याल रखने वाला हो, 75 प्रतिशत रोजगार स्थानीय लोगों को दिलाने वाला हो . जो शिक्षा और बेरोजगारी की समस्या का निदान कर सके . यहां के आम लोगों के साथ खड़े होने वाला हो, सब जनता को सुलभ रूप से भेंट हो सके . ऐसा सांसद धनबाद के लिए चाहिए . साध ही क्षेत्र की जन समस्याओं को संसद में प्रमुखता के साथ उठा सके .

### धनबाद की प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त कर सके : प्रभुनाथ गिरि



अधिवक्ता प्रभुनाथ गिरि ने कहा कि धनबाद का सांसद ऐसा हो जो एयरपोर्ट व एम्स जैसी सुविधाएं उपलब्ध करा सके . प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त हो ताकि हमारा धनबाद भयमुक्त हो .पानी, बिजली ,सड़क, साफ – सफाई,ओवरब्रिज जैसी सुविधा उपलब्ध करा सके . युवा बेरोजगारों को रोजगार मिले . वकीलों के लिए प्रोटेक्शन एक्ट लागू हो .

## केजरीवाल को जमानत

लोकतांत्रिक परंपराओं की संरक्षक देश की शीर्ष अदालत ने आखिरकार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आम आदमी पार्टी के चुनाव अभियान को गति देने हेतु एक जून तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी है. न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने शुक्रवार को अरविंद केजरीवाल को सशर्त यह जमानत दी. इससे पहले शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा था कि केजरीवाल दिल्ली के निर्वाचित मुख्यमंत्री हैं. वे कोई आदतन अपराधी नहीं हैं. कोर्ट का यह भी मानना था कि लोकसभा के चुनाव पांच साल में एक बार आते हैं. ऐसे में केजरीवाल को जमानत देने में कोई हर्ज नहीं है. केजरीवाल को 21 दिन की राहत देकर शीर्ष अदालत ने अपरोक्ष रूप से यही संदेश दिया है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनावी मुकाबले में हर दल व नेता को बराबरी का मौका मिलना चाहिए. इसी सोच के अनुरूप दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक जून तक के लिए अंतरिम जमानत मिली है. उल्लेखनीय है कि कथित शराब घोटाला कांड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में केजरीवाल को गत 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था. अब केजरीवाल को दो जून को आत्मसमर्पण करने को कहा गया है. कोर्ट ने केजरीवाल को अंतरिम जमानत देते हुए कहा कि माना उन पर लगाए गए आरोप गंभीर हैं, लेकिन उन पर लगाए गए आरोप अभी सिद्ध नहीं हुए हैं. वहीं जमानत देने के साथ अदालत ने कुछ शर्तें भी लगाई हैं. इस दौरान केजरीवाल न तो मुख्यमंत्री कार्यालय और न ही सचिवालय जा पाएंगे. वे अपने केस से जुड़े किसी गवाह से कोई संपर्क करने की कोशिश भी नहीं करेंगे. उन्हें जेल से रिहाई के लिए पचास हजार रुपये की जमानत भरने को भी कहा गया. साथ ही इस दौरान वे किसी फाइल पर साइन नहीं करेंगे. यदि बहुत जरूरी हुआ तो उप राज्यपाल की अनुमति से ऐसा कर पाएंगे. इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को निर्देश दिया कि वह शराब घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपनी भूमिका के बारे में कोई बयानबाजी न करें. बहरहाल, शीर्ष अदालत के इस फैसले के बाद आम आदमी पार्टी तथा इंडिया गठबंधन के लिए चुनाव प्रचार अभियान में तेजी आने की उम्मीद जतायी जा रही है. हालांकि, इससे पहले ईडी ने केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने का पुरजोर विरोध किया था. प्रवर्तन निदेशालय का तर्क था कि चुनाव प्रचार किसी व्यक्ति का मौलिक अधिकार नहीं है. लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस तर्क को स्वीकार नहीं किया. केजरीवाल की रिहाई के बाद इंडिया गठबंधन के खेमे में खासा उत्साह देखा जा रहा है. गठबंधन के स्टार प्रचारक केजरीवाल का यूं तो दिल्ली में ही ज्यादा बोलबाला रहा है, जहां वे कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं. यहां गठबंधन के तहत चुनाव लड़ने के लिए आपके हिस्से में चार व कांग्रेस को तीन सीटें आई हैं. इस गठबंधन के तहत हरियाणा की कुरुक्षेत्र सीट आप के हिस्से में आई है. जहां 25 मई को वोट पड़ने हैं. वहीं पंजाब में सीटों को लेकर आप व कांग्रेस में कोई समझौता नहीं हो सका है. राज्य की तेरह सीटों पर आम आदमी पार्टी अकेले ही चुनाव लड़ रही है. पंजाब में अंतिम चरण में एक जून को वोटिंग होनी है. आप को दिल्ली व पंजाब में ज्यादा उम्मीदें हैं.

> उल्लेखनीय है कि कथित शराब घोटाला कांड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में केजरीवाल को गत 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था. अब केजरीवाल को दो जून को आत्मसमर्पण करने को कहा गया है.

### सुभाषित

**हर्तृर्न गोचरं याति दत्ता भवति विस्तृता।**
**कल्पान्तेऽपि न या नश्येत् किमन्यद्विद्यया विना॥**

जो धन कभी चोरों को दिखाई नहीं पड़ता. जिस धन को किसी को देने से विस्तार ही होता है. प्रलय काल में भी जिसका विनाश नहीं होता. विद्या धन को छोड़ कर इस संसार में कौन-सा ऐसा धन है, जिसमें इतने सारे गुण एक साथ मौजूद रहते हों.

# चुनाव के बीच हिंदू-मुसलमान कनेक्शन!

**भारत में हिंदुओं की आबादी घट रही है और मुसलमानों की बेतहाशा बढ़ रही है. पीएम की इकोनामिक एडवाइजरी काउंसिल की रिपोर्ट आने के बाद इसे लेकर देश की सियासत दो ध्रुवों में बंटती नजर आ रही है. भाजपा इसे मुस्लिम तुष्टीकरण का नतीजा बता रही, तो विपक्षी पार्टियां इसे भाजपा की चुनावी चाल बता रही हैं. चुनाव के दौरान हिंदू-मुसलमान के बीच नफरती कनेक्शन राष्ट्र के व्यापक हितों के विरुद्ध है.**



• देश-काल



बृजेंद्र दुबे

लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद से केंद्र की सत्तारूढ़ एनडीए सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुद्दा सेट करने में जुटे हुए हैं, लेकिन उनकी किसी बात पर जनता का कोई खास रिएक्शन देखने को नहीं मिल रहा. ऐसे में भाजपा और आरएसएस अपने आजमाये मुद्दे हिंदू-मुसलमान उतर आये हैं. इसके लिए आनन-फानन में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद ने दुनिया के 167 देशों में 1950 से 2015 के बीच आए जनसांख्यिकी बदलाव के अध्ययन की रिपोर्ट जारी कर दी है. इस रिपोर्ट में भारत का भी जिक्र है. रिपोर्ट में बताया गया है कि 1951 और 2015 के बीच भारत में हिंदुओं की आबादी 7.82 प्रतिशत घट गई, जबकि इसी अवधि में मुसलमानों की आबादी में 43.15 प्रतिशत का इजाफा हुआ है. लोकसभा के चुनाव की जारी प्रक्रिया के बीच इस रिपोर्ट के आंकड़े सार्वजनिक होने के बाद जाहिरा तौर पर लोगों के कान खड़े हो गए हैं. विपक्षी इंडिया गठबंधन इसे जान-बूझ कर चुनावी लाभ के लिए भाजपा की चाल के रूप में बता रहा है. क्योंकि इस रिपोर्ट में पेश आंकड़े तोड़-मरोड़ कर पेश किये गये हैं. रिपोर्ट इशारा करती है कि भारत को इस्लामिक देश बनाने की साजिशें रचने में कुछ ताकतें शिद्दत से लगी हुई हैं. इस रिपोर्ट से यह तो समझ में आ रहा है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार लोकसभा चुनाव के बचे चार चरणों को इसी हिंदू-मुसलमान की पिच पर लड़ना चाहती है.

धार्मिक आधार पर भारत में जनसांख्यिकीय बदलाव के आंकड़े को लेकर देश की हिंदी पट्टी यानी यूपी, बिहार और मध्य प्रदेश में सियासी गोलबंदी शुरू हो गयी है. बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव कहते हैं कि जो जनगणना साल 2021-22 में होनी चाहिए थी, वह तो हुई नहीं. लेकिन देश की जनता को भ्रम में डालने और लोगों के बीच नफरत फैलाने के लिए इस तरह के आंकड़े जारी किए गए हैं. इंडिया गठबंधन की घटक विकासशील इंसान पार्टी के नेता मुकेश सहनी ने तो इस पर और भड़काऊ बयान दिया है. सहनी ने कहा कि अगर मुसलमानों की आबादी बढ़ी है और हिंदुओं की घटी है तो पीएम और उनके मंत्री हिंदू आबादी बढ़ाएं. उनके इस बयान का क्या असर होगा, यह तो समय बताएगा, लेकिन इसे अतार्किक ही माना जाना चाहिए. वहीं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव कहते हैं कि यह कुछ नहीं, बल्कि भाजपा की सियासी साजिश है, जिसे देश की समझदार जनता कामयाब नहीं होने देगी. भारत देश विविधताओं का देश है, यहां हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई, जैन और बौद्ध सभी लोग मिल जुल कर रहते आये हैं और आगे भी एकता के साथ मिल कर रहेंगे. भाजपा की बांटने की राजनीति कभी कामयाब नहीं होगी.

उधर, रिपोर्ट कहती है कि सिर्फ बच्चे पैदा करने की होड़ ही मुसलमानों की आबादी बढ़ने की वजह नहीं हो सकती. इसकी एक बड़ी वजह पड़ोसी मुल्कों से बड़े पैमाने पर घुसपैठ है. आश्चर्य यह कि जो लोग कभी इस घुसपैठ पर लाल-पीले होते थे, आज उन्हें ही इसमें कोई बुराई नजर नहीं आती. पहले जनसांख्यिकी के आंकड़ों पर गौर करें.

वर्ष 1951 में भारत में हिंदू आबादी 84.10 प्रतिशत थी और मुस्लिम आबादी 9.80 प्रतिशत थी. 1971 में हिंदू आबादी घट कर 82.73 प्रतिशत रह गई, जबकि मुस्लिम आबादी बढ़ कर 11.21 प्रतिशत हो गई. 2015 में हिंदू घट कर 77.52 प्रतिशत पर आ गए तो मुस्लिम लगातार बढ़ते हुए 14.02 प्रतिशत हो गए. बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठ भारत की जनसांख्यिकी बदलाव का बड़ा कारण इसलिए कहा जा सकता है कि 2022 के अंत तक भारत में घुसपैठ कर भारत पहुंचे लोगों की संख्या तकरीबन पांच करोड़ थी. इनकी बड़ी आबादी ने उत्तर-पूर्व के राज्यों और पश्चिम बंगाल में स्थायी ठिकाना बना लिया है. बांग्लादेश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान से भी बड़े पैमाने पर शरणार्थी भारत में बस गए हैं. राजनीतिक नफा-नुकसान को देखते हुए कई पार्टियों ने घुसपैठ और शरणार्थियों पर चुप्पी ही साध ली है. वर्ष 2017 के आंकड़े बताते हैं कि इस देश में पांच करोड़ बांग्लादेशी-रोहिंगिया घुसपैठिए थे. अब तक तो इनकी संख्या दोगुनी हो ही चुकी होगी. धर्म परिवर्तन और लव जिहाद के जरिए भी हिंदुओं की संख्या घटाई जा रही है. इसके लिए विदेशों से पैसे आ रहे हैं. घुसपैठ में बार्डर सिक्योरिटी फोर्स भी कम जिम्मेदार नहीं है. बीएसएफ के घूसखोर कुछ पैसे लेकर लोगों को बार्डर क्रास करा देते हैं. मोदी सरकार अगर सीएए, एनआरसी और यूसीसी की बात कह रही है, तो इसके पीछे उसका मकसद यही है कि भारत में आजादी के पहले से ही बसे मुसलमानों को कोई आंच न आए, बल्कि घुसपैठियों पर नियंत्रण स्थापित किया जा सके. भाजपा का इस बारे में कहना है कि कुछ पार्टियों की मुस्लिम तुष्टीकरण वाली नीतियों का यह नतीजा है. कांग्रेस कहती है कि बेरोजगारी, किसान, महिलाओं की सुरक्षा जैसे मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए यह भाजपा का शिगूफा है.

अब आते हैं मुख्य मुद्दे पर. जैसा कि आप सभी जानते हैं कि देश की जनगणना वर्ष 2011 में हुई थी. केंद्र की मोदी सरकार ने 2021 में जनगणना करवाई ही नहीं. ऐसे में प्रधानमंत्री की सलाहकार परिषद हिंदू-मुसलमानों की आबादी आंकड़े कहां से लाई. क्या यह चुनाव को प्रभावित करने वाली रिपोर्ट नहीं कहा जाना चाहिए. हां, अगर ऐसा है भी तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? केंद्र में पिछले 10 वर्षों से मोदी की सरकार है. जनसंख्या बढ़ने के पीछे का मुख्य कारण होता है अशिक्षा. अब बताइए, केंद्र की मोदी सरकार ने शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए क्या किया. बता दें कि देश में सबसे अधिक मुस्लिम आबादी वाला राज्य केरल है, लेकिन वहां मुस्लिमों के बच्चे उत्तर भारत के मुकाबले कम हैं. उत्तर भारत जहां मोदी का डंका बज रहा है, वहां पर आबादी बढ़ने की सबसे बड़ी समस्या है. अब आप सब सोच-समझ कर देखिए कि यह रिपोर्ट ऐन चुनाव के बीच जारी करने के पीछे का मकसद क्या है. उम्मीद है कि देश की समझदार जनता मोदी सरकार के मकसद को एकजुट होकर नाकाम करेगी.

### • बोधि-वृक्ष

सुज्ञ



## भय और जीव

भय प्रत्येक जीव की प्राकृतिक संज्ञा है. 'ईश्वर-आस्तिक' को ईश्वर के नाराज़ होने का भय होता है तो 'कर्म-फल-आस्तिक' को बुरे प्रतिफल मिलने का भय रहता है. 'नास्तिक' को बुरा व्यक्तित्व कहलाने का भय रहता है. भय के कारण ही सभी सदाचारी रहना उचित मानते है, और कदाचारों से दूर रहने का प्रयास करते है. आस्तिको को विशेष रूप से ईश्वर और कर्म-फल के प्रति श्रद्धा व सबूरी का आधार रहता है. अगर आस्तिक को सदाचार के एवज मे प्रशंसा और प्रतिफल त्वरित न भी मिले तो वह सब्र कर लेता है, और निर्णायक दिन या अगले जन्म तक का भी इन्तजार कर लेता है. और आस्था के कारण अपने विश्वास से विचलित नहीं होता. वहां भौतिकवादी नास्तिक, सदाचार के प्रतिफल में विपरीत परिणामों का अनुमान मात्र लगाकर विचलित जाता है. अनुकूल परिणाम न आते देखकर निराश हो जाता है. क्योंकि धैर्य का उसके पास कोई औचित्य ही नहीं होता. वह शीघ्र ही सदाचार से पल्ला झाड़ लेता है. वह जरा सी प्रतिकूलता देखते ही अपनी अनास्थक मानसिकता पर और भी मजबूत हो जाता है. इस प्रकार सदाचार पर टिके रहने के लिए न तो उसके पास पर्याप्त मनोबल होता है और न ही प्रतिफल का पूर्ण विश्वास. पर्याप्त आधार के बिना भला वह क्यों सब्र करेगा? 'अच्छे का नतीजा अच्छा', या 'भले का परिणाम भला' वाला नीतिबल तो कब का नष्ट हो चुका होता है. नैतिकता पर 'चलने' का आधार समाप्त ही हो जाता है. विश्वास स्वरूप 'पैर' ही न हो तो कदम क्या खाक उठा पाएगा? इसी आशय से मैंने कहा था, "नास्तिकी-सदाचार के तो पैर ही नहीं होते" उसके पास दृढ़ता से खडे रहने का नैतिक बल ही नहीं होता. किस भरोसे खडा रहेगा? भला वह क्यों मोल लेगा भावी के भरोसे, निश्चित कष्ट, प्रतीक्षा और अनावश्यक तनाव? तत्क्षण प्रतिशोध ही उनके लिए न्यायमार्ग होता है. और प्रतिशोध किसी भी दृष्टि से सदाचार नहीं है. सदाचरण सदैव, घोर परिश्रम, सहनशीलता और धैर्य की मांग करते है. अधिकांश बार उपकार का बदला अपकार से भी मिलता है. कईं बार सदाचारियों की गणना कायरों में गिनी जाती है. सामान्यतया तो उसे डरपोक ही मान लिया जाता है. सदाचारी के शत्रुओं की भी संख्या बढ जाती है. उसे पाखण्डी ही समझा जाता है. कभी कभी तो उसे शान्ति के बदले मिलती कीर्ती का भी हनन कर दिया जाता है. इतना सब होने के बाद, अनास्थावान् का सदाचारों पर टिके रहना तलवार की धार पर चलने के समान होता है.

# निर्यात में विविधता से चुनौतियों का मुकाबला

• सामयिकी

जयंतीलाल भंडारी

हाल ही में 4 मई से सरकार ने प्याज के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया है. यह फैसला देश में प्याज के मौजूदा रबी पैदावार के अच्छे होने और बेहतर मानसून की वजह से इस वर्ष खरीफ के दौरान भी बढ़िया पैदावार की संभावना को देखते हुए किया गया है. सरकार ने प्याज निर्यात की न्यूनतम कीमत 550 डॉलर प्रति टन तय की है और इस पर 40 फीसदी का निर्यात शुल्क भी लगेगा. इस फैसले की वजह से देश में प्याज की पैदावार करने वाले किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी. ज्ञातव्य है कि पिछले वर्ष दिसंबर, 2023 में केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 के खरीफ पैदावार की स्थिति को देखते हुए प्याज निर्यात को प्रतिबंधित कर दिया था. इसका असर घरेलू बाजार में खास तौर पर दिखा है. इस दौरान देश में प्याज की कीमतें अमूमन स्थिर रही हैं. चूंकि वर्ष 2023-24 में 2.55 करोड़ टन प्याज उत्पादन की संभावना है. जो देश की मांग और निर्यात मांग को देखते हुए पर्याप्त है. अभी निर्यात प्रतिबंधित होने के बावजूद बांग्लादेश, भूटान, यूएई, श्रीलंका आदि को कुछ मात्रा में प्याज की आपूर्ति की गई है. निश्चित रूप से प्याज निर्यात से प्याज उत्पादक किसानों को लाभ होगा. दरअसल, घटते हुए वैश्विक व्यापार और घटते हुए वैश्विक निर्यात के बीच भारत से निर्यात के सूझबूझपूर्ण निर्णय लिए जाने होंगे. यद्यपि भारत से पिछले कुछ वर्षों में लगातार रिकॉर्ड निर्यात हुए हैं, लेकिन अब भीषण होते हुए इजराइल-ईरान टकराव से गहराती हुई नई वैश्विक व्यापार चुनौतियों के बीच भारत को निर्यात बढ़ाने व आयात घटाने की विशेष रणनीति के साथ आगे आना होगा. खासतौर से हाल ही में 28 अप्रैल को प्रकाशित आर्थिक टैंक ग्लोबल ट्रेड एंड रिसर्च इनिशिएटिव की रिपोर्ट के मुताबिक भारत के वस्तु आयात में चीन की जो हिस्सेदारी बढ़कर 30 फीसदी के चिंताजनक स्तर पर पहुंचते हुए 101 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच गई है, उसे आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया अभियानों से नियंत्रित करना होगा. गौरतलब है कि हाल ही में वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में भारत से माल एवं सेवाओं का कुल निर्यात 776.68 अरब डॉलर रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 776.40 अरब डॉलर रहा था. ऐसे में गत वित्त वर्ष में सेवा निर्यात 3.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 339.62 अरब डॉलर का रहा, जबकि वस्तु निर्यात 3.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 437.06 अरब डॉलर रहा. जहां पिछले वर्ष में कुल आयात 854.80 अरब डॉलर का रहा, वहीं वर्ष 22-23 में कुल आयात 898 अरब डॉलर मूल्य का रहा था. ऐसे में पिछले वर्ष आयात में कमी से कुल व्यापार घाटे में 36 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है. पिछले वर्ष में आयात में गिरावट की बड़ी वजह तेल का कम आयात था. कच्चे तेल की कीमतें कम रहने से बीते वर्ष में तेल के आयात पर करीब 16 फीसदी कम खर्च हुआ. निश्चित रूप से बीते कुछ वर्षों में भारत के निर्यात का एक चमकदार पहलू सेवा निर्यात है. भारत डिजिटल माध्यम से मुहैया करायी गयी सेवाओं के निर्यात में वैश्विक बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा रहा है. डिजिटल माध्यम से सेवा निर्यात के तहत कंप्यूटर नेटवर्क का इस्तेमाल कर शिक्षा, मेडिकल ट्रांसक्रिप्शन, गेमिंग, मनोरंजन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि के लिए दक्ष ऑपरेटर, कुशल प्रोग्रामर और कोडिंग विशेषज्ञ द्वारा दी जाने वाली सेवाएं शामिल हैं. भारत में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की तेजी से नई स्थापनाओं के कारण भी सेवा निर्यात बढ़ रहा है. यह कोई छोटी बात नहीं है कि वर्ष 2015-16 से लगाकर वर्ष 2022-23 के बीच भारत में जीसीसी की संख्या 60 फीसदी बढ़कर 1,600 से अधिक हो गई है. इस समय भारत के प्रमुख निर्यात बाजारों में अमेरिका, यूएई, यूरोपीयन यूनियन, ब्रिटेन, सिंगापुर, मलेशिया, बांग्लादेश, नीदरलैंड, चीन व जर्मनी शामिल हैं. यह बात भी महत्वपूर्ण है कि भारत से दवाओं का निर्यात 2023-24 में 27.9 अरब डॉलर पहुंच गया है. 2022-23 के दौरान यह आंकड़ा 25.4 अरब डॉलर रहा था. सरकार द्वारा प्रमुख दवा सामग्री और जेनेरिक दवाओं के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए जो दो उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं शुरू की गई हैं, उनका लाभ दवा निर्यात में मिलने लगा है. आईफोन के निर्यात में भी भारत उभरकर दिखाई दे रहा है. आईफोन निर्माता कंपनी एपल ने पिछले वर्ष में भारत से 10 अरब डॉलर के आईफोन का निर्यात किया, जो अभी तक का रिकॉर्ड है. कंपनी ने पीएलआई योजना के तहत पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में जो फोन बेचे, उनकी कीमत 2022-23 में बिके आईफोन की कीमत से दोगुनी करीब एक लाख करोड़ रुपये रही है.

> भारत डिजिटल माध्यम से मुहैया करायी गयी सेवाओं के निर्यात में वैश्विक बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा रहा है. डिजिटल माध्यम से सेवा निर्यात के तहत कंप्यूटर नेटवर्क का इस्तेमाल कर शिक्षा, मेडिकल ट्रांसक्रिप्शन, गेमिंग, मनोरंजन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि के लिए दक्ष ऑपरेटर, कुशल प्रोग्रामर और कोडिंग विशेषज्ञ द्वारा दी जाने वाली सेवाएं शामिल हैं.

# महंगे किराये से यात्रियों की बढ़ती मुश्किलें

• आकाश मार्ग

सतीश सिंह

हवाई यात्रियों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं. पहले से महंगी हवाई टिकट खरीद रहे यात्रियों को अब और भी ज्यादा महंगी दर पर हवाई टिकटें खरीदनी पड़ेंगी, क्योंकि एयर इंडिया एक्सप्रेस के 200 वरीय क्रू मेंबर्स बीमारी के कारण एक साथ अवकाश पर चले गये हैं, जिसके कारण 80 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ी है. एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास 70 से अधिक विमान हैं और यह हर सप्ताह 2500 से अधिक उड़ानों का परिचालन करती है. रिपोर्ट के अनुसार केबिन क्रू कथित कुप्रबंधन, स्टाफ से भेदभावपूर्ण व्यवहार का विरोध कर रहे हैं. पायलटों की कमी की वजह से टाटा समूह की विमानन कंपनी विस्तारा ने पिछले महीने 110 उड़ाने रद्द की थीं और उसकी 160 उड़ानें लेट हुई थीं. जाहिर है, जब विमान की कमी होगी तो हवाई टिकट की कीमतों में भी इजाफा होगा. नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के आंकड़ों के मुताबिक, यात्रियों की संख्या के हिसाब से भारत के विमानन क्षेत्र में इंडिगो एयरलाइन की 60.2 प्रतिशत की हिस्सेदारी है, जबकि दूसरे स्थान पर एयर इंडिया है, जिसकी हिस्सेदारी 12.2 प्रतिशत है. विस्तारा की हिस्सेदारी 9.9 प्रतिशत है और एयर एशिया की हिस्सेदारी 6.1 प्रतिशत है. टाटा समूह के तहत उड़ान भरने वाली एयरलाइंस की कुल हिस्सेदारी 28.2 प्रतिशत है. इधर, बाजार पूंजीकरण के आधार पर लंबी छलांग लगाते हुए इंडिगो जनवरी, 2024 में एयर चाइना एयरलाइन को और फरवरी, 2024 में सिंगापुर एयरलाइन को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी एयरलाइन बन गई. विगत 6 महीनों में इंडिगो एयरलाइन के शेयर में 50 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है, जबकि पिछले एक साल में इसके शेयर ने निवेशकों को 102.55 फीसदी प्रतिफल दिया है. इंडिगो का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एयरलाइन बनना इंडिगो और इसके शेयर होल्डर्स के लिए हर्ष का विषय है, लेकिन जरूरतमंद यात्रियों के लिए खुशी की बात नहीं, क्योंकि इंडिगो का एकाधिकार बढ़ने और दूसरी एयरलाइन का परिचालन लगातार अवरुद्ध रहने से हवाई टिकट बहुत महंगे हो गये हैं. आज हवाई जहाज से यात्रा करने वाले यात्रियों में जरूरतमंदों की संख्या अधिक है. मौज-मस्ती के लिए यात्रा करने वालों के लिए एयर टिकट की कीमत मायने नहीं रखती, लेकिन किसी बीमार के इलाज के लिए सफ़र करने, नौकरी में योगदान देने, जरूरी मीटिंग में शामिल होने के लिए यात्रा करने वालों के लिए लगातार एयर टिकट की कीमत बढ़ना मुश्किल का सबब बन गया है. यात्रा वेबसाइट इक्सिगो के एक विश्लेषण के अनुसार, 1 से 7 मार्च की अवधि की तुलना में 1 से 7 अप्रैल तक कुछ हवाई मार्गों पर किराया 39 प्रतिशत तक बढ़ा है. इस अवधि में दिल्ली से बेंगलुरु उड़ानों के लिए एक तरफ का किराया 39 प्रतिशत तक बढ़ गया है, जबकि दिल्ली से श्रीनगर किराये में 30 फीसदी बढ़ोतरी हुई. देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो एयरलाइन के पास 320 से ज्यादा विमानों का बेड़ा है, जो हर दिन 1900 से ज्यादा फेरे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय शहरों में लगाते हैं. हालांकि, इंडिगो के दिसंबर, 2023 में 74 विमानों के बेड़े जमीन पर खड़े थे. वहीं, गो फर्स्ट, स्पाइसजेट, एयर इंडिया और विस्तारा के 90 विमान जमीन पर खड़े थे. जानकारों के अनुसार आगामी कुछ महीनों में 200 से अधिक विमान खड़े हो जायेंगे. वर्ष 2024 में 150 नये विमानों को घरेलू उड़ान हेतु बेड़े में जोड़ा गया है, जो पिछले साल जोड़े गए नए विमानों से 34 प्रतिशत अधिक है. फिर भी, यह संख्या घरेलू मांगों को पूरा करने में असमर्थ है. घरेलू यात्रियों की संख्या में वर्ष-दर-वर्ष 24 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है. वर्ष 2023 में घरेलू यात्रियों की कुल संख्या बढ़कर 15.2 करोड़ से अधिक हो गई है. इस साल विमानन उद्योग मांग के अनुरूप क्षमता बढ़ाने में चुनौतियों से जूझ रहा है. यहां तक कि घरेलू मार्गों पर बड़े विमानों का उपयोग कर रहा है. बावजूद इसके, मांग और आपूर्ति में बड़ी खाई बनी है. इंडिगो को छोड़कर दूसरी एयरलाइंस की उड़ानें गाहे-बगाहे रद्द होने के कारण और यात्री मांग में मजबूती बने रहने से हवाई किराये में 20-25 प्रतिशत बढ़ोतरी पहले ही हो चुकी है. गर्मियों में घरेलू उड़ानों के लिए यात्रियों को एयर टिकट के लिए अधिक भुगतान करना पड़ रहा है. पहाड़ों की ओर जाने वाली सभी एयरलाइंस के टिकटों की कीमत आसमान छू रही है. ग्रीष्म अवकाश के दौरान एयर टिकट की कीमत और भी बढ़ने का अंदेशा है. हालांकि, डेढ़-दो साल पहले भारत में एयर टिकट की कीमत दुनिया में काफी सस्ती थी. नागरिक उड्डयन और इस्पात मंत्री के अनुसार, एयर टिकट की कीमत मांग और आपूर्ति के आधार पर तय होती है.

> इस साल विमानन उद्योग मांग के अनुरूप क्षमता बढ़ाने में चुनौतियों से जूझ रहा है. यहां तक कि घरेलू मार्गों पर बड़े विमानों का उपयोग कर रहा है. बावजूद इसके, मांग और आपूर्ति में बड़ी खाई बनी है. इंडिगो को छोड़कर दूसरी एयरलाइंस की उड़ानें गाहे-बगाहे रद्द होने के कारण और यात्री मांग में मजबूती बने रहने से हवाई किराये में 20-25 % बढ़ोतरी पहले ही हो चुकी है.

### मीडिया में अन्यत्र

## उपलब्धियों व विकास के बजाय नकारात्मकता



**हम कहते** नहीं थकते कि देश का विकास कुलांचे भर रहा है. हम दुनिया की सबसे तेज गति वाली अर्थव्यवस्था हैं. अभी पांचवें स्थान पर हैं व जल्दी ही तीसरे स्थान पर होंगे. ये ज्ञान की सदी है. 21वीं सदी भारतीय युवाओं की है. हम चांद पर पहुंचे. हमने मंगल के दरवाजे पर दस्तक दी. हमारी ओलंपिक में उपलब्धियां रहीं. पैरा ओलंपिक में हमारे मेडलों का सैकड़ा पहली बार आया. अकसर ये हमारे मीडिया की सुर्खियां हुआ करती थीं. लेकिन सवाल है कि आम चुनाव के तीसरे चरण तक आते-आते देश का राजनीतिक विमर्श इतना नकारात्मक क्यों हो गया? आखिर क्यों हम देश की जनता को सकारात्मक मुद्दों पर चुनाव में मतदान करने के लिये प्रेरित नहीं कर सकते? अब सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, मुद्दों में नकारात्मकता व आक्रामकता क्यों है? क्यों राजनीतिक दलों के नेता आमने-सामने बैठकर अपने कार्यकाल की उपलब्धियों व भविष्य के एजेंडे को लेकर जनता से रूबरू नहीं होते? अमेरिका व अन्य विकसित देशों में शीर्ष राजनेताओं द्वारा लंबी बहसों से जनता को समझाने का प्रयास किया जाता रहा है. आखिर अमृतकाल के दौर में पहुंचकर भी देश में मतदाता इतना जागरूक क्यों नहीं हो पाया है कि उसे क्षेत्रवाद, धर्म-संप्रदाय, जातिवाद और अन्य संकीर्णताएं न लुभा सकें? क्यों चुनाव आयोग की मुहिम में बरामद रिकॉर्ड मूल्य की वस्तुओं में आधा मूल्य नशीले पदार्थों का होता है? क्यों छोटे-छोटे प्रलोभनों के जरिये मतदाता बहकते हैं? कहीं न कहीं हमारे नेताओं ने देश के जनमानस को पूरी तरह लोकतंत्र के प्रति जागरूक करने के बजाय संकीर्णता के शार्टकट से अपना उल्लू सीधा करना चाहा है. निस्संदेह, देश में साक्षरता का प्रतिशत बढ़ा है. सोशल मीडिया के जरिये समाज में जागरूकता आई है. लोग सार्वजनिक विमर्श में अखबार व अन्य मीडिया की भाषा बोलते नजर आते हैं. तो फिर वे मतदान करते समय क्यों बहक जाते हैं? आखिर क्यों कहा जाता है कि फलां जगह पचास प्रतिशत या साठ प्रतिशत मतदान हुआ है? आखिर पचास प्रतिशत या चालीस प्रतिशत वोट न देने वाले लोग कौन हैं? यहां एक तथ्य यह भी है कि यदि आम चुनाव के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग धर्म, सांप्रदायिकता, क्षेत्र, जाति व अन्य संकीर्णताओं का सहारा ले रहे हैं तो कहीं न कहीं एक वजह यह भी है कि आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी लोग इन मुद्दों की तरफ आकर्षित होते हैं? कई जगह सत्ता पक्ष के खिलाफ चुनावों में नाराजगी दिखायी देती है तो जनता फिर दूसरे राजनैतिक दल को सत्ता सौंप देती है. यह उसके पास विकल्प न होने की स्थिति होती है, लेकिन फिर दूसरा दल भी उन्हीं संकीर्णताओं को अपना एजेंडा बनाकर चुनाव मैदान में आ जाता है. **(दैनिक ट्रिब्यून)**

### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## साधना/आराधना/उपासना

**बनेगी** आशा इक दिन तेरी ये निराशा. काहे को रोये, चाहे जो होये, पूरी होगी तेरी आराधना. काहे को रोये. पारिवारिक जीवन में घोर निराशा झेल रही एक भारतीय नारी को इन पंक्तियों ने अवश्य ही सशक्त सांत्वना दी है. ये पंक्तियां सन् 1969 में आयी फिल्म आराधना के लिए आनंद बक्शी द्वारा लिखी गयी हैं तथा तब के दिग्गज संगीतकार सचिनदेव बर्मन की आवाज में प्रस्तुत हुई हैं. गीत को सुनने से ऐसा लगता है कि किसी दुखियारी को सांत्वना दी जा रही है कि उसकी निराशा आशा में बदल जाएगी और उसकी आराधना अवश्य ही पूरी होगी. कहते हैं सच्चे दिल से की गयी आराधना कभी विफल नहीं होती. अर्थ के दृष्टिकोण से आराधना जैसे ही साधना और उपासना शब्द भी हैं. तीनों तत्सम स्त्रीलिंग शब्द हैं. हालांकि इन तीनों में अंतर भी है. वर्धा हिंदी शब्दकोश ने आराधना का अर्थ बताया है पूजा, सेवा उपासना. जो आराधना करता है उसे आराधक कहते हैं और जो उपासना करता है उसे उपासक. इस शब्दकोश के अनुसार उपासना का अर्थ है आराधना, अर्चना, प्रार्थना, सेवा, भक्ति. साधना का अर्थ बताया गया है कार्य सिद्ध या संपन्न करने क्रिया, एकाग्र तप, कठिन परिश्रम, सिद्धि, आराधना, उपासना, तीर से निशाना लगाना, शरसंधान. अब इनके बीच के सूक्ष्म अंतर पर विचार करते हैं. आराधना का अर्थ है अपने आराध्य या पूजनीय की सेवा, पूजा या उपासना करना, जिससे आराध्य प्रसन्न हो सकें. वहीं साधना उसे कहते हैं, जो कार्य सिद्धि के लिए कठिन परिश्रम, तप, निरन्तर अभ्यास और अध्ययन आदि किया जाए. यदि यह साधना ईश्वर प्राप्ति के लिए है तो आराधना के साथ-साथ यम, नियम आदि अष्टांग योग भी साधना के अन्तर्गत ही आ जाएंगे. संक्षेप में कहा जा सकता है कि घर, मंदिर या किसी अन्य पूजा स्थलों में दिव्य शक्ति के पास जाके बैठना उपासना, उसके गुणगान, आरती, भजन-कीर्तन करना आराधना तथा ध्यान लगाकर, मंत्र जाप करना साधना कहलाता है.

# श्रोता को करिए नमन, चरणों में सौ बार

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश




श्रोता को करिए नमन, चरणों में सौ बार.
हँस दे तो महती कृपा , कवि का बेड़ा पार.
कवि का बेड़ा पार , नहीं तो सिर को धुनिए.
श्रोता को दें दाद , मान देने को चुनिए.
कहते रवि कविराय, टिका श्रोता पर होता.
कवि सम्मेलन फ्लॉप,नहीं हँसमुख यदि श्रोता

दुर्भाग्य से श्रोता के महत्व का अभी तक सही प्रकार से मूल्यांकन नहीं हो पाया है. जबकि वह न केवल हर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाता है, बल्कि समस्त कार्यक्रम की सफलता का भार भी उसके ऊपर ही रहता है. हास्य कवि सम्मेलन को ही ले लीजिए! अगर श्रोता न हंसे तो दो कविताएं सुनाने के बाद हास्य-कवि को पसीना आने लगेगा और वह या तो अपनी क्षमता पर संदेह करने लगेगा अथवा यह सोचने पर विवश हो जाएगा कि उसके विरुद्ध ऐसा गंभीर कुचक्र किन लोगों ने रचा है? श्रोता की एक हंसी हास्य-कवि को सफलता के शीर्ष पर ले जाती है. गंभीर कविताओं के श्रोता और भी मुश्किल से मिलते हैं. उनके चेहरे को देखो तो लगता है किसी भारी-भरकम आत्म-चिंतन में डूबे हुए हैं. ऐसे लोगों को गंभीर कविता सुनाई जाए अथवा न सुनाई जाए, वे गंभीर ही रहते हैं. कवि सम्मेलन हो या फिर कोई अन्य कार्यक्रम, सभी में सारा परिश्रम श्रोताओं को बुलाने का रहता है. वक्ता को बुलाने में आजकल दो मिनट लगते हैं. फोन कीजिए, वक्ता तैयार. उसके बाद एक महीने तक श्रोताओं के लिए ही पापड़ बेलने पड़ते हैं. कई बार भारी-भरकम प्रचार के बाद भी श्रोता नहीं आते हैं और कार्यक्रम असफल हो जाता है. जिन कार्यक्रमों में श्रोताओं की भीड़ उमड़ पड़ती है, उनसे आयोजक गदगद हो जाते हैं. अच्छे श्रोता देखकर वक्ता का मन खिल खिल उठता है. कई बार ऐसे श्रोता पल्ले पड़ जाते हैं, जो वक्ता के वक्तव्य को बिल्कुल भी नहीं समझ पाते. लेकिन ऐसे श्रोताओं के सामने भी वक्ता को इस निपुणता के साथ अपना वक्तव्य प्रस्तुत करना होता है मानो उसके श्रोता बहुत समझदार हैं. यही भूमिका श्रोता भी निभाते हैं. यद्यपि उनकी समझ में कुछ नहीं आता, लेकिन सिर इतने बढ़िया ढंग से हिलाते हैं कि लगता है इनसे ज्यादा इस दुनिया में वक्ता के वक्तव्य को समझने वाला दूसरा और कोई नहीं है. कई कार्यक्रमों में आकर्षण कुछ भी नहीं होता, लेकिन श्रोता इसलिए जाते हैं, क्योंकि बॉस का कार्यक्रम है. ऐसे में श्रोता अपनी ड्यूटी निभाते हैं. वक्ता को कार्यक्रम से पहले और बाद में श्रोताओं का हार्दिक आभार प्रकट करना चाहिए. हो सके तो कुछ अच्छे श्रोताओं को "श्रोता श्री" जैसे पुरस्कार भी दिए जा सकते हैं. इससे कार्यक्रमों में श्रोताओं का आकर्षण बढ़ेगा.

# सुकून

मोटिवेशन

## अब धारणाओं को बदलने की जरुरत है



डॉ कुमार संजय
शिक्षाविद

*बचपन से आदमी जो देखता, सुनता और पढ़ता है, उस से उसकी धारणा बनती है. ज्यादातर लोग इन धारणाओं के ऊपर विचार नहीं करते और उन्हें ही सही मानते हैं. ये धारणाएं गलत हो सकती हैं और समय के साथ उनमें बदलाव आना चाहिए. आज ऐसी 5 गलत धारणाओं के बारे में बात करने जा रहा हूं, जिन्हें हम सही मानते हैं. समय के अनुसार उनपर पुनः विचार करने की जरूरत है, उनमें बदलाव लाने की जरूरत है.*

1. **अच्छा श्रोता बनें** : लोकप्रिय होना है तो अच्छा श्रोता बनें. आकर्षक व्यक्तित्व के लिए अच्छा श्रोता बनना जरूरी है. इस तरह के सैकड़ों सलाह मिले होंगे. अब जरा बदलाव की जरूरत है. अच्छा श्रोता तभी बनिए जब सामने वाले की बातों से जानकारी बढ़ रही हो, या आपको कुछ लाभ हो रहा हो. अगर बोलने वाला बेकार की बातें कर रहा है, उसकी बातें आपके किसी काम की नहीं, तो कोई जरूरत नहीं है अच्छा श्रोता बनने की. उठिए और विनम्रता से एक्सक्यूज बनाकर वह जगह छोड़ दीजिए. आपका समय बचेगा और दिमाग भी भारी नहीं होगा.

2. **खूब पढ़िए** : बचपन से हमें यह सीख दी जाती है कि हमें खूब पढ़ना चाहिए. सोच कर देखिए, जितना आपने पढ़ा है उसका कितना प्रतिशत हिस्सा आपकी वर्तमान जिंदगी में काम आ रहा है! मुश्किल से 10 से 20%. हम जो क्लास 7 तक पढ़ते हैं, वही जिंदगी भर काम आता है. अब स्पेशलाइजेशन का जमाना है. अपने फील्ड से जुड़ी काम की बातें पढ़ें और अपनी जानकारी बढ़ाएं. वही पढ़ें जिसका आप वर्तमान और भविष्य में प्रयोग कर सकें. जो जानकारी आपको आसानी से इंटरनेट से हासिल हो सकती है, उसे याद करना और उसपर दिमाग लगाना बेवकूफी है.

3. **बड़ों की इज्जत करनी चाहिए** : इज्जत तो सभी की करनी चाहिए, इसमें दो राय नहीं. लेकिन कुछ लोग नजदीकी, तो कुछ दूरी वाली इज्जत के हकदार होते हैं. अफसोस की बात है कि कुछ बड़ों की न तो नजर ठीक होती है, न नजरिया. कुछ बड़े सिर्फ शेखी बघारने में, दूसरों को नीचा दिखाने में या फिर अपनी कट्टरपंथी सोच थोपने में लगे रहते हैं. उनसे नकारात्मक वाइब्स आती है. वे हमारा उत्साह छीन लेते हैं. कुछ बड़ों का साथ बहुत ऊर्जा देने वाला होता है, उनसे बहुत कुछ सीखने, जानने को मिलता है. उनके लिए स्वतः सम्मान की भावना उमड़ पड़ती है. वास्तव में, जो सम्मान पाने के हकदार हैं, उन्हें पूरा मान-सम्मान दीजिए. नकारात्मक लोगों को, बुजुर्गों को दूर से दुआ सलाम कीजिए.


4. **डिग्री से ज्यादा जरूरी है हुनरमंद होना** : जी नहीं, आप कितने भी हुनरमंद रहिए, अगर आपके पास जरूरी डिग्री और सर्टिफिकेट नहीं हैं, तो आपको नौकरी नहीं मिलने वाली. अगर आप सरकारी या प्राइवेट नौकरी करना चाहते हैं, तो शुरू से ही आवश्यक डिग्री और सर्टिफिकेट पर फोकस कीजिए जो उस नौकरी के लिए जरूरी हैं. सरकारी नौकरी में हुनर मायने नहीं रखता, यह कटु सत्य है. एक बार सरकारी नौकरी लग गई, तो वह हुनरमंद हो या न हो, उसे कोई हटा नहीं सकता. हां प्राइवेट में डिग्री के साथ-साथ नॉलेज का होना जरूरी है. तभी आप सफलता की सीढ़ियां चढ़ने में कामयाब होंगे. कहने का तात्पर्य कि आप डिग्री पर भी फोकस करें और हुनरमंद भी बनें. जो पढ़ाई और डिग्री भविष्य में काम नहीं आने वाली, उसपर समय बर्बाद मत कीजिए.

5. **इच्छा शक्ति हो तो कुछ भी हासिल किया जा सकता है** : यह सही नहीं है. सभी की शारीरिक और मानसिक क्षमताएं अलग-अलग होती है. आईआईटी, नीट, यूपीएससी, सीए इस तरह कई परीक्षाएं हैं, जिसमें लाखों छात्र हर साल शामिल होते हैं और उनमें से 10% छात्रों की पढ़ाई और इच्छा शक्ति बहुत टॉप लेवल की होती है. इसके बावजूद वे सफल नहीं होते. इन परीक्षाओं को निकालने के लिए इच्छा शक्ति के साथ-साथ, आईक्यू का स्तर बहुत ऊंचा होना चाहिए, जो बहुत कम छात्रों में होता है. इच्छा शक्ति रहने के बावजूद हर किसी से बिजनेस नहीं हो सकता, हर कोई पैसा नहीं कमा सकता, हर किसी से लेखन नहीं हो सकता, हर कोई कलाकार नहीं बन सकता. इच्छा शक्ति भी उसी फील्ड में लगाइए जिसमें आप बहुत अच्छे हैं, जिसमें आपका आईक्यू लेवल हाई है. और आप पागलपन की हद तक मेहनत कर सकते हैं.

**मूल मंत्र** : कई धारणाएं हैं जिस पर पुन: विचार करने की जरूरत है. लेमनी स्निकेट ने सही कहा है- किसी बात को सिर्फ इसलिए नहीं मानना चाहिए कि वह पारंपरिक है. जहां जरूरत हो, बदलाव लाइए, बदलाव को स्वीकार कीजिए.

मेंस फैशन

## समर का परफेक्ट च्वॉइस है लूज ओवर साइज्ड शर्ट



अनामिका सिंह
फैशन डिजाइनर

समर में मेंस वियर में टी शर्ट सबसे आरामदायक माना जाता है. सॉलिड कलर्स को पहन सकते हैं. लेकिन सबसे बेहतर रंग सफेद है. चाहे किसी भी ब्रांड का हो, पर वार्डरोब में एक व्हाइट टी शर्ट जरूर हो जिसे आप जींस या बरमूडा या शॉर्ट्स के साथ पहन सकते हैं.



गर्मियों में पुरुषों के फैशन का दूसरा विकल्प स्ट्रेट फिट कार्गो पैंट्स और चिनोज है. ये दोनों गर्मियों के लिए बेहद आरामदायक होता है. रंगों की बात करें तो बेज, लाइट ग्रीन, क्रीम या खाकी कलर ले सकते हैं.



इस मौसम में स्ट्रेट फिट जींस भी फैशन व आराम के मामले में बेहतर विकल्प है. डेनिम ब्लू, फेडेड ब्लू या व्हाइट जींस ले सकते हैं. इसे आप लूज शर्ट या टी शर्ट के साथ पेयर कर सकते हैं.



लेनिन शर्ट भी एक कंफर्ट वियर है जो गर्मियों के लिए कॉटन के बाद एक अच्छा फैब्रिक होता है. व्हाइट, ब्राउन, स्काई ब्लू, लैवेंडर, बेबी पिंक आदि कलर इन दिनों चलन में हैं.




इस मौसम में चिल या कूल लुक के लिए ओवर साइज्ड शर्ट पहनिए. यह आप किसी भी लोअर के साथ पेयर कर सकते हैं. लूज ओवर साइज्ड शर्ट एक कूल इफेक्ट देता है और गर्मी का अहसास भी नहीं होता है. दिन में कहीं आउटिंग के लिए यह परफेक्ट च्वॉइस है.

## जब परेशां हो कोई अपना



डॉ सिद्धार्थ सिन्हा
वरीय मनोचिकित्सक, रिनपास, रांची



**बहुत मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं हम जब सोशल मीडिया पर मित्रों की संख्या इतनी अधिक होती है कि हम चाह कर भी कभी सबके नाम नहीं ले सकते, वहीं पड़ोस कौन कहे, परिवार में हमारा अपना कोई मानसिक उथल-पुथल से गुजर रहा होता और हमें खबर तक नहीं होती. कई बार तो कोई मित्र, कोई पड़ोसी, कोई परिजन मानसिक समस्या से पीड़ित होता है और हम यही सोचते रह जाते कि उनकी मदद करें तो कैसे करें. रिनपास के वरीय मनोचिकित्सक सिद्धार्थ सिन्हा बता रहे हैं कुछ ऐसे ही उपाय.**

दिल में संवेदनशीलता इतनी तो बरकरार है कि जब भी हम किसी परिचित, पड़ोसी, रिश्तेदार या मित्र के बारे में जानते हैं कि वह मानसिक तौर पर जूझ रहा है तो उसकी मदद करने के लिए मन में चाहत उठती है. पर कैसे! यही सोच कर कई बार हम ठिठक जाते हैं और मदद के लिए हाथ नहीं बढ़ा पाते. दरअसल इन मामलों में हर बार कोई एक मानक उपाय काम का नहीं होता. इसके लिए अलग-अलग उपाय अपनाने होते हैं. समय के साथ, दोस्तों और परिवारों में एक-दूसरे के प्रति घनिष्ठता और समझ विकसित होती है. 'क्या आप ठीक हैं?' जैसे सरल प्रश्न से भी कई बार अपनी दुविधाओं, समस्याओं को वे साझा कर सकते हैं.

### एक सुरक्षित स्थान बनाएं


आपका साथ एक स्थिर और भरोसेमंद ठिकाना की तरह हो. ताकि आपके पास पीड़ित आ कर आराम पा सके. खासतौर पर अगर कोई कच्ची उम्र का प्रियजन मानसिक परेशानियों से जूझ रहा है तो उसे एक ऐसी संगत दें कि जहां विश्वास कर खुद की भावनाओं को उड़ेल सके. दरअसल इस उम्र के बच्चे बड़े होने और खुद को खोजने की प्रक्रिया से गुजर रहे होते हैं. ऐसे में उनकी आंतरिक दुनिया बेहद उथल-पुथल भरी होती है. ऐसे में एक भरोसेमंद रिश्ता स्थापित करके शुरुआत करें और खुद को एक विश्वसपात्र के रूप में स्थापित करें जो हमेशा आपकी बात सुनने और समर्थन देने के लिए मौजूद रहता है, चाहे कुछ भी हो.

### सुनिए, बस सुनिए

कोई मानसिक स्तर पर परेशान है तो एक सबसे बड़ी और आसान मदद उसकी बातों को सुनकर हम कर सकते हैं. उन्हें सुनिए पर बस सुनिए ही, कोई आरोप-प्रत्यारोप, तत्काल को सुझाव बताना या जजमेंट करने जैसी बातें नहीं करें. उन्हें बिना रुकावट खुल कर बोलने दें, अपनी अनुभूति को अभिवव्यक्त करने दें. उनकी भावनाओं को खारिज किए बिना उन्हें स्वीकार करके उनके अनुभवों को मान्यता दें.

### खुद को शिक्षित करें

कुछ समय निकाल कर मानसिक बीमारियों और उनके लक्षण के बारे में थोड़ी जानकारी हासिल करें. ऐसे में अपने प्रियजन को अधिक प्रभावशाली तरीके से मदद कर पाएंगे. इस मामले में कई ऑनलाइन विश्वसनीय सोर्स आजकल उपलब्ध हैं, कई किताबें आई हैं, अखबारों-पत्रिकाओं में भी समय-समय पर जानकारियां उपलब्ध कराई जाती हैं.



### व्यवहारिक मदद करें

बेहतर हो कि मानसिक समस्या से जूझ रहे अपने प्रियजन को व्यवहारिक सहायता प्रदान करें. यह सहायता खाना बनाने, बाजार से सामान लाने, साफ-सफाई कुछ भी हो सकती है. उनके कंधों पर जो बोझ को जरा सा हल्का करें. ये छोटी छोटी मदद उनकी दुनिया बदलने में सहायक होगी. उन्हें फोकस हो कर परेशानियों से निजात पाने का रास्ता सुझाएंगी.

### उपचार के लिए प्रोत्साहित करें

मानसिक समस्या से जूझ रहे अपने प्रियजन को इस बात के लिए प्रोत्साहित करें कि वे प्रोफेशनल मदद के लिए कदम बढ़ाएं ( अगर अब तक उपचार के लिए प्रयास नहीं किया है तो). एक थेरेपिस्ट या काउंसलर मेंटल हेल्थ चैलेंज को लेकर आवश्यक सहायता और गाइडेंस उपलब्ध करा सकते हैं. यदि वे दुविधा की स्थिति में या बहुत चिंतित हैं तो उन्हें एक अच्छे चिकित्सक को ढूंढने में मदद करें या उनकी अपॉइंमेंट दिला कर साथ जाएं. बेशक यह जरा कठिन काम है और इसके लिए ढेर सारे धैर्य की दरकार होती है.

### सहानुभूति और समझ दिखाएं

जब मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं वाले किसी व्यक्ति का समर्थन करने की बात आती है तो सहानुभूति बहुत मायने रखती है. अपने आप को उनकी जगह पर रखकर देखें और दुनिया को उनके नज़रिए से समझें. खारिज करने वाली टिप्पणियां करने या उनके अनुभवों को बेतुका बताने जैसे कमेंट करने बचें. इसके बजाय, प्रोत्साहन और आश्वासन भरे शब्दों के साथ बात करें.

### संपर्क बनाए रखें

अपने प्रियजन के साथ नियमित संपर्क बनाए रखें, भले ही यह केवल एक संक्षिप्त चेक-इन हो. अकेलापन मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ा सकता है, इसलिए जुड़े रहने से बहुत आवश्यक आराम और सहायता मिल सकती है. उन्हें एक टेक्स्ट संदेश भेजें, उन्हें कॉल करें, या एक साथ नियमित रूप से बाहर जाने का कार्यक्रम बनाएं.

यात्रा वृतांत : संजय डुबरी -1

## हर आदमी के अंदर मौजूद है कहीं न कहीं एक जंगल



राकेश रमण

आदमी प्रगति की सीढ़ियां चढ़कर चाहे जितनी दूर क्यों न चला जाए, यह जंगल उसे हमेशा पुकारता रहता है. यही कारण है कि जब जंगल की पुकार सुनकर दौड़ पड़ने वाले मित्रवर पुलिन दा, जयंतो दा और अपूर्व जी ने मुझे भी साथ चलने के लिए आवाज दी, तो मैं स्वयं को रोक नहीं पाया. वस्तुतः हमारा चार पांच लोगों का दल है जो अक्सर वन्य प्राणी छायांकन की यात्रा पर जंगल जंगल घूमता रहता है. हमारे दलनायक हैं जयंतो दा. जयंतो दा किसी भी काम की तैयारी समय से काफी पूर्व कर लेना और उसकी पूरी जानकारी रखना बेहद आवश्यक समझते हैं और इसे पूरा भी करते हैं. इसलिए उन्होंने न सिर्फ सफारी की बल्कि सफारी तक पहुंचने के लिए रेल यात्रा का टिकट भी समय से काफी पहले बुक करा लिया. अप्रैल 22 तो 28 का समय हमने एक-दो महीने पहले निर्धारित कर लिया था. 22 अप्रैल 2024 को मैं अपनी कार से मेदिनीनगर के लिए निकल पड़ा. मुझे एकल यात्रा भी बहुत भाती है. विशेषकर, सीटी बजाते हुए कार चलाना. रास्ते में मुझे मनिका के जंगल में सड़क के किनारे बंदरों के दल की गतिविधियां हमेशा आकर्षित करती हैं. हालांकि वन विभाग ने उन्हें कुछ खिलाते की मनाही का बोर्ड लगा रखा है, परन्तु यह आने जाने वालों से मिलनेवाला भोजन ही है जिसके आकर्षण में ये जीव यहां बने रहते हैं. पिछली बार जब इस रास्ते पर आया था तो जहां पलाश की लालिमा ने जंगल को एक नया रंग दे रखा था, वहीं इस समय नये नेवेले हरे पत्तों से जंगल बेहद सुंदर और नए रंग में दिखलाई पड़ रहा था.


मेदिनीनगर में पुलिन दा मुझे प्रतीक्षा करते हुए मिले. यहां से हमें मध्य प्रदेश में स्थित संजय डुबरी जंगल सफारी के लिए रेल यात्रा आरंभ करनी थी. नियत समय पर हम दोनों मेदिनीनगर स्टेशन पर प्रतीक्षा कर रहे थे. रेल में हमें जयंतो दा और अपूर्व दा भी मिल गए. चूंकि रात के डेढ़ बज गये थे, अतः हम सो गए. अब पूरे दल की यात्रा आरम्भ हो गयी. सुबह उठे तो बाहर के मनोरम दृश्यों ने आकर्षित कर लिया. रेल से गुजरते हुए बाहर के दृश्य हमेशा आपका ध्यान खींचते हैं. मुझे मोबाइल के जबरदस्त मोह के इस दौर में भी एकटक बाहर देखना अधिक भाता है. देखते देखते नौ बज गए. तो लीजिए, हम सभी संजय डुबरी जाने के लिए मड़वास ग्राम रेलवे स्टेशन पर पहुंच गए. यहां से अपने रिसोर्ट के लिए हमारी यात्रा आरंभ होने वाली है. यूं तो जंगल में पहुंचकर विशेष रूप से बेहद शर्मीले जीव बाघ और उसके बच्चों को देखना एक प्रकार का जुआ है, लेकिन जंगल के नजदीक जाना, उसे अनुभव करना और उसके साथ दिन बिताना अपने आप में इतना रोमांचक और इतना प्रिय काम लगता है कि जैसे आदमी अपने सबसे पुराने घर लौटा हो, अपने पुरखों के पास लौट हो. मड़वास ग्राम से चलते हुए संजय डुबरी जंगल देखने की जिज्ञासा जोर मारने लगी.



नेबुहा का हमारा महलनुमा रिजार्ट



मेदिनीनगर की यात्रा के बीच प्रातः बेला का जंगल



मनिका में सड़क किनारे बन्दर

सारथी अजय लगभग 30 किलोमीटर की सड़क यात्रा के लिए अपने वाहन के साथ, स्टेशन के बाहर करते हमारी प्रतीक्षा हुए मिले. यह 30 किलोमीटर की सड़क यात्रा काफी मनोरम भी और कई दृश्य बहुत ही आकर्षक. यह मध्य प्रदेश के सीधी जिले का भाग है. हम सभी बातें करते हुए और अपनी जिज्ञासा बढ़ाते हुए संजय डुबरी के लिए आगे बढ़ रहे थे. सारथी अजय जी ने बताया कि हम अभी मझौली जाएंगे और मझौली से लगभग 5 किलोमीटर दूर हमारा रिजॉर्ट है जहां आराम करने के बाद हम अपनी पहली जंगल सफारी के लिए निकलेंगे.

मझौली एक छोटा सा कस्बेनुमा शहर है. मझौली से आगे बढ़े तो प्रायः दूर दराज के ग्रामीण और जंगली परिवेश हमें दिखाई दिया. आबादी काफी कम होती हुई और जहां- तहां दुकान मकान. ऐसे में रिसार्ट कैसा होगा, यह शंका होने लगी. जब हमारी गाड़ी रुकी तो चारदीवारी से अंदर प्रवेश करते ही हमें लगा कि वीराने में एक शानदार जगह पर हम आ गए हैं. हमारा रिजॉर्ट एक सुंदर महल के जैसा है और यहां की खूबसूरती अपने आप में बेमिसाल है. इस स्थान का नाम है नेबुहा. (क्रमशः)

इमिग्रेशन स्कैम से बचने के लिए अपनाएं ये तरीका

## विदेश में पढ़ने जाना है तो पहले इन मसलों पर करें विचार

*विदेश में शिक्षा प्राप्त करने का निर्णय एक बड़ा निर्णय है जो कई बिंदुओं पर गंभीर मनन की मांग करता है. कोर्स सलेक्शन से लेकर फाइनेंशियल प्लानिंग तक कई मसले ऐसे होते हैं जिसपर विस्तृत तौर सोचना होता है. इसमें आपको न केवल समय और पैसा निवेश करना होता है, बल्कि अपनी और अपनों की बेशुमार उम्मीदें और सपने भी निवेश होते हैं. देश से बाहर पढ़ना चाहते हैं तो जाहिर है कि इमिग्रेशन स्कैम शब्द से भी वाकिफ होंगे. हाल ही इससे जुड़े कुछ मामले भी सामने आए थे. ऐसे में इससे जुड़ी जानकारी रखते हुए आपको सतर्क रहने की जरूरत है.*

- **संस्थान के बारे में जानकारी हासिल करें**
इंटरनेट और सोशल मीडिया से जानकारी सुलभ हुई है, लेकिन ऑनलाइन माध्यमों से प्राप्त जानकारी को बहुत प्रामाणिक नहीं माना जा सकता है. ऐसे में रिव्यू, वर्चुअल टूर, काउंसलर मीटिंग जैसे माध्यमों से आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आप एक सही कॉलेज का चुनाव कर रहे हैं. ध्यान रखें, इसमें कोई जल्दबाजी न करते हुए खुद को समय दें और सही निर्णय करें.

- **लॉयर की क्रेडिबिलिटी जांचें**
इमिग्रेशन के लिए आपको एक अच्छे और विश्वसनीय वकील की जरूरत भी होती है, ऐसे में एक इमिग्रेशन लॉयर चुनते समय उसकी वेबसाइट, गूगल रिव्यू, प्रशंसा-पत्र जैसे महत्त्वपूर्ण दस्तावेज देखकर फर्म की ऑनलाइन वैल्यू की जांच करें. साथ ही ऐसे लोगों से रिकमंडेशन प्राप्त करें, जिन्हें आप जानते हैं या फिर वे आपके अच्छे परिचित के जानकार हैं.

- **आवेदन से पहले**
दूतावास और वाणिज्य दूतावास के माध्यम से वहां के लिए जरूरी दस्तावेजों के बारे में जानकारी कर लें. दस्तावेजों के संदर्भ में जरूरी चेकलिस्ट का पालन करें और मांगे गए दस्तावेज सबमिट करें या फिर वैकल्पिक दस्तावेजों के बारे में जानकारी हासिल करें.

- **जल्दबाजी करने से बचें**
किसी तरह के स्कैम से बचने के लिए सभी तरह की जानकारियां एकत्र करें. रजिस्टर्ड माध्यमों पर ही भरोसा करें. जल्दबाजी न करते हुए सोच समझकर निर्णय लें.

- **सही हो काउंसलर भी**
विदेश में पढ़ाई के लिए एक सही काउंसलर का चुनाव बेहद जरूरी है. ध्यान रखें कि काउंसलर की बातों पर आंख बंद कर भरोसा न करें, बल्कि उसकी बताई सभी सूचनाओं को स्वयं भी सत्यापित करें और फिर निर्णय लें. चूंकि यह आपका निर्णय होने के साथ ही इसमें खर्च होने वाली पूंजी भी आपकी ही है, इसलिए पूरी सावधानी बरतें और निर्णय के लिए समय लें.



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी



▼ ब्रीफ खबरें

### चोट के बावजूद मैच में खेले लियोनेल मेसी

**मॉन्ट्रियल।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी पहले हाफ में चोटिल होने के बावजूद इंटर मियामी की तरफ से मेजर सॉकर लीग के पूरे मैच में खेले जिसमें उनकी टीम ने मॉन्ट्रियल को 3-2 से हराकर टूर्नामेंट में अपनी लगातार पांचवीं जीत दर्ज की. इंटर मियामी की यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि मेजर सॉकर लीग के इस सत्र में नौ मैच में यह पहला अवसर है जबकि मेसी ने कोई गोल नहीं किया या गोल करने में मदद नहीं की. कनाडा में पहली बार खेल रहे मेसी का बायें घुटने में पहले हाफ में खेल के दौरान चोट लग गई थी. इसके बाद मेडिकल स्टाफ ने दो मिनट तक उनका उपचार किया. वह कुछ समय के लिए मैदान से बाहर निकले लेकिन दर्द के बावजूद जल्द ही वापस मैदान पर लौट आए.

### जिंबॉब्वे ने बांग्लादेश को क्लीनस्वीप से रोका

**ढाका।** कप्तान सिकंदर रजा और ब्रायन बेनेट की शानदार पारियों की मदद से जिंबॉब्वे ने रविवार को यहां पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 8 विकेट से जीत दर्ज करके बांग्लादेश को पांच मैच की श्रृंखला में क्लीनस्वीप नहीं करने दिया. बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद 6 विकेट पर 157 रन बनाए. जिंबॉब्वे ने 18.3 ओवर में 2 विकेट पर 158 रन बनाकर जीत हासिल की. बांग्लादेश ने इस तरह से यह श्रृंखला 4-1 से अपने नाम की. जिंबॉब्वे की पारी का आकर्षण कप्तान रजा और बेनेट के अर्धशतक रहे. रजा ने 46 गेंद पर नाबाद 72 रन बनाए जिसमें 6 चौके और चार छक्के शामिल हैं.

### केएल राहुल के सपोर्ट में उतरे वीरेंद्र सहवाग

**लखनऊ।** पिछले दिनों लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका का वीडियो खूब वायरल हो रहा था. इसमें वो केएल राहुल पर गुस्सा करते हुए दिखाई दिए क्योंकि एलएसजी को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बहुत बुरे तरीके से हार झेलनी पड़ी थी. याद दिला दें कि लखनऊ को हैदराबाद ने 62 गेंद शेष रहते 10 विकेट से रौंदा था. खराब बर्ताव के लिए लोगों ने संजीव गोयनका की जमकर आलोचना की थी. अब पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने संजीव गोयनका पर तंज कसा है. सहवाग के अनुसार संजीव 400 करोड़ का मुनाफा कमा रहे हैं, तो भला उन्हें परेशान होने की क्या जरूरत है. सहवाग ने कहा, ये सब बिजनेसमैन हैं और उन्हें केवल मुनाफे और घाटे की भाषा समझ आती है.

# सीएसके ने आरआर को पांच विकेट से हराया

एजेंसी। चेन्नई

ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तान पारी की बदौलत चेन्नई ने राजस्थान को पांच विकेट से हराया. चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने रविवार को आईपीएल 2024 के 61वें मैच में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को 5 विकेट से मात दी. आरआर ने चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में 142 रन का लक्ष्य रखा, जिसे सीएसके ने 18.2 ओवर में पांच विकेट खोकर हासिल किया. ऋतुराज गायकवाड़ ने कप्तानी पारी खेली. वह 41 गेंदों में 42 रन बनाकर नाबाद रहे. उन्होंने एक चौका और दो छक्के मारे. चेन्नई ने प्लेऑफ की अपनी उम्मीदें को मजबूत करने किया है. उसके 13 मैचों में सात जीत के बाद 14 अंक हैं. वहीं, राजस्थान ने हार की हैट्रिक लगाई है. आरआर को 12 मैचों में चौथी हार झेलनी पड़ी है.

इससे पहले, आरआर के लिए सबसे ज्यादा रन रियान पराग ने बनाए. उन्होंने 35 गेंदों में एक चौके और तीन छक्के की बदौलत नाबाद 47 रन की पारी खेली. सीएसके की ओर से तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह ने तीन और तुषार देशपांडे ने तीन विकेट चटकाए. टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी राजस्थान टीम ने धीमी शुरुआत की. यशस्वी जायसवाल (21 गेंदों में 24) और जोस बटलर (25 गेंदों में 21) ने पहले विकेट के लिए 43 रन जोड़े. यह साझेदारी सातवें ओवर में यशस्वी के आउट होने पर टूटी. पराग ने कप्तान संजू सैसमन (19 गेंदों में 15) के साथ तीसरे विकेट के लिए 42 की साझेदारी की. सैमसन 15वें ओवर में पवेलियन लौटे और तब आरआर का स्कोर 91/3 था. पराग ने ध्रुव जुरेल (18 गेंदों में 28) के संग चौथे विकेट के लिए 40 रन की पार्टनरशिप की. शुभमन दुबे का खाता नहीं खुला.

**चेन्नई ने प्ले ऑफ के लिए अपना दावा पुख्ता किया**

वहीं चेन्नई ने राजस्थान को हराकर प्लेऑफ के लिए अपना दावा पुख्ता कर लिया, जबकि तालिका में दूसरे स्थान पर चल रही राजस्थान का नॉकआउट में पहुंचने का इंतजार बढ़ गया है. चेन्नई की टीम 13 मैचों के बाद सात जीत और छह हार के साथ 14 अंक लेकर तालिका में चौथे से तीसरे स्थान पर पहुंच गई है, जबकि राजस्थान की टीम 12 मैचों में आठ जीत और चार हार के साथ 16 अंक लेकर दूसरे स्थान पर बनी हुई है.

**स्कोर बोर्ड**

राजस्थान रॉयल्स
141/5 (20 ओवर)
चेन्नई सुपर किंग्स
145/5 (18.2 ओवर)




**आइपीएल 2024 : बेंगलुरु ने लगातार पांचवें मुकाबले में हासिल की जीत**

# आरसीबी ने दिल्ली को 47 रन से हराया

- दिल्ली को महसूस हुई ऋषभ पंत की कमी
- दिल्ली के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद खत्म!

एजेंसी। बेंगलुरु

आईपीएल 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लगातार 5वीं जीत दर्ज कर ली है. अपने घरेलू मैदान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को 47 रन से हराया. इस हार के साथ ही दिल्ली के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद लगभग खत्म हो गई है. दिल्ली और आरसीबी दोनों के 13 मैच में 12 पॉइंट हैं. हालांकि दिल्ली का नेट रन रेट माइनस में है और इसी वजह से उसके आगे जाने की संभावना काफी कम है.



चेन्नई की जीत के बाद आरसीबी के लिए भी आगे जाना मुश्किल हो गया है. पहले बैटिंग करते हुए नौ विकेट पर 187 रन बनाए. दिल्ली की टीम आखिरी ओवर में 47 रनों पर ऑलआउट हो गई.

**पाटीदार ने फिर बल्ले से किया कमाल :** रजत पाटीदार ने 32 गेंद में तीन छक्कों और तीन चौकों से 52 रन की पारी खेली. उन्होंने विल जैक्स के साथ तीसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी भी की. जैक्स के बल्ले से 29 गेंद में 41 रन निकले. कैमरन ग्रीन ने अंत में 24 गेंद में नाबाद 32 रन बनाए. दिल्ली की ओर से रसिख सलाम और खलील अहमद ने दो-दो विकेट चटकाए. ईशांत शर्मा, मुकेश शर्मा और कुलदीप यादव ने एक-एक विकेट चटकाया.

दिल्ली के कार्यवाहक कप्तान अक्षर पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. आरसीबी ने चौथे ओवर में 36 रन के स्कोर तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों कप्तान फाफ डु प्लेसी और विराट कोहली के विकेट गंवा दिए. 27 रन बनाने वाले कोहली ने ईशांत शर्मा पर दो छक्के जड़े लेकिन इस तेज गेंदबाज की गेंद पर विकेटकीपर अभिषेक पोरेल को कैच दे बैठे. पाटीदार ने आते ही मुकेश पर तीन चौके मारे जबकि अक्षर का स्वागत छक्के के साथ किया. आरसीबी ने पावरप्ले में दो विकेट पर 61 रन बनाए.आरसीबी के रनों का शतक 10वें ओवर में पूरा हुआ. इस दौरान दिल्ली के फील्डर्स ने पाटीदार और जैक्स को 4 कैच गिराए पाटीदार ने खलील की गेंद पर एक रन के साथ 29 गेंद में अर्धशतक पूरा किया लेकिन अगले ओवर में रसिख सलाम की गेंद पर अक्षर को कैच दे बैठे. जैक्स भी इसके बाद कुलदीप की गेंद पर अक्षर को कैच थमा गए. कैमरुन ग्रीन ने अंत में पारी को संभाला लेकिन इसके बावजूद आरसीबी की टीम अंतिम 10 ओवर में सात विकेट पर 77 रन ही बना सकी. दिनेश कार्तिक का खाता भी नहीं खुला.

**आरसीबी :187/9**
**डीसी : 140/10**

# गुजरात का करो या मरो मुकाबले में मजबूत केकेआर से सामना

एजेंसी। अहमदाबाद

कप्तान शुभमन गिल की फॉर्म में वापसी से उत्साहित गुजरात टाइटंस को अगर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है, तो उसे अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी. गिल ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में शतक जड़कर अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी. यह आईपीएल में उनका चौथा शतक था. उनके अलावा साईं सुदर्शन ने भी शतक लगाया.

प्लेऑफ में जगह बनाने वाली पहली टीम केकेआर के खिलाफ इन दोनों का प्रदर्शन टाइटंस के लिए काफी मायने रखेगा. अभी सात टीम प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई हैं. राजस्थान रॉयल्स (16) और सनराइजर्स हैदराबाद (14) दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं. चेन्नई सुपर किंग्स, दिल्ली कैपिटल और लखनऊ सुपरजाइंट्स के समान 12 अंक हैं. टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 10 अंक हैं और वह अधिकतम 14 अंक तक पहुंच सकते हैं. टाइटंस का नेट रन रेट अच्छा नहीं है और ऐसे में अगर टीम अंतिम चार में जगह बनाती है तो यह किसी चमत्कार से कम नहीं होगा. यह हालांकि निश्चित है कि टाइटंस की टीम अगर मगर के समीकरण में बने रहने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी. टाइटंस के गेंदबाज इस सत्र में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं. उसके तेज गेंदबाजों में निरंतरता का अभाव है जबकि स्पिनर रन लुटा रहे हैं.

चेन्नई के खिलाफ पिछले मैच में हालांकि उसने पहले तीन ओवर में ही तीन विकेट हासिल कर लिए थे. अनुभवी मोहित शर्मा और राशिद खान का गेंदबाजी में प्रदर्शन टीम के लिए काफी मायने रखेगा. बल्लेबाजी में टाइटंस के शीर्ष क्रम को अच्छा प्रदर्शन करना होगा. पिछले मैच को छोड़कर बाकी मैचों में उसके चोटी के बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे. गिल और सुदर्शन ने पिछले मैच में पहले विकेट के लिए 210 रन की रिकार्ड साझेदारी की थी. जहां तक केकेआर का सवाल है तो वह शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेगी. उसे चोटी की दो टीम में बने रहने के लिए बाकी बचे दो मैच में केवल एक जीत की जरूरत है.

**चेन्नई सुपर किंग्स, दिल्ली कैपिटल और लखनऊ सुपरजाइंट्स के 12-12 अंक हैं**

केकेआर ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराकर प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित की. केकेआर के लिए सुनील नारायण अभी तक तुरुप का इक्का साबित हुए हैं. उन्होंने अभी तक 461 रन बनाने के अलावा 15 विकेट के लिए हैं. वेस्टइंडीज के एक अन्य खिलाड़ी आंद्रे रसेल ने भी 222 रन बनाने के साथ 15 विकेट लेकर अपनी छाप छोड़ी है. लेग स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने अभी तक 18 विकेट लिए हैं और वह अच्छी लय में दिख रहे हैं. सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट फिर से टीम को अच्छी शुरुआत देने की कोशिश करेंगे. यहां की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल रही है और यह मैच भी बड़े स्कोर वाला हो सकता है. टाइटंस ने केकेआर के खिलाफ पिछले तीन मुकाबलों में से दो में जीत दर्ज की है लेकिन वह किसी तरह की ढिलाई नहीं बरत सकता है क्योंकि पिछले साल इसी मैदान पर रिंकू सिंह ने अंतिम ओवर में यश दयाल पर लगातार पांच छक्के जड़कर केकेआर को जीत दिलाई थी.

# दीक्षा ने महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारतीय ट्रैक एथलीट के एम दीक्षा ने लॉस एंजिल्स में साउंड रनिंग ट्रैक महोत्सव में महिलाओं की 1500 मीटर में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, जबकि अविनाश साबले पुरुषों की 5000 मीटर स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहे. दीक्षा ने शनिवार को आयोजित प्रतियोगिता में 4 मिनट 4.78 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया. इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने हरमिलन बैंस का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 2021 में वारंगल में राष्ट्रीय



एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 4 मिनट 5.39 सेकेंड के समय के साथ रिकॉर्ड बनाया था. उत्तर प्रदेश के अमरोहा के रहने वाली दीक्षा का पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4 मिनट 6.07 सेकंड था जो उन्होंने 2023 में भुवनेश्वर में राष्ट्रीय अंतरराज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में हासिल किया था. महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में पारूल चौधरी 15 मिनट 10.69 सेकेंड का समय लेकर पांचवें स्थान पर रही, जबकि अंकिता ने इसी स्पर्धा में 15 मिनट 28.88 सेकंड का समय लेकर दसवां स्थान हासिल किया. साबले ने पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में 13 मिनट 20.37 सेकेंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया.

# प्रज्ञाननंदा ने कार्लसन को हराया लेकिन अब भी तीसरे स्थान पर

एजेंसी। वारसॉ

भारत के आर प्रज्ञाननंदा ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन पर एक और जीत दर्ज की लेकिन वह सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज़ शतरंज टूर्नामेंट में अब भी तीसरे स्थान पर बने हुए हैं जबकि चीन के वेई यी ने 2.5 अंकों की मजबूत बढ़त हासिल कर ली है. ब्लिट्ज प्रतियोगिता में अभी नौ दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं. वेई यी सात जीत के साथ 20.5 अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं. कार्लसन के 18 अंक हैं और वह दूसरे स्थान



पर हैं. उनके बाद प्रज्ञाननंदा का नंबर आता है. इस भारतीय खिलाड़ी के हालांकि 14.5 अंक है और ऐसे में खिताब के लिए मुख्य मुकाबला वेई यी और कार्लसन के बीच रह गया है. भारत के अर्जुन एरीगैसी 14 अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं, जबकि पोलैंड के डुडा जान क्रिज़्सटोफ़ 13 अंकों के साथ उनके ठीक पीछे हैं.

# पेरिस ओलंपिक के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रहना चाहते हैं: हरमनप्रीत

संवाददाता। बेंगलुरु

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने रविवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में सभी मैच गंवाने के बावजूद उनकी टीम उन क्षेत्रों की पहचान करने में सफल रही जिनमें सुधार की जरूरत है तथा वह प्रो लीग के यूरोपीय चरण में भाग लेने के लिए तैयार है. तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम को पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के दौरे में सभी पांच मैच में हार का सामना करना पड़ा था, जिससे इस साल होने वाले पेरिस



ओलंपिक के लिए उसकी तैयारी पर सवाल उठने लगे थे. लेकिन कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि टीम ने काफी कड़ी मेहनत की है और टीम का मनोबल काफी ऊंचा है. हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार हरमनप्रीत ने कहा, हम कड़ा अभ्यास कर रहे हैं और अभी इसके अंतिम चरण में हैं. ऑस्ट्रेलिया के दौरे के बाद टीम ने उन क्षेत्रों पर काम किया जिनमें उसे लगा कि सुधार करने की जरूरत है.

उन्होंने कहा, हम जल्द ही प्रो लीग के कुछ महत्वपूर्ण मैच खेलने के लिए यूरोप जाएंगे जहां हमारा सामना अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ग्रेट ब्रिटेन जैसी मजबूत टीमों से होगा. हरमनप्रीत ने कहा, टीम का आपसी तालमेल लगातार बढ़ रहा है तथा अब जबकि पेरिस ओलंपिक के लिए 75 दिन ही बचे हुए हैं तब हम अपनी सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रहने पर काम कर रहे हैं.

# ईशा, अनीष ने ओलंपिक चयन ट्रायल में दूसरी जीत दर्ज की

एजेंसी। नयी दिल्ली/भोपाल

ईशा सिंह और अनीष भानवाला ने रविवार को यहां क्रमशः महिला 25 मीटर पिस्टल और पुरुष 25 मीटर रेपिड फायर पिस्टल के ट्रायल जीतकर ओलंपिक चयन ट्रायल में दूसरी जीत दर्ज की. अनीष ने दिल्ली में इसी स्पर्धा का पहला ट्रायल जीता था जबकि ईशा ने भी दिल्ली में कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में महिला 10 मीटर एयर पिस्टल के दूसरे ट्रायल में जीत दर्ज की थी. मध्य प्रदेश राज्य निशानेबाजी अकादमी (एमपीएसएसए) रेंज में ईशा ने महिला 25 मीटर पिस्टल ट्रायल में पहली जीत दर्ज की. उन्होंने



फाइनल में 43 अंक जुटाए. उनका स्कोर इसी महीने बाकू विश्व कप में कोरिया की किम येजी के विश्व रिकॉर्ड स्कोर से एक अंक अधिक है. मनु भाकर 40 निशाने लगाकर दूसरे स्थान पर रहीं जबकि रिद्धम सांगवान ने 33 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया. सिमरनप्रीत कौर बरार और अभिदन्या पाटिल ने क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया.

# अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में कई संयोजन आजमाने का हमें मौका मिला : सलीमा टेटे

एजेंसी। बेंगलुरु

भारतीय महिला हॉकी टीम की नवनियुक्त कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ छह मैचों की श्रृंखला में टीम को कई संयोजन आजमाने और उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिली जिनमें सुधार की जरूरत है. पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी विजेता टीम की सदस्य रही 22 वर्षीय सलीमा को इस महीने के शुरू में सविता पूनिया की जगह टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था. टीम ने उनकी अगुवाई में दक्षिण



अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला 4-2 से जीती. हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार सलीमा ने कहा, इस श्रृंखला से हमें कई संयोजन आजमाने का मौका मिला. इस श्रृंखला में हमने प्रो लीग के लिए चुने गए सभी खिलाड़ियों को आजमाया. उन्होंने कहा, इस सामूहिक प्रयास से हमें न सिर्फ अपने समन्वय को मजबूत करने में मदद मिली बल्कि इससे हमें अपनी टीम के सभी पहलुओं को समझने का मौका भी मिला. भारत की तरफ से 100 से अधिक मैच खेल चुकी सलीमा ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला से नए खिलाड़ियों को भी सीखने का मौका मिला. उन्होंने कहा, इस श्रृंखला से युवा खिलाड़ियों को भी काफी कुछ सीखने को मिला. उन्हें हमारी टीम की जटिलताओं और उनसे की जा रही अपेक्षाओं के बारे में पता चला. एफआईएच प्रो लीग 2023-24 का यूरोपीय चरण बेल्जियम और इंग्लैंड में होगा.

**बड़ी कामयाबी** दो बार के चैंपियन केकेआर ने मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराकर प्लेऑफ में अपनी जगह बनाई

# हमारी जीत का मंत्र, एक-दूसरे का समर्थन करना : नितीश

एजेंसी। कोलकाता

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के उप कप्तान नितीश राणा का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में उनकी टीम को मिली सफलता की कुंजी उतार-चढ़ाव के दौर में एक दूसरे का समर्थन करना है, जैसा कि वह पिछले दो वर्षों में नहीं कर पा रहे थे. दो बार के चैंपियन केकेआर ने शनिवार को यहां बारिश से प्रभावित मैच में मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराकर प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित की. वह नॉकआउट चरण में जगह बनाने वाली पहली टीम है. यह



2021 के बाद पहला अवसर है जबकि केकेआर की टीम प्लेऑफ में पहुंची है. राणा ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम एक साथ जीतते हैं और एक साथ हारते हैं. हमारे ड्रेसिंग रूम में इसी तरह का माहौल है. एक दूसरे का समर्थन करना बेहद महत्वपूर्ण है और मुझे लगता है कि पिछले एक या दो वर्षों में टीम में इस चीज की कमी थी. केकेआर को सबसे बड़ा झटका पंजाब किंग्स के खिलाफ लगा था. पंजाब किंग्स ने तब 262 रन का लक्ष्य हासिल करके नया रिकॉर्ड बनाया था. राणा ने कहा, उस दिन हमें बहुत बुरा लगा था.

कहा कि मैं उस दिन ड्रेसिंग रूम के माहौल का गवाह रहा हूं. तब केवल तीन या चार खिलाड़ियों ने ही रात का भोजन किया था. नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में पिछले सत्र में टीम की अगुवाई करने वाले राणा ने उंगली की चोट से उबरने के बाद वापसी की है. वह पिछले 10 मैच में नहीं खेल पाए थे. उन्होंने 23 गेंद पर 33 रन की पारी खेली. राणा ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो चोटिल होने के कारण मैं 20-22 दिनों तक बल्ला नहीं छू पा रहा था.

**जगह सुरक्षित**

- केकेआर नॉकआउट चरण में जगह बनाने वाली पहली टीम
- राणा ने उंगली की चोट से उबरने के बाद वापसी की

# भारतीय क्रिकेट में नस्लभेद!

- वर्ल्ड चैंपियन श्रीसंत का खुलासा, जिंदगी भर मुझे मद्रासी कह कर चिढ़ाया गया

एजेंसी। कोच्चि

2007 टी-20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे पूर्व भारतीय क्रिकेटर एस श्रीसंत ने एक बड़ा खुलासा किया है. केरल में पैदा हुए भारत के पूर्व तेज गेंदबाज ने खुलासा किया कि उन्हें पूरे जीवन भर मद्रासी कहकर चिढ़ाया गया. गौरतलब है कि मद्रासी मुख्य रूप से तमिलनाडु के मूल निवासियों को कहा जाता है, लेकिन उत्तर भारत में कुछ लोग समूचे साउथ इंडियन लोगों के लिए इसे एक गाली की तरह इस्तेमाल करते हैं. अक्टूबर, 2005 में नागपुर में श्रीलंका के खिलाफ अपने वनडे करियर की शुरुआत करने वाले श्रीसंत ने श्रीसंत ने द रणवीर शो में कहा, मैं इसे तब से सुन रहा हूं जब मैं अंडर-13 से अंडर-14, अंडर-16 से अंडर-खेल रहा था. तब हमारे पास कोच्चि (टस्कर्स केरल) टीम थी और यह देश के लिए फिर से खेलने जैसा था. उसी शो में श्रीसंत ने खुलासा किया कि अब खत्म हो चुकी कोच्चि टस्कर्स केरल टीम ने अभी तक उनकी सैलरी नहीं दी है. पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज आईपीएल के 2011 एडिशन में आईपीएल का हिस्सा थी, लेकिन बाद में टीम को खत्म कर दिया. भारत के लिए तीनों प्रारूपों में खेलते हुए 169 विकेट हासिल करने वाले श्रीसंत ने कहा, उन्हें बहुत सारा पैसा देना होगा. उन्होंने अभी तक नहीं दिया है.

## ब्रीफ खबरें

### मतदान केंद्रों की ड्रोन कैमरे से होगी निगरानी

**मुंगेर ।** मतदान शांतिपूर्ण और भयमुक्त माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से मतदान केंद्रों को तीन कैटेगरी में बांटा गया है. मुंगेर जिले में पड़ने वाले कुल 693 मतदान केन्द्रों में से 55 को नक्सल प्रभावित, 386 को संवेदनशील तथा 251 मतदान केन्द्र सामान्य श्रेणी में रखा गया है. एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया कि नक्सल प्रभावित मतदान केन्द्रों में पल-पल के मूवमेंट की निगरानी के लिए चार ड्रोन कैमरा की सहायता से बीएसएफ, एसएसबी, सीआरपीएफ और सीएपीएफ के जवान लगातार एरिया डोमिनेशन कर रहे हैं.

### नई नवेली दुल्हन छोड़ कर पति हो गया फरार

**मुजफ्फरपुर ।** शादी के बीस दिन बाद ही प्रेमी अपनी दुल्हन को छोड़कर भाग गया. घटना के बाद अब दुल्हन अपने प्रेमी पति की खोज के लिए लगातार चक्कर काट रही है. घटना के तीन सप्ताह बाद लड़की ने महिला थाना में मामला दर्ज करवाया. मामला अहियापुर थाना क्षेत्र का है. जहां जानवी का नगर थाना क्षेत्र के गोला बांध रोड निवासी आदित्य कुमार उर्फ राजा से पिछले ढाई साल से प्रेम संबंध चल रहा था. इस क्रम में आदित्य ने शादी का प्रलोभन देकर युवती के साथ कई बार शारीरिक संबंध भी बनाया. इस दौरान दोनों ने परिवार के खिलाफ जाकर पांच अप्रैल को रानी सती मंदिर में लव मैरिज कर ली.

### दो दिनों तक बिहार में मौसम रहेगा सुहाना

**पटना ।** मौसम विभाग के अनुसार दो दिनों तक मौसम सुहाना बना रहेगा. सोमवार को कई जिलों में आंधी-पानी और वज्रपात की चेतावनी जारी की है. सूबे में आंधी-पानी की गतिविधियां जारी है. मौसम विभाग के अनुसार बांका, जमुई, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, भागलपुर, पूर्णिया, मधुबनी जिलों में से कुछ जगहों पर आंधी के साथ बारिश की संभावना है. भारतीय मौसम विभाग के अनुसार पटना के साथ-साथ मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, खगड़िया, बेगूसराय, भागलपुर, पूर्णिया, बांका, जमुई, सीतामढ़ी, सहरसा, वैशाली आदि में बादलों का जमघट रहेगा.

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने सारण से चुनाव लड़ रहीं रोहिणी आचार्य पर कसा तंज

# लालू अपनी टूरिस्ट बेटी को भी लेकर आ गए हैं: सम्राट

**संवाददाता । पटना**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने रविवार को पटना में पीएम मोदी के रोड शो से पहले मीडिया से बातचीत में राजद पर जमकर हमला बोला. सम्राट ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर निशान साधते हुए कहा कि उनका पूरा परिवार पलायन कर गया था. लालू का परिवार जंगलराज में भाग गया था.

कहा कि पीएम मोदी और सीएम नीतीश का प्रभाव है कि आज उनका पूरा परिवार बिहार लौट आया है. उन्होंने सारण से चुनाव लड़ रहीं



रोहिणी आचार्य पर तंज कसते हुए कहा कि लालू अपनी टूरिस्ट बेटी को भी लेकर आ गए हैं. उन्होंने दावा किया कि लालू का इस बार भी खाता नहीं खुलेगा. पिछले चुनाव की तरह राजद बिहार में एक भी सीट नहीं

**सम्राट बोले**

- लालू यादव का इस बार भी खाता नहीं खुलेगा
- तेजस्वी पहले माता-पिता के 34 सालों का हिसाब दें

जीतेगी. नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर पलटवार करते हुए सम्राट ने उन्हें संविधान का ज्ञान लेने की नसीहत दी. डिप्टी सीएम ने कहा कि तेजस्वी पहले अपने माता-पिता के 34 सालों का हिसाब दें. बता दें कि पीएम मोदी के बिहार दौरे पर तेजस्वी ने तंज कसा था. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बार-बार बिहार आ रहे हैं, लेकिन बीते 10 सालों में उन्होंने बिहार को क्या दिया, ये नहीं बता रहे हैं. तेजस्वी ने यह भी कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी बिहार के सभी एनडीए नेताओं को नालायक मानते हैं. इसलिए वे बार-बार खुद बिहार आकर रैलियां कर रहे हैं. बता दें कि पीएम मोदी दो दिवसीय बिहार दौरे पर हैं. पटना के बाद सोमवार को वे सारण, हाजीपुर, वैशाली लोकसभा सीट पर एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे.



**पटना :** रविवार को लोकसभा चुनाव प्रचार में रोड शो के दौरान नरेंद्र मोदी के साथ पटना साहिब निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद.(पीटीआई फोटो)

### डेरनी सूतिहार में नीतीश कुमार ने जनसभा को किया संबोधित, बोले

# हमने रोजगार देने का काम किया

**संवाददाता । सारण**

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश की सियासत गर्म है. एक तरफ एनडीए नेताओं का दौरा जारी है तो दूसरी ओर महागठबंधन भी पीछे नहीं है. इसी क्रम में रविवार को चुनावी दौरे पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सारण पहुंचे. सारण लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी के समर्थन में दरियापुर प्रखंड के डेरनी सूतिहार में नीतीश ने एक जनसभा को संबोधित किया. उन्होंने भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की. उन्होंने राजद पर जमकर हमला बोला. साथ ही साथ उन्होंने 2014 के पहले की केंद्र सरकार पर बिहार के लिए कुछ भी विकास का काम नहीं करने का आरोप लगाया और मौजूदा केंद्र की मोदी सरकार की जमकर तारीफ की. नीतीश ने मोदी काल में हुए बिहार के विकास में उनकी भूमिका की तारीफ की. राजद पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि ''उ सब (राजद) आज तक किसी को नौकरी नहीं दिया था. हमलोग (भाजपा-जदयू) जब साथ थे तब ही नौकरी और रोजगार देने का काम किए थे. आज उ सब कहता है कि ऊ नौकरी दिया है. अब हम अब हमेशा इधर रहेंगे. अब उधर नहीं जाएंगे. कांग्रेस बोलती है कि जाति आधारित गणना कराएंगे. हम करा दिए




**लोस चुनाव**

- नीतीश ने नरेंद्र मोदी सरकार की जमकर तारीफ की
- हर गरीब परिवार को दो-दो लाख रुपये दिए जाएंगे

तो स्वीकार नहीं किया. अब कहता है कि जाति आधारित गणना कराएंगे. हम केवल जाति आधारित गणना ही नहीं करवाए हैं. बल्कि उनके आर्थिक स्थिति का भी सर्वे करवाए हैं. इस सर्वे के आधार पर हर गरीब परिवार को 2-2 लाख रुपये दिए जाएंगे. मंच से समर्थकों को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि हमारे पुराने साथी रूडी को पुनः विजयी बनाइए. यही अनुरोध करने आए हैं. बिहार में पहले क्या होता था? ये आप लोग जानते हैं. 2005 से हमलोग साथ काम किए. बीच में हमसे गलती हुई थी कि हमने उनको दो-दो बार मौका दिया. जब साथ आया तब उ सब बहुत गड़बड़ कर रहा था. 1995 से हमलोग का साथ है. आज बिहार में जो भी काम हुआ भाजपा के साथ थे तब काम हुआ था. सीएम ने आगे कहा कि 2005 के पहले जब उनका शासन था. तब उ सब कोई काम बिहार में किया था सब...? साथ आया तो सब गड़बड़ी कर रहा था. खाली अपने परिवार को बढ़ाया है. जब अपने हटना पड़ा तो अपनी बीवी को बना दिया. अपने परिवार को बढ़ाया. दोनों बेटों को बढ़ाया. अब दोनों बेटी को बढ़ा रहा है. हमारे लिए पूरा बिहार एक परिवार है. हमलोग के आने से पहले बिहार में हिंदू-मुसलमान होता था. जबसे हमलोग साथ आए तब सब काम हुआ. स्वास्थ्य व्यवस्था गड़बड़ थी, सड़क, पुल-पुलिया नहीं था.सब कुछ सुधार हुआ.

### संविधान पर खतरा उत्पन्न हो गया है: तेजस्वी यादव

दरभंगा में तेजस्वी यादव ने राजद प्रत्याशी ललित यादव और समस्तीपुर में कांग्रेस प्रत्याशी सन्नी हजारी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया. सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा है कि मैं अभी बहुत कष्ट में हूं. चिकित्सक ने मुझे तीन सप्ताह तक बेड रेस्ट करने को कहा है,



लेकिन कमर में बेल्ट लगाकर और सुई लेकर आप से मिलने आया हूं. तेजस्वी यादव ने कहा कि जब तक मोदी जी को सत्ता से हटाएंगे, नहीं तब तक बेड रेस्ट नहीं करेंगे. अभी संविधान पर खतरा उत्पन्न हो गया है. पीएम मोदी संविधान को बदलना चाहते हैं. आरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को समाप्त करना चाह रहे हैं. उन्होंने कहा कि मुझे अवसर मिला तो 17 महीने में चार लाख नौजवानों को नौकरी दी. साथ ही, चार लाख टोला सेवक, तालिमी मरकज, जीविका दीदी, रसोइया आदि का मानदेय दोगुना किया.

# कई जिलों में वज्रपात, 12 लोगों की हुई मौत

**संवाददाता । पटना**

राज्य में ठनका गिरने से 12 लोगों की मौत हो गई. इसमें बिक्रमगंज में छह, गया में तीन और औरंगाबाद में एक की जान गयी है. वहीं नवादा और जमुई में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई. कई लोग काराकाट से खरीददारी करके घर वापस लौट रहे थे और मौसम खराब होने पर पेड़ के नीचे खड़े थे. इस दौरान ठनका गिरने से 32 वर्षीय ओमप्रकाश और 33 वर्षीय अरविंद साह की मौत हो गई. वहीं, मोहिनी पश्चिम टोला स्थित खलिहान में खड़े छह वर्षीय अभिषेक कुमार की मौत हो गई. कहुआरा गांव में वज्रपात से 20 वर्षीय मजदूर सुनील चौधरी की मौत हो गयी. दिनारा के वेनसागर गांव में किसान और सूर्यपुरा के मठ गोठानी गांव में ठनका से 14 वर्षीय आकाश गिरी की मौत हो गई. वहीं गया में वज्रपात से तीन लोगों की मौत हुई. बोधगया के गंगाबीघा में बिगन चौधरी और चेरकी के खाप गांव में अरमान कुरैशी की जान गई. वहीं फतेहपुर में पशुपालक हीरालाल यादव की वज्रपात से मौत हो गयी. उधर, गोह की बाजार वर्मा पंचायत के महम्मदपुर निवासी विनय यादव के 13 वर्षीय पुत्र सुधीर कुमार की ठनका से मौत हो गयी. बताया जाता है कि वह खेत में भैंस चराने गया था. उधर नवादा जिले के नारदीगंज थाना इलाके में वज्रपात से एक किशोर की मौत हो गई. मृतक की पहचान नारदीगंज थाना क्षेत्र के बिक्कू टोला भागलपुर निवासी कृष्ण चौहान के नौ वर्षीय पुत्र बिक्की कुमार के रूप में की गयी. मौत के बाद घर परिवार में कोहराम मच गया. वहीं जमुई जिले में वज्रपात ने कहर बरपाया. ठनका गिरने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई है. मृतका की पहचान भूलो देवी, 63 साल के रूप में हुई. मृतका भूलो देवी के बेटे सोहित कुमार पंडित ने बताया कि हर दिन की तरह बहियार में बकरी चराने गई थी. अचानक तेज आंधी आई, बारिश भी शुरू हो गई. इसी बीच ठनका गिरा गया और मां उसके चपेट में आ गई जिससे उनकी मौत हो गई.

### बायसी में नदी में डूबने से एक बच्ची की मौत

**पूर्णिया ।** नदी में डूबने से एक बच्ची की मौत हो गई. घटना बायसी थाना क्षेत्र के बायसी पंचायत की है. जहां पूरब टोला होकर बहने वाली परमान नदी में स्नान के दौरान पैर फिसलने से एक छह वर्षीय बच्ची की डूबने से मौत हो गई. परिजनों ने बताया कि बच्ची अपनी सहेली के साथ घर के समीप नदी किनारे स्नान करने गई थी. स्नान करने के दौरान अचानक पैर फिसलने से गहरे पानी में चली गई और डूबकर मौत हो गई. छह वर्षीय सरिता फातिमा पूरब टोला निवासी मुजफ्फर आलम की पुत्री थी. बच्ची की डूबने की सूचना उनके सहेलियों ने परिजनों को दिया.

# मधुबनी के सुखैत में एक ही परिवार के चार लोगों की हत्या

**संवाददाता । मधुबनी**

जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी, दो बच्चों और सास की हत्या कर दी. इस घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गई.

हत्या की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जायजा लिया. पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुट गई. घटना झंझारपुर थाना क्षेत्र के सुखेत गांव की है. आरोपी पवन कुमार महतो ने अपनी पत्नी, दो बच्चों और सास की उस समय हत्या कर दी, जब वे सो रहे थे. आरोपी पवन से कुछ विवाद के बाद उसकी पत्नी पिछले कुछ दिनों से अपने बच्चों के साथ मायके में रह रही थी. इसी बीच पवन ससुराल पहुंचा और उसने इस घटना को अंजाम दिया. पुलिस ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया. घटना के समय घर में मौजूद दो अन्य बच्चे भी मौजूद थे, जिन्होंने दूसरे कमरे में छिपकर अपनी जान बचाई. आरोपी ने किसी पत्थर से कुचलकर हत्या की घटना को अंजाम दिया.

## कारोबार

### मारुति कारों की बिक्री में 30% वृद्धि का लक्ष्य

**नयी दिल्ली ।** मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में उसकी सीएनजी कारों की बिक्री 30 प्रतिशत से अधिक बढ़कर लगभग छह लाख इकाई पर पहुंच जाएगी. कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी ने चालू वित्त वर्ष में लगभग तीन लाख इकाई निर्यात करने का लक्ष्य भी तय किया है. कार्यकारी निदेशक राहुल भारती ने एक विश्लेषक वार्ता में कहा कि सीएनजी में इस साल हमने यात्री वाहनों की लगभग 4.5 लाख इकाइयां बनाईं.

### भारतीय वस्तुओं का निर्यात तीन प्रतिशत गिरा

**नयी दिल्ली ।** वर्ष 2030 तक 1,000 अरब डॉलर के वस्तु निर्यात लक्ष्य को हासिल करने के लिए एक अध्ययन किया जा रहा है. एक अधिकारी ने कहा कि इस अध्ययन के तहत निर्यात लक्ष्य को हासिल करने के लिए जरूरी बुनियादी ढांचे का मूल्यांकन और मुख्य उद्योग समूहों की पहचान की जाएगी. एशियाई विकास बैंक वाणिज्य मंत्रालय के लिए यह अध्ययन कर रहा है. भारत का वस्तुओं का निर्यात 2023-24 में तीन प्रतिशत से अधिक गिरकर 437 अरब डॉलर पर आ गया है.

### 2025 में भारत की इकॉनमी का साइज 4.34 ट्रिलियन डॉलर पहुंच जाएगा

# भारत चौथी बड़ी इकॉनमी बन जाएगी: ईएमएफ

**भाषा । नयी दिल्ली**

विश्व में वही देश शक्तिशाली माना जाता है जिसकी इकॉनमी बेहतर होती है. कोई देश मजबूत इकॉनमी के आधार पर ही व्यापार, तकनीक, रक्षा और अन्य क्षेत्रों में अपनी पकड़ मजबूत कर सकता है. यही उसकी मजबूती का आधार होता है. इस मामले में अमेरिका सबसे आगे है. इसके बाद चीन और जर्मनी और जापान का नंबर है. वहीं भारत इसमें पांचवें नंबर पर है.

लेकिन आज भारत जापान को कड़ी टक्कर दे रहा है. वहीं आईएमएफ का कहना है कि 2025 में डॉलर टर्म में नॉमिनल जीडीपी के आधार पर भारत दुनिया की चौथी बड़ी इकॉनमी बन जाएगा. भारत की इकॉनमी का साइज 4.34 ट्रिलियन डॉलर पहुंच जाएगा जबकि जापान की इकॉनमी 4.31 ट्रिलियन डॉलर रह जाएगी. साल 2010 तक जापान दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी था. केवल अमेरिका ही उससे आगे था. लेकिन अब जापान पर पांचवें नंबर पर खिसकने का खतरा मंडरा रहा है. जापान की इकॉनमी किसी जमाने में रॉकेट की



स्पीड से भाग रही थी. माना जा रहा था कि वह अमेरिका को पीछे छोड़कर दुनिया का सबसे बड़ी इकॉनमी बन जाएगा. आज से 30 साल पहले जापान दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी थी. तब भारत उसके सामने कहीं नहीं टिकता था. 1993 में जापान की इकॉनमी का साइज 4.54 ट्रिलियन डॉलर था जबकि भारत की इकॉनमी 280 अरब डॉलर की थी. लेकिन 1990 के दशक की शुरुआत में जापान की इकॉनमी में सुस्ती का ऐसा दौर आया कि वह आज तक इससे उबर नहीं पाया है. साल 2010 में जापान को पछाड़कर चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी बन गया. पिछले साल जर्मनी ने जापान को चौथे नंबर पर धकेल दिया. बैंक ऑफ जापान ने स्पेंडिंग और इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा देने के लिए साल 2016 में निगेटिव इंटरेस्ट रेट शुरू किया था. इससे दुनियाभर के निवेशकों के लिए येन आकर्षित नहीं रह गया. इससे येन की वैल्यू में और कमी आई.

साल 2012 में जब शिंजो आबे जापान के पीएम बने तो उन्होंने देश की इकॉनमी को पटरी पर लाने के लिए कई घोषणाएं की. बैंक ऑफ जापान ने मॉनीटरी पॉलिसी को नरम बनाया और सरकारी खर्च के

**भारत जापान**

- जापान की इकॉनमी 4.31 ट्रिलियन डॉलर रह जाएगी
- 2010 तक जापान दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी थी
- 1993 में जापान की इकॉनमी 4.54 ट्रिलियन डॉलर थी

जरिए फिस्कल स्टीमुलस दिया गया. इसके अच्छे परिणाम रहे लेकिन स्ट्रक्चरल रिफॉर्म्स पर देश आगे नहीं बढ़ पाया. कोरोना और यूक्रेन युद्ध ने भी जापान की इकॉनमी पर असर डाला. ओईसीडी के मुताबिक जापान की ग्रोथ 0.5% रहने का अनुमान है. जानकारों का कहना है कि जापान विकसित बाजार है और वह भारत जैसे उभरते बाजारों का मुकाबला नहीं कर सकता है. जापान को ग्रोथ के लिए टेक्नोलॉजी, ह्यूमन कैपिटल में निवेश करना होगा. जापान के लिए उसकी करेंसी येन की गिरावट सबसे बड़ी समस्या है. डॉलर के मुकाबले येन में हाल में काफी गिरावट आई है और यह 50 साल के न्यूनतम स्तर पर है.

आज भारत की इकॉनमी जहां रॉकेट की स्पीड से बढ़ रही है. वहीं जापान बमुश्किल से मंदी से बचा है. फोर्ब्स के मुताबिक अमेरिका 27.974 ट्रिलियन डॉलर के साथ दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी बना हुआ है. चीन 18.566 ट्रिलियन डॉलर के साथ इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर है.

यूरोप की सबसे बड़ी इकॉनमी वाला देश जर्मनी इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर है. उसकी इकॉनमी का साइज 4.73 ट्रिलियन डॉलर है. जापान 4.291 ट्रिलियन डॉलर के साथ दुनिया की चौथी बड़ी इकॉनमी है. भारत 4.112 ट्रिलियन डॉलर के साथ इस लिस्ट में पांचवें नंबर पर है.

साल 2014 में भारत दुनिया की दसवीं बड़ी इकॉनमी थी. भारतीय इकॉनमी को एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने में 60 साल का समय लगा था. 2007 में भारत इस मुकाम पर पहुंचा था. भारत की इकॉनमी का साइज 2014 में भारत दो ट्रिलियन डॉलर और 2021 में तीन ट्रिलियन डॉलर पहुंचा था.

# कपड़ा निर्यात पर सरकार विशेष ध्यान दे रही है: सचिव

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

सरकार कपड़ा निर्यात को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दे रही है. बीते वित्त वर्ष (2023-24) में लगातार दूसरे साल कपड़ा निर्यात में गिरावट आई है. इसके बाद सरकार ने निर्यात बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने का फैसला किया है. कपड़ा सचिव रचना शाह ने यह बात कही है. सरकार ने 2030 तक कपड़ा उत्पादों के निर्यात को 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है. अप्रैल, 2023 से मार्च, 2024 के बीच भारत का कुल कपड़ा और परिधान निर्यात 3.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 34.4 अरब डॉलर रहा है. इससे पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 35.5 अरब डॉलर का था. वित्त वर्ष 2021-22 में कपड़ा और परिधान निर्यात 41 अरब डॉलर से अधिक रहा था. कपड़ा सचिव शाह ने कहा कि 2023-24 में भारत के कपड़ा निर्यात में गिरावट की एक बड़ी वजह लाल सागर संकट था. हालांकि, भू-राजनीतिक चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं. कपड़ा सचिव ने कहा कि कुछ निर्यातकों ने पहली तिमाही में अपनी ऑर्डर बुक में सुधार की सूचना दी है और आने वाले महीनों में निर्यात में सुधार होने की संभावना है. शाह ने कहा कि हम उन उत्पादों पर अधिक ध्यान केंद्रित करेंगे जिनमें निर्यात की अधिक संभावना है और हमारी उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना वैश्विक स्तर पर कारोबार वाले उत्पादों पर केंद्रित है. शाह ने यह भी कहा कि हम निर्यात बढ़ाने के लिए नए बाजारों में संभावनाएं तलाशेंगे. उन्होंने कहा कि भारत ने कुछ देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) किए हैं जिससे हमारे लिए कपड़ा निर्यात के अधिक अवसर उपलब्ध होंगे. उन्होंने कहा कि अब निर्यात सुधर रहा है.

## पेज एक का शेष

### मंत्री आलमगीर आलम को ...

ईडी जांच में आए तथ्यों के मुताबिक, जहांगीर के गाड़ीखाना स्थित फ्लैट से जो 31.20 करोड़ रुपए बरामद किए गए थे, वो महज तीन माह में जमा किए गए थे. फ्लैट की खरीद भी कुछ माह पूर्व जहांगीर के नाम पर सिर्फ इसलिए की गई थी, ताकि यहां पैसों को रखा जा सके. मुन्ना सिंह के यहां से बरामद 2.93 करोड़ रुपए भी यहीं शिफ्ट किए जाने थे, लेकिन इससे पहले ईडी की टीम ने छापेमारी कर इन पैसों को बरामद कर लिया.

### पीएम मोदी तानाशाह...

दरअसल वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पति परकला प्रभाकर पहले भी कई बार मोदी सरकार की आलोचना कर चुके हैं. वह पीएम मोदी और भाजपा के आलोचक हैं और उन्होंने इस इंटरव्यू में भी वर्तमान सरकार के प्रदर्शन की निंदा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है. उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अपने कार्यकाल के दौरान आर्थिक संकट से लेकर सामाजिक अशांति तक, सभी पहलुओं में विफल रही है. परकला प्रभाकर ने देश को परेशान करने वाले विभिन्न मुद्दों पर प्रकाश डाला और इसके लिए सीधे तौर पर मोदी प्रशासन की नीतियों और कार्यों को जिम्मेदार ठहराया है.

### चीन से वापस लेंगे अपनी जमीन...

मैंने इंडिया गठबंधन के साथ इस पर चर्चा नहीं की है, लेकिन यह ऐसी गारंटियां हैं, जिससे किसी को कोई समस्या नहीं होगी. मैं यह गारंटी लेता हूं कि इंडिया गठबंधन के सत्ता में आनेके बाद, मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि ये गारंटी लागू हों. मैं पीएम पद का दावेदार नहीं : एक सवाल के जवाब में केजरीवाल ने स्पष्ट किया कि वह इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर पीएम पद के दावेदार नहीं है. लेकिन हम अपनी गारंटियों को अपनी सरकार से लागू करवाएंगे. उन्होंने कहा, पीएम मोदी ने पिछले दस सालों में महंगाई कम करने, हर साल दो करोड़ रोजगार देने, 15 लाख रुपए और किसानों की आय दोगुनी करने समेत कई गारंटियां दी थीं, लेकिन आज तक एक भी गारंटी पूरी नहीं हुई. वहीं मैंने दिल्ली और पंजाब के चुनावों में फ्री बिजली-पानी और अच्छे स्कूल और अस्पताल देने की गारंटी दी थी, जो मैंने पूरी की.

**बाजार विश्लेषकों ने कहा**

### डॉलर के मुकाबले रुपये का उतार-चढ़ाव बाजार की दिशा तय करेगा

# अनिश्चितताओं के बीच जारी रह सकते हैं मौजूदा रुझान

**भाषा । नयी दिल्ली**

शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़ों, कंपनियों के तिमाही नतीजों तथा वैश्विक रुख से तय होगी. विश्लेषकों ने यह राय जताई है. बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि आम चुनाव से जुड़ी खबरों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी. इसके अलावा विदेशी निवेशकों की गतिविधियां, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये का उतार-चढ़ाव भी बाजार की दिशा तय करेगा. स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि घरेलू और वैश्विक दोनों मोर्चों पर काफी आर्थिक आंकड़े आने हैं. घरेलू



मोर्चे पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के साथ थोक महंगाई दर के आंकड़े जारी किए जाएंगे. वैश्विक स्तर पर सभी का ध्यान अमेरिका के उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आंकड़ों पर होगा. मीणा ने कहा कि इसके अलावा फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल के संबोधन पर भी सभी की निगाह रहेगी. इस सप्ताह चीन के औद्योगिक उत्पादन और जापान के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के आंकड़े भी आने हैं. जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि चुनाव के कारण अनिश्चितताओं के चलते घरेलू बाजार में मौजूदा रुझान फिलहाल जारी रहने की संभावना है. उन्होंने कहा कि सप्ताह के दौरान निवेशकों की निगाह अमेरिका और भारत की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति, जापान के जीडीपी के आंकड़ों और फेडरल रिजर्व प्रमुख के बयान पर रहेगी. साथ ही बाजार कंपनियों के तिमाही नतीजों से भी दिशा लेगा. सप्ताह के दौरान डीएलएफ, जोमैटो, भारती एयरटेल और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजे आएंगे. मास्टर कैपिटल सर्विसेज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह नंदा ने कहा कि बाजार का परिदृश्य प्रमुख वैश्विक और घरेलू आर्थिक आंकड़ों से तय होगा. भारत के खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों के अलावा अमेरिका के उत्पादक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों, जापान के जीडीपी आंकड़ों तथा फेडरल रिजर्व प्रमुख के वक्तव्य पर सभी की निगाह रहेगी. मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि कुल मिलाकर हमारा अनुमान है कि बाजार की दिशा कंपनियों के चौथी तिमाही नतीजों के अलावा वैश्विक कारकों तथा चुनाव से जुड़ी खबरों से तय होगी. पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,213.68 अंक या 1.64 प्रतिशत के नुकसान में रहा. वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 420.65 अंक या 1.87 प्रतिशत की गिरावट आई.

### कोयला आयात 7.7% बढ़ कर 26.82 करोड़ टन

**नयी दिल्ली ।** समुद्री मार्ग से ढुलाई की कीमतें घटने और गर्मियों में बिजली की मांग बढ़ने की संभावना के चलते बीते वित्त वर्ष (2023-24) में भारत का कोयला आयात 7.7 प्रतिशत बढ़कर 26.82 करोड़ टन पर पहुंच गया है. बी2बी ई-कॉमर्स कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है. इससे पिछले वित्त वर्ष में भारत ने 24.90 करोड़ टन कोयला का आयात था. मार्च, 2024 में भी भारत का कोयला आयात बढ़ा है. यह पिछले साल के समान महीने के 2.11 करोड़ टन से बढ़कर 2.39 करोड़ टन पर पहुंच गया है. मार्च में आयातित कुल कोयले में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 1.53 करोड़ टन रहा, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष के समान महीने में यह 1.38 करोड़ टन था.

### पीओके में प्रदर्शकारियों व सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़प में एक पुलिस अधिकारी की मौत, 100 से अधिक घायल

# गेहूं के आटे-बिजली की ऊंची कीमतों के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन

एजेंसी। इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कब्जे (पीओके) वाले कश्मीर में गेहूं के आटे और बिजली की ऊंची कीमतों के खिलाफ आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों एवं सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पों में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गयी जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए. घायलों में अधिकतर पुलिसकर्मी हैं. मीडिया रिपोर्ट्स में रविवार को यह जानकारी दी गई. डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, विवादित क्षेत्र में शनिवार को पुलिस एवं अधिकार आंदोलन के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पें हुईं और पूरे इलाके में चक्का जाम कर दिया गया और दुकानें बंद रखी गयी. मीरपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कामरान अली ने डॉन डॉट कॉम को बताया कि सब-इंस्पेक्टर अदनान कुरैशी की इस्लामगढ़ शहर में सीने में गोली लगने से मौत हो गयी. कुरैशी वहां अन्य पुलिसकर्मियों के साथ कोटली और पुंछ जिला होते हुए मुजफ्फराबाद जा रही एक रैली को रोकने के लिए तैनात थे. उन्होंने बताया कि यह रैली जम्मू कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के बैनर तले निकाली गयी थी.



**मुजफ्फराबाद डिवीजन और पुंछ डिवीजन में पूरी तरह हड़ताल रही**

शुक्रवार को हड़ताल के बीच पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद के अलग-अलग इलाकों में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पें हुईं. मुजफ्फराबाद व पुंछ डिवीजन में पूरी तरह हड़ताल रही. क्षेत्रीय सरकार ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन को रोकने के लिए भारी संख्या में पुलिसकर्मी बुलाये हैं. एसएसपी यासीन बेग ने कहा कि एक पुलिस अधिकारी व एक युवा घायल हो गए. पथराव और बोतलें फेंके जाने के बाद पुलिस ने कुछ इलाकों में आंसू गैस के गोले छोड़े और हवाई फायरिंग की.

**पाक में हुए दो आतंकी हमले में 7 सुरक्षाकर्मियों की मौत**

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षाबलों पर हुए दो अलग-अलग आतंकवादी हमलों में कम से कम सात सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई है जबकि दो घायल हैं. अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी. स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि अफगानिस्तान की सीमा से लगे उत्तरी वजीरिस्तान जिले के हसन खेल में शनिवार को पहला हमला किया था. आतंकियों ने बम निरोधक इकाई को निशाना बनाते हुए विस्फोट किया, जिसमें पांच सुरक्षाकर्मी मारे गए और दो अन्य घायल हो गए थे. पाकिस्तानी समाचार पत्र 'डॉन' ने एक अधिकारी का हवाला देते हुए बताया कि विस्फोट करने के तुरंत बाद आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी. स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य घटना में आतंकवादियों ने शनिवार को उसी जिले के सीमान इलाके में एक सुरक्षाचौकी पर हमला किया, जिसमें दो सुरक्षाकर्मी मारे गए. उन्होंने कहा कि सुरक्षाकर्मियों के शवों और घायलों को विमान के जरिए बन्नू के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया. सुरक्षाबलों ने हमलों के तुरंत बाद इलाकों की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया.

### गृह मंत्री बोले-पीओके लेकर रहेंगे

## रायबरेली में कमल खिला दो, 400 पार अपने आप ही हो जाएगा : शाह

एजेंसी। रायबरेली/कौशांबी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता अमित शाह ने रविवार को पार्टी के '400 पार' के नारे को दोहराया और लोगों से कहा कि 'रायबरेली में कमल खिला दो, चार सौ पार अपने आप हो जाएगा.' कांग्रेस के गढ़ कहे जाने वाले रायबरेली से भाजपा के उम्मीदवार के समर्थन में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि 'देश भर में जहां जाते हैं चार सौ पार का नारा लगता है. हालांकि इसे दूसरा रुख देते हुए उन्होंने सवाल उठाया कि 'अगर एक ही सीट जीतकर 400 पार का मतलब पूरा हो जाए तो वह करना चाहिए या नहीं करना चाहिए.' भीड़ की ओर से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिलने पर शाह ने कहा कि



'रायबरेली में कमल खिला दो, चार सौ पार अपने आप हो जाएगा.'

वहीं कौशांबी में एक चुनावी जनसभा में अमित शाह ने ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर और फारूक अब्दुल्ला जैसे नेता कहते हैं कि पाकिस्तान का सम्मान करो क्योंकि उसके पास परमाणु बम है. शाह ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि 'राहुल बाबा आपको एटम बम से डरना है तो डरिए, हम नहीं डरते, पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है और हम वो लेकर रहेंगे.'

### ब्रीफ खबरें

**सेक्स स्कैंडल की जांच सीबीआई को नहीं देंगे**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर लगे यौन उत्पीड़न मामले की जांच सीबीआई को सौंपने से इनकार करते हुए रविवार को कहा कि उन्हें प्रकरण की जांच कर रहे राज्य पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) पर भरोसा है. उन्होंने ऐसी मांग करने के लिए भाजपा पर सवाल उठाते हुए पूछा कि उसे पुलिस पर भरोसा क्यों नहीं है. उन्होंने भाजपा पर "निष्पक्ष जांच" कर रही एसआईटी के बारे में लोगों के मन में भ्रम पैदा करने के उद्देश्य से भ्रामक बयान देने का आरोप लगाया.

**दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस पर हादसा, तीन की मौत**

**जयपुर।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस पर रविवार सुबह सड़क हादसे में पति-पत्नी सहित तीन लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए. यह हादसा बांदीकुई (दौसा) के ऊंनबड़ा गांव के पास सुबह लगभग पांच बजे हुआ. बांदीकुई के थानाधिकारी सुरेंद्र मलिक ने बताया कि मार्ग पर अचानक गाय आने से तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई, जिससे इसमें सवार लोग नुकसान का जायजा लेने के लिए उतरे तो पीछे से एक ट्रक ने उनके वाहन को टक्कर मार दी एक और अन्य ट्रक ने उन लोगों को कुचल दिया.

**इंडोनेशिया में सड़क हादसे में 11 की मौत**

**बांडुंग (इंडोनेशिया)।** इंडोनेशिया के पश्चिम जावा प्रांत में ब्रेक खराब होने के बाद एक बस के कई कार और मोटरसाइकिलों से टकरा जाने की घटना में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गयी. मरने वालों में अधिकतर छात्र थे. अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी. पश्चिम जावा पुलिस के प्रवक्ता जूल्स अब्राहम एबास्ट ने कहा कि शनिवार देर रात बस 61 छात्रों और शिक्षकों को लेकर एक समारोह के बाद बांडुंग के पहाड़ी रिसॉर्ट क्षेत्र से राजधानी जकार्ता के बाहर डेपोक में स्थित एक हाई स्कूल में लौट रही थी.

**सुअर की किडनी लगवाने वाले की दो माह बाद मौत**

**बोस्टन।** आनुवंशिक रूप से संशोधित सुअर की किडनी प्रतिरोपित कराने वाले पहले व्यक्ति की इस प्रक्रिया से गुजरने के लगभग दो महीने बाद मौत हो गई. उसके परिवार और अस्पताल ने शनिवार को यह जानकारी दी. रिचर्ड रिक स्लेमैन (62) नामक व्यक्ति में मार्च में 'मैसाचुसेट्स जनरल हॉस्पिटल' में किडनी प्रतिरोपित की गई थी. चिकित्सकों ने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि किडनी कम से कम दो साल तक ठीक रहेगी. प्रतिरोपण करने वाली टीम ने कहा कि उनके पास ऐसा कोई संकेत नहीं है कि प्रतिरोपण के कारण उनकी मौत हुई है.

**बहाल हो रही हैं एआई की उड़ानें, लौटे चालक**

**मुंबई/नई दिल्ली।** एयर इंडिया एक्सप्रेस धीरे-धीरे अपनी उड़ानें बहाल कर रही है और नेटवर्क को स्थिर कर रही है. एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी. दूसरी ओर चालक दल यूनियन ने बताया है कि बीमार होने की सूचना देकर छुट्टी पर गए उनके सभी सदस्य काम पर लौट आए हैं. अधिकारी ने कहा कि टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने रविवार को कम से कम 20 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी हैं और मंगलवार सुबह तक स्थिति पूरी तरह सामान्य होने की उम्मीद है.

### पीएम बोले-सीएए कोई रद नहीं कर सकता, ममता ने कहा-भाजपा की साजिश उजागर

# संदेशखालि पर फिर भिड़े मोदी व ममता

संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ यौन शोषण के आरोप सामने आने के बाद पिछले कुछ समय से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और प्रदेश की सत्तारूढ़ पार्टी के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जोरों पर है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तृणमूल कांग्रेस पर 'वोट बैंक' की राजनीति का आरोप लगाया और दावा किया कि राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के 'गुंडे' दोषियों को बचाने के लिए संदेशखालि की प्रताड़ित महिलाओं को धमकी दे रहे हैं. वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पलटवार करते हुए प्रधानमंत्री मोदी पर संदेशखालि के बारे में लगातार 'झूठ फैलाने' का आरोप लगाते हुए सवाल किया कि वह राज्यपाल सीवी आनंद बोस के खिलाफ छेड़छाड़ के आरोपों पर चुप्पी क्यों साधे हुए हैं? उनसे इस्तीफा देने के लिए क्यों नहीं कहा जा रहा है? इस बीच, संदेशखालि घटना के संबंध में एक और कथित वीडियो सामने आया है, जिसमें 70 महिलाओं को विरोध-प्रदर्शन के लिए दो-दो हजार रुपये देने कादावा किया गया है.

## दोषियों को बचाने के लिए पीड़ितों को धमका रहे टीएमसी के 'गुंडे' : पीएम



एजेंसी। बैरकपुर/हुगली (पश्चिम बंगाल)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के शासन में राज्य में हिंदू दोयम दर्जे के नागरिक बन गए हैं. उन्होंने जोर देकर कहा, 'जब तक मोदी है, कोई भी सीएए (नागरिकता संशोधन कानून) को कोई रद्द नहीं कर सकता.' उन्होंने कहा, 'हम सभी ने देखा है कि तृणमूल कांग्रेस ने संदेशखालि की बहनों और माताओं के साथ क्या किया. टीएमसी के गुंडे अब संदेशखालि में महिलाओं को धमकी दे रहे हैं क्योंकि मुख्य अपराधी का नाम शाहजहां शेख है. टीएमसी संदेशखालि के दोषियों को बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है.' उनकी टिप्पणी सोशल मीडिया पर सामने आए कई कथित वीडियो की पृष्ठभूमि में आई, जिनमें दावा किया गया है कि भाजपा के एक स्थानीय नेता ने संदेशखालि की कई महिलाओं से सादे कागजों पर हस्ताक्षर करवाए जिन्हें बाद में टीएमसी नेताओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायतों के रूप में पेश किया गया. हालांकि, प्रधानमंत्री ने सीधे तौर पर उन वीडियो का जिक्र नहीं किया.

**कांग्रेस को अपने शहजादे की उम्र से भी कम सीटें मिलेंगी**

बाद में हुगली में एक अन्य रैली में मोदी ने दावा किया, 'इस बार कांग्रेस को अपने शहजादे (राहुल गांधी) की उम्र से भी कम सीटें मिलेंगी.' कांग्रेस नेता राहुल गांधी 53 साल के हैं. पिछले हफ्ते, प्रधानमंत्री ने एक रैली में कहा था कि आगामी लोकसभा चुनावों में कांग्रेस 'हाफ सेंचुरी' भी नहीं लगा पाएगी और उसकी सीटों की संख्या अब तक के सबसे न्यूनतम स्तर पर रहेगी. मोदी ने कहा, 'टीएमसी भी सरकार नहीं बना सकती. विपक्ष में भी वह कुछ नहीं कर सकती. कांग्रेस और वाम दल भी सरकार नहीं बना पा रहे हैं. केवल भाजपा नीत राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) ही आपको स्थिर और मजबूत सरकार दे सकता है.' विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर 'तुष्टीकरण की राजनीति' करने का आरोप लगाते हुए मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस और उसके अन्य घटक हार को भांपते हुए अलग-अलग बयान दे रहे हैं. उन्होंने कहा, 'राम मंदिर बना तो इनकी नींद उड़ गई है. इन लोगों ने राम मंदिर का भी बहिष्कार किया हुआ है.

## पीएम लगातार झूठ बोल रहे, लेकिन राज्यपाल पर चुप्पी साध ली : ममता

एजेंसी। बारासात (पश्चिम बंगाल)

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को उत्तर 24 परगना के अमदंगा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को शर्म आनी चाहिए कि संदेशखालि के बारे में 'भाजपा की साजिश' उजागर हो गई है. अमदंगा बैरकपुर लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है. बनर्जी ने एक वीडियो का जिक्र करते हुए कहा, 'प्रधानमंत्री अभी भी संदेशखालि के बारे में झूठ बोल रहे हैं. उन्हें शर्म आनी चाहिए क्योंकि भाजपा की साजिश अब उजागर हो गई है.' वीडियो में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थानीय नेता कथित तौर पर यह कहते दिखते हैं कि 70 से अधिक महिलाओं को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता शाहजहां शेख के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के लिए 2,000 रुपये मिले थे. शेख पर यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने का आरोप



है. पूर्व में एक वीडियो क्लिप में भाजपा के संदेशखालि मंडल अध्यक्ष गंगाधर कयाल से मिलते-जुलते एक व्यक्ति को यह कहते हुए सुना गया था कि विरोध प्रदर्शन नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के इशारे पर किया गया था, जो 'पूरी साजिश' के लिए जिम्मेदार हैं. बनर्जी ने कहा कि राजभवन की एक कर्मचारी द्वारा छेड़छाड़ के आरोपी राज्यपाल के खिलाफ केंद्र की निष्क्रियता भाजपा के 'महिला विरोधी चरित्र' को दर्शाती है. मुख्यमंत्री ने सवाल किया, 'प्रधानमंत्री ने राजभवन में रात्रि प्रवास के दौरान राज्यपाल से इस्तीफा देने के लिए क्यों नहीं कहा?'

**संदेशखालि का एक और कथित वीडियो आया सामने, 70 महिलाओं को विरोध-प्रदर्शन के लिए दो-दो हजार रुपये देने का किया दावा**

**कोलकाता।** आरोप-प्रत्यारोप के बीच, संदेशखालि घटना के संबंध में एक और कथित वीडियो सामने आया है, जिसमें एक स्थानीय भाजपा नेता यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि महिलाओं को तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करने के लिए दो-दो हजार रुपये दिये गए हैं. संदेशखालि का कथित वीडियो 45 मिनट से ज्यादा का है, जिसमें संदेशखालि मंडल अध्यक्ष गंगाधर कयाल जैसे दिखने वाले एक व्यक्ति ने प्रश्नकर्ता को यह बात कही. पिछले सप्ताह के उस वीडियो में भी कयाल ही थे, जिन्होंने कहा था कि बलात्कार के आरोप मनगढ़ंत हैं. 'पीटीआई-भाषा' ने स्वतंत्र रूप से वीडियो की प्रामाणिकता का सत्यापन नहीं किया है. शनिवार रात सामने आए नये कथित वीडियो में कयाल यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि शेख के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करने के लिए 70 महिलाओं को दो-दो हजार रुपये दिये गए थे. वीडियो में कयाल ने कहा, 'हमें 50 बूथ के लिए 2.5 लाख रुपये नकद की आवश्यकता होगी. यहां 30 प्रतिशत प्रदर्शनकारी महिलाएं होंगी. हमें यहां अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लोगों को भी भुगतान कर खुश रखना होगा. किसी भी स्थिति में महिलाएं सबसे आगे रहकर पुलिस से मुकाबला करेंगी." कथित वीडियो पर टिप्पणी के लिए कयाल से संपर्क नहीं किया जा सका, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इसे फर्जी करार दिया. तृणमूल प्रवक्ता रिजु दत्ता ने कहा, 'संदेशखालि पर भाजपा की फर्जी कहानी का सच सामने आ रहा है.'

### कांग्रेस महासचिव ने साधा निशाना

## पीएम ने देश की पूरी संपत्ति चार पांच लोगों को दे दी: प्रियंका गांधी

एजेंसी। रायबरेली (उप्र)

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए उन पर देश की "पूरी संपत्ति चार -पांच अमीर लोगों" को देने का आरोप लगाया. रायबरेली सीट से चुनाव लड़ रहे अपने भाई एवं कांग्रेस उम्मीदवार राहुल गांधी के समर्थन में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए वाद्रा ने कहा, "नरेंद्र मोदी पिछले 10 वर्षों से वाराणसी से सांसद हैं. उन्होंने वहां किसी भी गांव का दौरा नहीं किया है या किसी किसान से नहीं पूछा है कि वह कैसा है." उन्होंने निजीकरण को लेकर प्रधानमंत्री पर हमला बोला. प्रियंका ने कहा, "निजीकरण अपने आप में बुरा नहीं है, लेकिन अगर प्रधानमंत्री देश की पूरी संपत्ति चार-



पांच अमीर लोगों को दे देते हैं, तो यह सही नहीं है." प्रियंका ने आरोप लगाया कि आज देश का कोयला, बिजली, बंदरगाह, हवाई अड्डे सब प्रधानमंत्री के मित्रों के हैं. उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और इंदिरा गांधी का नाम लेते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री होने के बावजूद उन्होंने गांवों का दौरा किया और लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में जाना. वाद्रा ने कहा, "मारे प्रधानमंत्री बड़े-बड़े आयोजन करते हैं जहां आपको कई बड़े पूंजीपति दिखेंगे लेकिन एक भी गरीब आदमी नहीं मिलेगा."

### मोदी को 'निवर्तमान प्रधानमंत्री' कहा

## राहुल गांधी के साथ बहस की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं पीएम : जयराम

एजेंसी। नयी दिल्ली

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी के साथ बहस का निमंत्रण स्वीकार करने की अभी तक 'हिम्मत नहीं जुटाई है.' न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) मदन बी लोकुर, न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अजीत पी शाह और एन राम ने पिछले सप्ताह कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी और प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर लोकसभा चुनाव के प्रमुख मुद्दों पर बहस के लिए एक मंच पर आमंत्रित किया था. रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'प्रधानमंत्री से बहस का निमंत्रण स्वीकार करते हुए राहुल गांधी द्वारा पत्र लिखे एक दिन बीत चुका है. तथाकथित 56 इंच के सीने ने अभी तक निमंत्रण स्वीकार करने की हिम्मत नहीं जुटाई.' रमेश ने प्रधानमंत्री द्वारा



दिए जा रहे साक्षात्कारों को भी 'प्रायोजित' बताया. गांधी ने शनिवार को मोदी के साथ बहस का निमंत्रण स्वीकार कर लिया और यह भी कहा कि देश को उम्मीद है कि प्रधानमंत्री इसमें भाग लेंगे. मोदी को 'निवर्तमान प्रधानमंत्री' बताते हुए रमेश ने यह भी आरोप लगाया कि उनके द्वारा अखबारों और टीवी चैनलों को दिए जा रहे साक्षात्कार 'सुनियोजित' हैं. रमेश ने कहा, 'निवर्तमान प्रधानमंत्री के अखबारों और टीवी चैनलों को दिए गए साक्षात्कार पूरी तरह से एक सफेद झूठ हैं जिसका सामना इन दिनों हमारे देश को करना पड़ रहा है.'

## भाजपा पंजाब व दिल्ली में 'आप' की सरकार गिराना चाहती थी : एके

एजेंसी। नयी दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दावा किया कि उनकी गिरफ्तारी के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पंजाब और दिल्ली में 'आप' की सरकार को गिराना चाहती थी, लेकिन उसका यह मकसद पूरा नहीं हो पाया. दिल्ली के मुख्यमंत्री ने यहां अपनी पार्टी के विधायकों को संबोधित करते हुए कहा, 'मेरी गिरफ्तारी के बाद 'आप' और अधिक एकजुट हो गई है.' केजरीवाल ने कहा, ''मेरी गिरफ्तारी से पहले भाजपा के लोग कहते थे कि वे पार्टी तोड़ देंगे और दिल्ली तथा पंजाब में हमारी सरकार गिरा देंगे. उनकी यही रणनीति थी कि वे मुझे गिरफ्तार कराएंगे, पार्टी तोड़ देंगे, दिल्ली व फिर पंजाब में सरकार गिरा देंगे, लेकिन मेरी गिरफ्तारी के बाद उनकी णनीति विफल हो गई.'

# निज्जर हत्या मामले में कनाडा में चौथा भारतीय नागरिक गिरफ्तार

एजेंसी। वाशिंगटन/ओटावा

खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले में कनाडा के अधिकारियों ने एक और भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया है. इसी के साथ भारत के कनाडा के साथ संबंधों में तनाव की वजह बने इस मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए भारतीय नागरिकों की संख्या चार हो गई है. कनाडा के सरे निवासी अमनदीप सिंह (22) पर हत्या और हत्या की साजिश रचने के आरोप



लगाए गए हैं. निज्जर (45) की 18 जून 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गुरु नानक सिख गुरुद्वारे के बाहर हत्या कर दी गई थी. कनाडाई पुलिस की 'इंटीग्रेटेड होमिसाइड इंवेस्टिगेशन टीम' (आईएचआईटी) ने बताया कि निज्जर की हत्या में सिंह की भूमिका के लिए उसे 11 मई को गिरफ्तार किया गया. एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि वह एक अन्य मामले में पील क्षेत्रीय पुलिस की हिरासत में था.

**चारों हमलावर का बिश्नोई गिरोह से संबंध होने का संदेह**

मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र के हवाले से 'ग्लोबल न्यूज' ने कहा कि ऐसा माना जा रहा है कि निज्जर पर गोली चलाने वाले दो हथियारबंद लोगों में से एक अमनदीप सिंह था. इसके बाद हमलावरों को एक कार से फरार होते हुए देखा गया. सूत्र ने बताया कि अपने सह-आरोपी की तरह सिंह अस्थायी वीजा पर कनाडा पहुंचा और वह हिंसक अपराध में कथित तौर पर शामिल रहा. उसने बताया कि चारों हमलावर का बिश्नोई गिरोह से संबंध होने का संदेह है. सिंह उन पांच लोगों में से एक है जिन पर तीन नवंबर, 2023 को पील पुलिस स्पेशलाइज्ड एन्फोर्समेंट ब्यूरो द्वारा ब्रैम्पटन में आग्नेयास्त्र और नशीली दवाओं के अपराध का आरोप लगाया गया था. आईएचआईटी के जांचकर्ताओं ने इस मामले में तीन भारतीय नागरिकों - करण बराड़ (22), कमलप्रीत सिंह (22) और करणप्रीत सिंह (28) को तीन मई को गिरफ्तार किया था.

**लोस चुनाव** माकपा नेता बोले- गठजोड़ को इस बार 'नीचे से ऊपर' के स्तर पर दिया गया अंतिम रूप

# वाम-कांग्रेस गठबंधन इस बार बेहतर प्रदर्शन करेगा : मो. सलीम

एजेंसी। कोलकाता

माकपा पोलित ब्यूरो के सदस्य एवं पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई के सचिव मोहम्मद सलीम ने दावा किया है कि राज्य में वाम-कांग्रेस गठबंधन 2021 के विधानसभा चुनाव और 2019 के संसदीय चुनाव के दौरान किए गए प्रयासों की तुलना में इस बार बहुत बेहतर प्रदर्शन करेगा क्योंकि गठबंधन को 'वैज्ञानिक आधार पर' 'ऊपर से नीचे' के बजाय 'नीचे से ऊपर' के स्तर पर अंतिम रूप दिया गया है. मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता सलीम मुर्शिदाबाद लोकसभा सीट से वाम-कांग्रेस गठबंधन उम्मीदवार के रूप में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं. इस सीट पर सात मई को मतदान हुआ था. राज्य की 42 संसदीय सीटों में से गठबंधन के तहत वाम दल 30 निर्वाचन क्षेत्रों जबकि कांग्रेस 12 पर चुनाव लड़ रही है. जिन 30 सीटों पर वाम मोर्चा चुनाव लड़ रहा है, उनमें से 23 उम्मीदवार माकपा से हैं जबकि बाकी पर भाकपा, फॉरवर्ड ब्लॉक और आरएसपी के उम्मीदवार मैदान में हैं. माकपा के 23 उम्मीदवारों में से 20 नये चेहरे हैं. सलीम ने एक साक्षात्कार में कहा, 'अनुभव सबसे अच्छा शिक्षक होता है.' उन्होंने कहा, '2023 के पंचायत चुनावों और उससे दो साल पहले के राज्य चुनावों के निष्कर्षों ने नेताओं और जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को सिखाया है कि देश में चरम दक्षिणपंथी ताकतों व राज्य की छद्म-धर्मनिरपेक्ष भ्रष्ट व्यवस्था से लड़ने का एकमात्र तरीका समान विचारधारा वाले दलों का एकजुट होना है.'

**कार्यकर्ताओं की इच्छा पर कांग्रेस के साथ बना गठजोड़**



राज्य में 2019 के आम चुनाव और 2021 के विधानसभा चुनावों में वाम दलों को कोई भी सीट नहीं मिली और राजनीतिक पंडितों ने इनके लिए खतरे की घंटी बजा दी, लेकिन ग्रामीण निकाय चुनावों के दौरान वाम-कांग्रेस गठबंधन ने बंगाल के महत्वपूर्ण हिस्सों में आश्चर्यजनक वापसी की, जहां भाजपा और तृणमूल कांग्रेस को करारा झटका लगा. सलीम ने कहा, 'जो लोग बंगाल और देश के बाकी हिस्सों में वामपंथ का दौर समाप्त होने की घोषणा करने की कोशिश कर रहे थे, उन्होंने शायद बहुत जल्दबाजी की. वर्तमान में हमारा ध्यान 'पुनरुत्थान' पर केंद्रित है.' गठबंधन को लेकर कहा कि जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं की इच्छा का ध्यान रखते हुए वाम नेतृत्व ने कांग्रेस के साथ गठजोड़ किया.

**नेतृत्व की अगली पीढ़ी को सामने लाने पर ध्यान केंद्रित**

वरिष्ठ नेता सलीम ने 'वामपंथ के पुनरुत्थान' के उद्देश्य के तहत नेतृत्व की अगली पीढ़ी को सामने लाने की अपनी पार्टी की नीति पर प्रकाश डाला. सलीम ने कहा, 'हमारे 23 उम्मीदवारों में से केवल तीन ही अनुभवी नेता हैं. पार्टी का विचार उन संभावित प्रतिभाओं पर ध्यान केंद्रित करना है जिनसे हम अगले दो दशकों में बंगाल की राजनीति का नेतृत्व करने की उम्मीद करते हैं.' माकपा नेता ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि भाजपा अंततः बंगाल में 'परस्त' हो जाएगी.

## जेएंडके में एनसी और पीडीपी के कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी

- रिहाई के साथ गिरफ्तारी व उत्पीड़न रोकने की मांग
- श्रीनगर लोकसभा क्षेत्र में सोमवार को होनी है वोटिंग

एजेंसी। श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर लोकसभा सीट से नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रत्याशी आगा रुहुल्लाह मेहदी ने रविवार को दावा किया कि चुनाव से पहले उनकी पार्टी और प्रतिद्वंद्वी पीडीपी के कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया जा रहा है. उन्होंने कार्यकर्ताओं को तत्काल रिहा करने की मांग की. श्रीनगर लोकसभा क्षेत्र में सोमवार को मतदान होना है. प्रभावशाली शिया नेता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, "हमारे कार्यकर्ताओं को कल से पुलिस उठा रही है. मुझे एआर राठेर साहब जैसे वरिष्ठ नेताओं का फोन आया और उन्होंने मुझे चरार ए शरीफ से हमारे कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के बारे में बताया. खानसाहब और चदूरा से भी नेताओं ने फोन कर ऐसी ही सूचनाएं दी हैं." उन्होंने कहा कि क्या निर्वाचन आयोग इन गिरफ्तारियों के बारे में स्पष्टीकरण देगा? मेहदी ने कार्यकर्ताओं की तत्काल रिहाई की मांग की. पीडीपी नेता फिरदौस टाक ने भी सोशल मीडिया पर अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं की कथित गिरफ्तारी और उत्पीड़न को रोकने की मांग की. श्रीनगर लोकसभा सीट से पीडीपी उम्मीदवार वहीद पारा ने शनिवार को आरोप लगाया कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन के कुछ अधिकारी लोकसभा चुनाव में हेरफेर करने की कोशिश कर रहे हैं.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)